वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT 2019



भाकृअनुप– खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर (म.प्र.)

ICAR - Directorate of Weed Research, Jabalpur (M.P.)

ISO 9001 : 2015 Certified



GLOBAL CERTIFICATION SERVICES

Registration Certificate

This is to Certify that

ICAR-DIRECTORATE OF WEED RESEARCH

MAHARAJPUR, ADHARTAL,

JABALPUR-482004, (M.P.), INDIA.

has been assessed by Global Certification services and found to comply the requirements of

ISO 9001 : 2015

Quality Management System

For the following activities :

RESEARCH & TRAINING IN WEED MANAGEMENT

The Validity of Certificate is subject to regular surveillance audit on or before below mentioned dates and it's only valid after successfull surveillance with continuation letter issued by GCS

Initial Date of Certification - 21th December 2016 *Current Date of Certification 21th December 2016*

Date of Expiry : **20 December 2019**

1st Surveillance Audit **November 2017**

2nd Surveillance Audit **November 2018**

Certification Number : **GCS/QMS/0351**

Director

Global Certification Services

REGN NU-UKAF-CB-024

This certificate of registration remains the property of GCS and shall be returned immediately upon request.
GCS is accredited by UK Akkreditering Forum Limited, UK (www.ukaf.org.uk)
5 Jupiter House, Calleva Park, Aldermaston, Reading Berkshire RG78NN UK

Limca

Book of Records

World Record

Directorate of Weed Science Research (DWSR), Jabalpur, Madhya Pradesh, established as National Research Centre for Weed Science on April 22, 1989 and upgraded as DWSR on Jan 23, 2009, is the only institute of its kind in the world in field of weed management research.

Vijaya Ghose

Editor, Limca Book of Records

'LIMCA BOOK OF RECORDS' IS THE COPYRIGHT OF THE COCA-COLA COMPANY. 'LIMCA' IS THE REGISTERED TRADEMARK OF THE COCA-COLA COMPANY
THIS CERTIFICATE DOES NOT NECESSARILY DENOTE AN ENTRY INTO LIMCA BOOK OF RECORDS

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report

2019

भा कृ अनु प – खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
जबलपुर (मध्य प्रदेश)
Jabalpur (Madhya Pradesh)
ISO 9001 : 2015 Certified

उद्धरण
वार्षिक प्रतिवेदन (द्विभाषी). 2019. भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, 165 पृष्ठ.

प्रकाशक
डॉ. पी.के. सिंह, निदेशक

संपादकीय समिति
डॉ. सुशील कुमार
डॉ. आर.पी. दुबे
डॉ. शोभा सौंधिया
डॉ. सुभाष चन्द्र
श्री संदीप धगट

आवरण पृष्ठ रचना
श्री संदीप धगट

Correct Citation
Annual Report (Bilingual). 2019. ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur , 165 p.

Published by
Dr. P.K. Singh, Director

Editorial Committee
Dr. Sushil Kumar
Dr. R.P. Dubey
Dr. Shobha Sondhia
Dr. Subhash Chander
Mr. Sandeep Dhagat

Cover page design
Mr. Sandeep Dhagat

आवरण विषय

आवरण चित्र जंगली जई (*अवेना फतुआ*) नाम की खरपतवार का है जो कि भारत में गेहूँ की फसलों में पाई जाने वाली एक प्रमुख खरपतवार है।

Cover theme

Cover photo is of wild oat (*Avena fatua*) which is one of the important weeds of wheat in India.

प्राक्कथन
PREFACE



खरपतवार सर्वव्यापी हैं और यह कृषि प्रणालियों एवं कृषि उत्पादन के लाभों को कम करके प्राकृतिक एवं कृषि पारिस्थितिक तंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। फसल की उपज और गुणवत्ता को कम करने के अलावा, खरपतवार जैव विविधता, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। पोषक तत्वों का अवशोषण, खेती की लागत में वृद्धि, कीट प्रकोप में वृद्धि, फसल की गुणवत्ता में कमी आदि अप्रत्यक्ष तरीकों से भी ये नुकसान पहुँचाते हैं। कृषि में खरपतवारों से होने वाला नुकसान बहुत अधिक है। यह सभी कृषि कीटों से होने वाले कुल नुकसान का एक तिहाई नुकसान करते हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्रति वर्ष खरपतवार की वजह से ₹ 100000 करोड़ से अधिक की कीमत के 10–15% फसल उत्पादन का नुकसान हो जाता है। खरपतवार की समस्याएँ किसानों के प्रक्षेत्र में किसानों की पारम्परिक सोच के कारण बढ़ रही है क्योंकि खरपतवारों का प्रकोप होने पर कोई प्रत्यक्ष लक्षण दिखाई नहीं देते जबकि कीड़ों और बीमारियों द्वारा फसलों पर लक्षण स्पष्ट दिखाई देते है। इसके अलावा, स्मूदर या फलियों वाली फसल के बिना एकल फसल प्रणाली का उपयोग; गहन जुताई विधियाँ, रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग; मृदा का बार बार सूखना और गीला होना; शाकनाशी पर अधिक निर्भरता; विदेशी खरपतवारों का आक्रमण एवं जलवायु परिवर्तन के कारण खरपतवारों की आक्रामक वृद्धि आदि कई कारण है जिससे खरपतवार कृषि उत्पादन में मुख्य बाधा के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहे है। अतः वर्तमान समय में खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों में निरंतर सुधार और उन्हें परिष्कृत करने की आवश्यकता है जिससे प्राकृतिक एवं कृषि पारिस्थितिक तंत्र में खरपतवारों के खतरे को कम किया जा सके।

खरपतवार पारंपरिक रूप से नियमित हाथ से निंदाई या यांत्रिक तरीकों से प्रबंधित किये जा रहे है। हालांकि, श्रम लागत में वृद्धि के कारण अब इन्हें व्यावहारिक और आर्थिक रूप से व्यावारिक नहीं माना जाता है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लागू की गई गरीबों के कल्याण हेतु योजनाओं (जैसे मनरेगा) के कारण, नियमित निंदाई के लिए श्रम की अनुपलब्धता की समस्या और बढ़ गई है। दूसरी ओर, खरपतवार प्रबंधन के लिए शाकनाशी के उपयोग को इसके सरल अनुप्रयोग, त्वरित परिणाम और खरपतवारों पर लंबे विषैले प्रभाव के कारण व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है। हालाँकि, इसके प्रयोग में भी अनेक समस्याएँ सामने आयी है जैसे शाकनाशी प्रतिरोधी खरपतवारों में बढ़ोत्तरी, अधिक मात्रा में उपयोग के कारण शाकनाशी का कम प्रभाव, उसके बारे में तकनीकी जानकारी की कमी, खाद्य श्रंखला में शाकनाशी की बढ़ती मात्रा आदि। इसके अलावा यह अभी भी कार्य भार, उत्पादन की गुणवत्ता एवं पारिस्थितिक परिणामों को शामिल करते हुए एक चर्चा का विषय है। शाकनाशी से सम्बंधित इन मुद्दों के परिणामस्वरूप विभिन्न विधियों को समाहित करते हुए एकीकृत खरपतवार प्रबंधन विधि अपनाने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। विशेष रूप से सस्य क्रियाएँ जो कि अधिक उचित एवं सतत परिणाम देने वाली है। इसके अलावा, यह सिद्ध हो चुका है कि एकीकृत खरपतवार प्रबंधन में शाकनाशी का उपयोग इनपुट लागत को कम करने की क्षमता रखता है क्योंकि खरपतवार नियंत्रण में श्रम की आवश्यकता बढ़ रही है जिससे कि फसल उत्पादन की कुल लागत का 15–20% हिस्सा खर्च हो जाता है। हालाँकि, शाकनाशियों के प्रयोग में तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है, जिससे उसके संभावित प्रतिकूल प्रभाव से पर्यावरण को बचाया जा सके। इस प्रकार, उपयुक्त खरपतवार प्रबंधन किसानों की आय में वृद्धि के साथ–साथ उत्पादन लागत को कम

Weeds are ubiquitous and pose serious threat to the agro-ecosystems by reducing the benefits of ecosystem services and agricultural production. Besides reducing crop yield and quality, weeds adversely affect biodiversity, animal health and environmental security. They are also known to inflict indirect losses in terms of nutrient drain, increased cost of cultivation, increased pest incidence, decreased crop quality, etc. Weeds cause enormous economic loss in agriculture. They contribute as much as one-third of the total loss caused by all the agricultural pests. In a conservative estimate, 10-15% of the crop production amounting over ₹ 100,000 crores is lost every year due to weeds. Weed problems often get aggravated in crop fields because of the fatalistic attitude of the farmers and timely attention is rarely given towards weed interference. It is probably due to the fact that, unlike insects and diseases, weeds do not exhibit instant symptoms on crop plants.

Adoption of mono-cropping systems devoid of fast growing smother crops or legume, indiscriminate use of chemical fertilizers, alternate wetting and drying, over-reliance on herbicide application, invasion of alien weeds, and changing climatic scenario are playing pivotal role in further elevating weed problems as a major constraint in agricultural production. Therefore, there is need of continuous improvement and refinement of management technologies to combat the emerging weed menace in the ecosystems including agro-ecosystems.

Weeds are traditionally managed by manual removal or by mechanical means. However, because of the steep rise in labour cost, manual method is no longer considered as practical and economically feasible. Implementation of pro-poor welfare schemes of Central and State Governments like MNREGA during the period of peak agricultural activities often aggravate the problem of labour unavailability. Consequently, use of herbicides for weed management is being widely accepted due to its easy application, quick result and long phytotoxic effect on weeds. However, it has already raised several issues like herbicide resistant weeds, less selectivity due to overdose, lack of technical know-how about herbicides, herbicide load in food chain, etc. Moreover, it becomes a tradeoff in between work load, quality of produce and ecological consequences. As repercussions of these issues, it is being accentuated to adopt integrated weed management approaches involving different methods including the cultural practices which are ideal and more sustainable. It is well documented that use of herbicide in integrated weed management has the potential for reducing input cost; as weed control is highly labour intensive and accounts for 15-20% of the total cost of crop production. However, application of herbicides requires technical guidance in order to avoid possible adverse effect on the environment. Appropriate weed management has the potential of increasing the income of the farmers by significantly reducing the cost of production, and thereby can provide the basis of achieving the goal of doubling farmers' income by 2022 as envisaged by Hon'ble Prime Minister of India, Shri Narendra Modi.

करने के क्षमता रखता है जो भारत में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य प्राप्त करने को आधार प्रदान करता है।

खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं जैसे खरपतवार सर्वेक्षण और निगरानी; विभिन्न फसल प्रणालियों के लिए खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का विकास; शाकनाशी प्रतिरोधी खरपतवार की क्रिया विधि एवं संभावित प्रबंधन विधियों का ज्ञान; फसलीय, गैर फसलीय और जलीय स्थितियों में उपस्थित समस्याग्रस्त खरपतवारों की जैविकी एवं उनका प्रबंधन तथा शाकनाशियों के पर्यावरणीय प्रभाव आदि अनुसंधानिक विषयों को शामिल किया जा रहा है। इसके साथ ही लो–डोज़, उच्च क्षमता, अवशेष के बिना, व्यापक क्षमता वाले शाकनाशियों का विकास; स्लो रिलीज़ एवं नैनो शाकनाशी; सटीक अनुप्रयोग तकनीकी; खरपतवार नियंत्रण के लिए रोबोटिक्स और शाकनांशी सहिष्णु फसलों की खेती के लिए भी शोध अनुसन्धान जारी है जिससे कि वर्तमान एवं भविष्य के परिदृश्य में कृषि उत्पादन में खरपतवारों की उभरती चुनौतियाँ से निपटा जा सके।

प्रतिवेदन की अवधि (2019) के दौरान, हमने अपनी अनिवार्य गतिविधियों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया एवं निदेशालय के अनुसंधान और दृश्यता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई नई पहल की हैं। किसानों एवं अन्य हितधारकों को खरपतवार और उनके प्रबंधन की विधियों के विषय में जागरूक करने के लिए कई विस्तार रणनीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है जिससे कि किसान पारम्परिक सोच को छोड़कर उपयुक्त तकनीकियां अपना सकें। इससे अंततः निदेशालय ने फ्लैगशिप कार्यक्रमों जैसे संरक्षित कृषि के अंतर्गत खरपतवार प्रबंधन, फॉर्मर्स फर्स्ट परियोजना, अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) एवं मेरा गाँव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत प्रचुर सफलता प्राप्त की। निदेशालय में संरक्षित कृषि की सफलता ने जबलपुर और आसपास के जिलों में बड़े पैमाने पर संरक्षित कृषि के तहत क्षेत्र का विस्तार करने की नीवं रखी। वास्तव में, जबलपुर और आसपास के जिलों के किसान, अब अधिक संख्या में अपने क्षेत्रों में संरक्षित कृषि के तहत फसल उत्पादन करने लगे है। फॉर्मर्स फर्स्ट परियोजना के तहत, चयनित गांवों में किसानों की आजीविका सुरक्षा और वित्तीय स्थिति के उत्थान हेतु खरपतवार प्रबंधन तकनीकों में सुधार; सही शाकनाशी एवं उनकी अनुप्रयोग तकनीकें; धान, गेहूं, मूंग एवं उड़द की उन्नत किस्में; पशु खनिज मिश्रण; मुर्गी पालन और मत्स्य पालन; खरपतवार से वर्मी–कम्पोस्ट तैयार करना; मशरूम की खेती; अवशेष प्रबंधन के लिए हैप्पी सीडर से बुवाई आदि तकनीकियाँ किसानों को दी गई है।

मैं अत्यंत खुशी के साथ आपके समक्ष निदेशालय का 31वां वार्षिक प्रतिवेदन (वर्ष 2019) प्रस्तुत कर रहा हूँ, जिसमें अप्रैल, 2019 से दिसंबर, 2019 की अवधि के दौरान आयोजित अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण, विस्तार, प्रसार, संपर्क एवं सहयोग, प्रकाशन, पुरस्कार, कार्यक्रम एवं बैठक की उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। हमने पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण प्रगति की है, साथ ही नवाचारों के माध्यम से शोध में गुणात्मक सुधार किया है। और यह सब वैज्ञानिक, प्रशासनिक, तकनीकी एवं सहायक वर्ग के सहयोगियों से प्राप्त सहयोग से ही संभव हो पाया है। मुझे पूर्ण आशा है कि इस निदेशालय के वैज्ञानिक राष्ट्र हित में एक उज्जवल और बेहतर कल के लिए सामूहिक रूप से कार्य करेंगे। मैं डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव, (डेयर) एवं महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.), डॉ. एस. के. चौधरी, उपमहानिदेशक (एन.आर.एम.) का आभारी हूँ जिनकी विशेष रूचि, सहयोग एवं दूरदृष्टि द्वारा निदेशालय की विभिन्न गतिविधियों को सरल बनाने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मैं डॉ. एस. भास्कर, सहायक उपनिदेशक (सस्य विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन) का भी उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिये आभारी हूँ। मैं डॉ. सुशीलकुमार, प्रधान वैज्ञानिक (कीट विज्ञान), संपादकीय टीम एवं अन्य लोगों को बधाई देता हूँ जो इस महत्वपूर्ण दस्तावेज को तैयार करने में अपने सतत प्रयासों के साथ शामिल थे।

जय हिन्द

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 1 जुलाई, 2020

(पी.के. सिंह)
निदेशक

Research is being carried out on different aspects of weed management, viz. weed survey and surveillance; development of weed management technologies for diversified cropping systems; understanding mechanisms of herbicide resistance in weeds and their possible management strategies; biology and management of problematic weeds in cropped, non-cropped and aquatic situations; and environmental impact of herbicides.To tackle the emerging challenges of weed in present as well as future agricultural production scenario, research work are also in the progress to develop technologies by utilizing low-dose, high-potency, non-residual, broad-spectrum herbicide molecules; slow-release herbicides; precision application techniques; robotics for weed control; and cultivation of herbicide tolerant crops.

During the period under report (2019), besides successfully executing the mandated activities, several new initiatives were employed for further strengthening of research and improving visibility of the Directorate. To change the fatalistic mindset of farmers and other stakeholders, immediate interventions were made by successfully implementing several extension programmes for creating awareness & attentiveness about weeds and their management through adoption of appropriate technologies. This has led to successful implementation of different flagship programmes of the Directorate such as Weed management in Conservation Agriculture (CA), Farmer FIRST Project, Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP) and *Mera Gaon Mera Gaurav* programme. The intervention made by the Directorate led to large scale expansion of the area under CA in different parts of the Jabalpur and adjoining districts. Significant numbers of farmers from Jabalpur and adjoining districts are now practicing conservation agriculture in their fields. Under Farmer FIRST Project, improved weed management technologies; efficient herbicides and their application techniques; improved seed varieties of rice, wheat, greengram and blackgram; animal mineral mixtures, poultry and fishery farming; vermi-compost preparation from the weed biomass; mushroom cultivation; sowing by happy seeder for residue management, etc. were successfully introduced in the selected villages for livelihood security and socio-economic upliftment of the farmers.

I present before you, with immense pleasure, the 31st Annual Report of the Directorate for the year 2019 which contains information on the achievements made in research, teaching, training, extension, linkages and collaboration, publications, awards, events and meetings organized during April -December, 2019. We have made significant progress over the previous year and took new initiatives to further improve the quality of research and visibility of our output. All these were possible due to the collective support and cooperation received from my colleagues in the scientific, administrative, technical and supportive cadres. I sincerely hope that the scientists of this Directorate will continue to respond to the call of the nation and work collectively for a brighter and better tomorrow. I am highly grateful to Dr. T. Mohapatra, Secretary (DARE) & DG (ICAR) as well as Dr. S.K. Chaudhari, Deputy Director General (NRM) for their keen interest and providing generous support and visionary thoughts for improving the activities of this Directorate. I am also grateful to Dr. S. Bhaskar, Assistant Director General (Agronomy, Agro-forestry and Climate Change) for his guidance and support. I congratulate Dr SushilKumar, Principal Scientist (Entomology), editorial team and other associated staff for their unstinted efforts to prepare this important document.

Jai Hind

Place : Jabalpur
Date : 1st July, 2020

(P.K. Singh)
Director

अनुक्रमणिका
Contents

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
	विशिष्ट सारांश Executive Summary	i - viii
	प्रस्तावना Introduction	1 - 7
1	अनुसंधान कार्यक्रम -1 Research Programme - 1	8 - 39
2	अनुसंधान कार्यक्रम -2 Research Programme - 2	40 - 53
3	अनुसंधान कार्यक्रम -3 Research Programme - 3	54 - 62
4	अनुसंधान कार्यक्रम -4 Research Programme - 4	63 - 73
5	अनुसंधान कार्यक्रम -5 Research Programme - 5	74 - 87
6	बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें Externally-funded Projects	88 - 104
7	विद्यार्थी अनुसंधान कार्यक्रम Students Research Programme	105 - 106
8	तकनीकी हस्तांतरण Transfer of Technology	107 - 114
9	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण Training and Capacity Building	115 - 121
10	संधियां और सहभागिता Linkages and Collaborations	122 - 124
11	हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन	125 - 127

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
12	पुरस्कार एवं सम्मान Awards and Recognitions	128 - 130
13	प्रकाशन Publications	131 - 136
14	अनुसंधान कार्यक्रमों की निगरानी और समीक्षा Monitoring and Review of Research Programmes	137 - 140
15	कार्यक्रमों का आयोजन Events Organised	141 - 144
16	बैठकों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में भागीदारी Participation in Meetings, Seminars and Workshops	145 - 149
17	अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना का सारांश Summary of All India Coordinated Research Project on Weed Management	155 - 156
18	विशिष्ट आगंतुक Distinguished Visitors	157
19	कार्मिक Personnel	158 - 160
20	मौसम रिपोर्ट Weather Report	161 - 162
	परिशिष्ट 1 *Appendix- 1* Acronyms	163 - 165

विशिष्ट सारांश
EXECUTIVE SUMMARY

वर्ष 2019 के दौरान निदेशालय में कुल 10 इन–हाउस रिसर्च प्रोजेक्ट्स एवं 8 बाहरी रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया है। वैज्ञानिकों के कुल स्वीकृत 27 पदों में से सिर्फ 10 पद ही भरे थे। वर्ष 2019 में 1150 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। निदेशालय द्वारा किए गए शोध कार्यों का सारांश यहां प्रस्तुत किया गया है।

विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास

- स्वीट कॉर्न के जैविक उत्पादन प्रणाली के लिए, फसल अवशेष मल्च के साथ 1 हाथ निराई, काले पॉलीथिन मल्च के साथ 1 हाथ निराई और *ग्लारिसिडिया* पत्ता मल्च के साथ 1 हाथ निराई ने प्रभावी ढंग से खरपतवारों का नियंत्रण किया और इससे 2 यांत्रिक निराई उपचार से अधिक मक्का की पैदावार हुई।
- हरे मटर में फसल अवशेष मल्च, *ग्लाइरीसिडिया* पत्ता मल्च, *सेसबानिया* मल्च और ब्लैक पॉली मल्च के साथ 1 हाथ निंदाई के उपचार से बुवाई के 60 दिन बाद सबसे कम खरपतवार का शुष्क भार पाया गया। हरी फली की उपज काली पॉलीथिन मल्च के तहत सबसे अधिक (9.05 टन/हेक्टेयर) हुई, जो 2 यांत्रिक निराई उपचार से 64 प्रतिशत अधिक थी।
- गिलकी में विभिन्न जैविक खरपतवार प्रबंधन उपचारों में से सबसे अधिक उपज (19.7 टन/हेक्टेयर) *ग्लारिसिडिया* पत्ती मल्च के साथ 1 हाथ निराई उपचार से प्राप्त की गयी, जो 2 यांत्रिक निराई से 34.2 प्रतिशत अधिक थी।
- हल्दी में रासायनिक शाकनाशी उपचार ने पूरी फसल अवधि के दौरान प्रभावी खरपतवार नियंत्रण प्रदान नहीं किया। फसल अवशेष मल्च के साथ 3 हाथ निराई उपचार में सबसे अधिक ताजा हल्दी उपज (17.87 टन/हेक्टेयर) दर्ज की गई, जो रासायनिक रूप से उगाई गई फसल की तुलना में 28.75 प्रतिशत अधिक थी।
- बैंगन में अंकुरण से पहले पेंडिमेथालिन 670 ग्राम/हेक्टेयर और उसके बाद 30 दिनों में क्विजालोफाप 50 ग्राम/हेक्टेयर का छिड़काव करने से खरपतवार घनत्व और शुष्क वजन में काफी कमी आई और 2 यांत्रिक निराई की तुलना में अधिक उपज (24.9 टन/हेक्टेयर) प्राप्त की।
- फूलगोभी में काले पॉली मल्च और फसल अवशेष मल्च दोनों ही खरपतवार को नियंत्रित करने में प्रभावी पाये गये, लेकिन उपज 2 यांत्रिक निराई (43.1 टन/हेक्टेयर) और काले पॉलीथिन (39.5 टन/हेक्टेयर) उपचारों की तुलना में फसल अवशेष मल्च में अधिक (47.4 टन/हेक्टेयर) दर्ज की गई।
- कद्दू में 2 यांत्रिक निराई की तुलना में काले पॉलीथिन मल्च उपचार से 29 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त की गई।

During 2019, 10 in-house research projects have been undertaken besides 08 externally funded projects. Out of total sanctioned 27 posts of scientists only 10 scientific positions were filled up. Total 1150 mm rainfall was recorded in the year 2019. The summary of the research work carried out by the Directorate is presented here.

Development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems

- For organic production system of sweet corn, crop residue mulch *fb* 1 hand weeding, black polythene mulch *fb* 1 hand weeding and *Glyricidia* leaf mulch *fb* 1 hand weeding treatments effectively managed weeds and provided higher cob yields than 2 mechanical weeding.
- In green pea, the weed dry weight at 60 DAS was least under crop residue mulch, *Glyricidia* leaf mulch, *Sesbania* live mulch and black poly mulch integrated with 1 weeding. The green pod yield was highest (9.05 t/ha) under black polythene mulch, which was 64% higher than 2 mechanical weeding.
- Among the organic weed management treatments in sponge gourd, the highest yield was obtained from the treatment of *Glyricidia* leaf mulch *fb* 1 hand weeding (19.70 t/ha), which was 34.2 % higher than 2 mechanical weeding.
- In turmeric, the herbicide treatments did not provide effective weed control throughout the cropping period. The highest fresh turmeric yield was recorded with crop residue mulch *fb* 3 hand weeding (17.87 t/ha), which was 28.75% higher than chemically grown crop.
- In brinjal, application of pendimethalin 670 g/ha *fb* quizalofop 50 g/ha at 30 DAP significantly reduced the weed density and dry weight, and recorded higher fruit yield (24.9 t/ha) compared to 2 mechanical weeding.
- In cauliflower, black poly mulch and crop residue mulch (7.5 t/ha) both were effective in controlling weeds, but the crop residue mulch recorded higher yield (47.4 t/ha) than 2 mechanical weeding (43.1 t/ha) and black polythene mulch (39.5 t/ha) treatments.
- Compared to 2 mechanical weeding, 29% higher pumpkin yield was obtained from black poly mulch treatment.

- सौंफ में खरपतवारों के प्रबंधन के लिए ऑक्साडायरजिल 75 ग्राम/हेक्टेयर अंकुरण से पहले और ऑक्सीफ्लोरफेन 75 ग्राम/हेक्टेयर उपचार अंकुरण के बाद प्रभावी पाए गए।
- अजवाईन में अंकुरण से पहले ऑक्साडायरजिल 75 ग्राम/हेक्टेयर का छिड़काव बहुत प्रभावी रासायनिक खरपतवार नियंत्रण उपाय पाया गया।
- मेथी में अंकुरण से पहले ऑक्सीफ्लोरफेन 75 ग्राम/हेक्टेयर के छिड़काव ने बुवाई के 60 दिनों के बाद सबसे कम खरपतवार घनत्व दिखाया और उच्चतम बीज उपज (1.85 टन/हेक्टेयर) प्रदान की।
- क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन (60+4 ग्राम/हेक्टेयर) की गेहूं में खरपतवार नियंत्रण प्रभावकारिता और उपज के संदर्भ में फ्लैटफैन और फ्लडजेट नोजल के बीच और न ही 250 और 500 लीटर/हेक्टेयर स्प्रे वॉल्यूम के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर देखा गया। इसी तरह का परिणाम खरीफ मक्का में टेम्बोट्रियोन+एट्राजिन (120+500 ग्राम/हेक्टेयर) और सोयाबीन में इमाजेथापायर (100 ग्राम/हेक्टेयर) के अनुप्रयोगों के संबंध में दर्ज किया गया।
- रबी मौसम के दौरान *फैलारिस माइनर, एवेना लुडोविसिअना, चेनोपोडियम एल्बम* और *मेडिकागो पॉलीमॉर्फा,* और खरीफ में *डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, पासपेलिडियम फ्लेविडम, अमारेंथस विरिडिस, पोर्टुलाका ओलेरेसिया* और *सोनकस आरवेनसिस* के अंकुरण स्वरूप ने दिखाया है कि फसल अवशेष भार बीज अंकुरण प्रतिशत को कम करने के अलावा बीज अंकुरण की समय अवधि में भी वृद्धि करता है।
- *फैलारिस माइनर, चेनोपोडियम एल्बम* और *मेडिकागो पॉलीमॉर्फा* ने 1.5 आईडब्ल्यू/सीपीई के साथ अधिक बीज/पौधा का उत्पादन किया और नमी में अधिक तनाव के साथ इसमें कमी आई। *अवेना लुडोविसिअना* ने नमी के संतृप्ति स्तर पर उच्चतम बीज/पौधे का उत्पादन किया।
- गेहूं में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण और उपज के लिए, जहां *अवेना लुडोविसिअना, फैलारिस माइनर, पासपेलिडियम फ्लेविडम, साइनोडोन डैक्टाइलोन, मेडिकागो पॉलीमॉर्फा, रुमेक्स डेंटेटस, चेनोपोडियम एल्बम, अनागालिस आरवेनसिस, सोनकस आरवेनसिस* और *विसिआ हिर्सुटम* प्रमुख खरपतवार के रूप में थे, क्लोडिनाफॉप+मेटसल्फ्यूरॉन (60+4 ग्राम/हेक्टेयर) उपचार पेंडिमेथालिन (678 ग्राम/हेक्टेयर), मेटसल्फ्यूरॉन (4 ग्राम/हेक्टेयर), मेट्रिबुजिन+क्लोडिनाफॉप (21+60 ग्राम/हेक्टेयर) और मेसोसल्फुरॉन+आयोडोसल्फ्यूरॉन (12+2.4 ग्राम/हेक्टेयर) उपचारो से बेहतर था।
- चने में 30 ग्राम/हेक्टेयर दर से टोप्रामेजोन का अंकुरण पश्चात् छिड़काव खरपतवार नियंत्रण (90 प्रतिशत) और बीज उपज (2.25 टन/हेक्टेयर) के लिए अत्यधिक प्रभावी पाया गया।
- मटर में 125 ग्राम/हेक्टेयर की दर से प्रोपाक्विजाफोप +इमाजेथापायर रेडी–मिक्स का अंकुरण पश्चात् छिड़काव ने प्रभावी रूप से खरपतवार को नियंत्रित किया और 2 हाथ की निराई के समान बीज उपज प्रदान की।

- For managing weeds in fennel, oxadiargyl 75 g/ha PE and oxyfluorfen 75 g/ha PoE treatments were found effective.
- Application of oxadiargyl 75 g/ha PE was an effective chemical weed control measure in Ajwain.
- The lowest weed density at 60 DAS and highest seed yield (1.85 t/ha) of fenugreek were recorded with oxyfluorfen 75 g/ha PE treatment.
- No significant differences were observed between flat-fan and flood-jet nozzles, and between 250 and 500 litre/ha spray volumes in terms of weed control efficacy of clodinafop + metsulfuron (60+4 g/ha) and grain yield in wheat. Similar observation was recorded in respect to applications of tembotrione + atrazine (120+500 g/ha) in *Kharif* maize and imazethapyr (100 g/ha) in soybean.
- Germination pattern of *Phalaris minor, Avena ludoviciana, Chenopodium album* and *Medicago polymorpha* during *Rabi* season and *Dinebra retroflexa, Paspaladium flavidum, Ameranthus viridis, Portulaca oleracea* and *Sonchus arvesnsis* during *Kharif* season showed that crop residue load extents the time spread of seed germination, besides reducing the %seed germination.
- *P. minor*, *C. album* and *M. polymorpha* produced more seeds/plant with 1.5 IW/CPE and it decreased with increase in moisture stress. *A. ludoviciana* produced the highest seeds/plant at saturated moisture condition.
- In terms of weed control efficiency and grain yield of wheat, clodinafop + metsulfuron (60 + 4 g/ha) was superior to pendimethalin (678 g/ha), metsulfuron (4 g/ha), metribuzin + clodinafop (210 + 60 g/ha) and mesosulfuron + iodosulfuron (12+2.4 g/ha) treatments, where *Avena ludoviciana, Phalaris minor, Paspaladium flavidum, Cynodon dactylon, Medicago polymorpha, Rumex dentatus, Chenopodium album, Anagalis arvensis, Sonchus arvensis* and *Vicia hirsutum* were the major weeds.
- Topramezone 30 g/ha PoE was highly effective in terms of weed control efficiency (90%) and seed yield (2.25 t/ha) in chickpea.
- Ready mix of propaquizafop + imazethapyr 125 g/ha PoE effectively controlled weeds in pea and provided similar seed yield level to 2 hand weeding.

- चावल–चना–मूंग, सोयाबीन–गेहूं–मूंग और मक्का–मटर–मूंग फसल चक्र के तहत मूंग में खरपतवार प्रबंधन के लिए पेंडिमेथालिन सीएस (678 ग्राम/हे) अंकुरण पूर्व के साथ इमाजेथापायर (100 ग्राम/हे) अंकुरण पश्चात, प्रोपाक्विजोफोप+इमाजेथापायर रेडी मिक्स (125 ग्राम/हे) और पेंडिमेथालिन+इमाजेथापायर रेडी मिक्स (1000 ग्राम/हे) उपचारो से अधिक प्रभावी पाया गया।
- धान में सीटी की तुलना में जेडटी घास खरपतवार और सेजस का सूखा बायोमास क्रमशः 46 और 31 प्रतिशत अधिक था, जबकि चौड़ी पत्तीवाले खरपतवारों का 17 प्रतिशत कम था। फसल अवशेषों को बनाए रखने से 31–78 प्रतिशत खरपतवार कम हुए।
- *अवेना लुडोविसिअना* मिट्टी की 10 सेमी गहराई से उग सकता है। जबकि, मिट्टी की 2 सेमी गहराई के नीचे *सोनकस आरवेनसिस* का कोई अंकुरण नहीं था। *फेलारिस माइनर, चेनोपोडियम एल्बम* और *मेडिकागो पॉलीमॉर्फा* के बीज मिट्टी में 5 सेमी से अधिक गहराई पर रखे जाने से अकुंरण नहीं हो पाए।
- रोपित धान में नई पीढ़ी के रेडी–मिक्स हर्बिसाइड फ्लोरपायराक्सीफेन–बेन्जिल+सायहलोफॉप 150 ग्राम/हेक्टेयर के छिड़काव ने *डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, एलुसिन इंडिका, इकाईनोक्लोआ कोलोना, इकाईनोक्लोआ क्रूसगाली, डिजिटारिया सांगुनेलिस, अल्टरनेंथेरा सेसिलिस, सेसुलिया ऐक्सीलरिस, लुडविजिया पर्वीफ्लोरा, सायनोटिस ऐक्सीलरिस* और *साइप्रस इरिया* का उत्कृष्ट नियंत्रण किया। इस उपचार ने रोपाई के बाद 60वें दिन तक 99 प्रतिशत वीड कंट्रोल एफिशिएंसी, अधिक टिलर/हिल, लंबे पैनिकल्स और अधिक अनाज/पैनिकल दिये जिसके परिणामस्वरूप 2 हाथ की निराई की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक अनाज उपज पैदा हुई।
- गेहूं में सबसे कम खरपतवार टीपीआर–सीटी जुताई पद्धति में दर्ज की गई, जबकि अधिकतम खरपतवार जेडटी–जेडटी पद्धति के साथ देखी गयी। उर्वरक दर में वृद्धि के साथ गेहूं की वृद्धि को बढ़ावा मिला जिसके परिणामस्वरूप खरपतवार की वृद्धि नियंत्रित रही।
- एक मशीन संचालित राइडिंग टाइप 3 टाइन वीडर विकसित किया गया। इस निराई उपकरण का इस्तेमाल निराई, गुड़ाई और अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है, और इसकी लागत लगभग ₹ 40,000 हैं।

जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता

- परिवेश की तुलना में उच्च तापमान (इ.टी.: परिवेश से 2° सेल्सियस अधिक), उच्च कार्बनडाइऑक्साइड (इ.सी.: 550±50 पीपीएम), एंव इ.सी.+इ.टी. में बिसपायरिबेक–

- In rice-chickpea-greengram, soybean-wheat-greengram and maize-pea-greengram cropping systems, pendimethalin CS (678 g/ha) PE *fb* imazethapyr (100 g/ha) PoE was more effective than propaquizofop + imazethapyr ready mix (125 g/ha) and pendimethalin + imazethapyr ready mix (1000 g/ha) treatments for managing weeds in greengram.
- In rice, compared to CT, dry biomass of grassy weeds and sedges were respectively 46 and 31% higher, but that of broadleave weeds was 17% lower in ZT. Retention of crop residues noticeably suppressed the weeds by 31-78%.
- *Avena ludoviciana* could emerge from 10 cm of soil depth. Whereas, *Sonchus arvensis* could not germinate at greater than 2 cm of soil depth. *Phalaris minor*, *Chenopodium album* and *Medicago polymorpha* did not emerge when seeds were placed at more than 5 cm of soil depth.
- Application of new generation ready-mix herbicide florpyrauxifen-benzyl+cyhalofop at 150 g/ha provided excellent control of *Dinebra retroflexa, Eleucine indica, Echinochloa colona, Echinochloa crus-galli, Digitaria sanguinalis, Alternanthera sessilis, Caesulia axillaris, Ludwigia parviflora, Cynotis axillaris* and *Cyperus iria* in transplanted rice. It provided 99% WCE at 60 DAT, more tillers/hill, longer panicles and more grains/panicle, resulting in 10% higher grain yield than two hand weeding.
- Among the various tillage practices, the lowest weed growth in wheat was recorded in TPR-CT, whereas, the maximum weed was observed with ZT-ZT. Increase in fertilizer dose boost up wheat growth, which suppressed weeds.
- A machine operated riding type 3 tine weeder was developed. This weeder can be used for weeding, earthing-up operations, *etc.* and costs only around ₹ 40,000.

Weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance

- Compared to ambient condition, bispyribac sodium showed 2, 5 and 8 days delayed effect on *Echinochloa colona* at elevated temperature (ET: ambient + 2°C),

सोडियम का *इकाईनोक्लोआ कोलोना* पर क्रमशः 2, 5 एंव 8 दिन का विलंबित प्रभाव पाया गया। परन्तु *फाईसेलिस मिनिमा* पर इस शाकनाशी का प्रभाव इ.टी. एंव इ.सी.+इ.टी. में क्रमशः 2 एंव 1 दिन जल्दी, जबकि इ.सी. में 5 दिन विलंब से देखा गया।

- परिवेश की तुलना में उच्च तापमान (इ.टी. : परिवेश से 2° सेल्सियस अधिक), उच्च कार्बनडाइऑक्साइड (इ.सीः 550±50 पीपीएम), एंव इ.सी.+इ.टी. में *डाइनेब्रा रेट्रोलेफ्क्सा* पर टोप्रामेजोन+एट्राजिन का प्रभाव क्रमशः 4, 7 एंव 1 दिन पहले, जबकि टेम्बोट्रियोन+एट्राजिन का प्रभाव क्रमशः 2, 2 एंव 3 दिन विलंब में देखा गया।
- परिवेश की तुलना में उच्च तापमान (इ.टी. : परिवेश स 2° सेल्सियस अधिक), उच्च कार्बनडाइऑक्साइड (इ.सीः 550±50 पीपीएम), एंव इ.सी. + इ.टी. में *फैलारिस माइनर* पर क्लोडिनाफॉप का प्रभाव क्रमशः 2, 5 एंव 6 दिन जल्दी देखा गया।
- परिवेश की तुलना में उच्च तापमान (परिवेश से 2° सेल्सियस अधिक) में सलफोसल्फुरॉन+मेटसल्फुरॉन–मिथाईल का प्रभाव फैलारिस माइनर पर 3 दिन जल्दी जबकि *अवेना लुडोविसिअना* पर 2 दिन विलंब का प्रभाव देखा गया।
- बुवाई की विभिन्न तिथियों (01 से 26 जुलाई 2019) में, देरी से बोई गई धान में *लुडविजिया पेरेनिस* का घनत्व सबसे अधिक था, जबकि *अल्टरनेंथेरा पेरोनिकोइडस* का धनत्व कम पाया गया।
- खरपतवार हर्बेरियम डेटाबेस विकसित किया गया और निदेशालय की वेबसाइट पर रखा गया। यह उपक्रम 125 खरपतवार प्रजातियों के साथ आरंभ किया गया है, जो 24 फेमीली और 82 जीनस से संबंधित हैं।
- *चेनोपोडियम* के विभिन्न एक्सेशनों में, एलैनिन (13.75), एस्पार्टिक एसिड (18.66), ग्लाइसिन (10.00), ल्यूसीन (11. 74) और आईसोल्यूसीन (15.31) की अधिकतम मात्रा अरुणाचल प्रदेश से एकत्र किये गये *चेनोपोडियम एल्बम* एक्सेशन आई.सी–622184 में पाया गया।

elevated CO_2 (EC: 550±50 ppm) and EC+ET, respectively. However, 2 and 1 days early response of this herbicide was observed on *Physalis minima* at ET and EC+ET, respectively, but 5 days late response was noticed at EC.

- *D. retroflexa* showed 4, 7 and 1 days delayed response to topramezone+atrazine, and 2, 2 and 3 days delayed response to tembotrion + atrazin at elevated temperature (ET: ambient + 2°C), elevated CO_2 (EC: 550±50 ppm) and EC+ET, respectively as compared to ambient condition.
- Compared to ambient condition, clodinafop showed 2, 5 and 6 days early response on *P. minor* at at elevated temperature (ET: Ambient + 2°C), elevated CO_2 (EC: 550 ± 50 ppm) and EC + ET, respectively.
- Compared to ambient condition, sulfosulfuron + metsulfuron at elevated temperature (ambient + 2°C) showed 3 days early response on *P. minor*, whereas 2 days delayed response on *A. ludoviciana*.
- Among the different dates of sowing (1 - 26 July 2019), the density of *Ludwigia perennis* was highest in late sown rice, whereas the density of *A. paronychioides* was lowest.
- Weed Herbarium Database has been developed and kept on the Directorate website. This venture has been initiated with 125 weed species belonging to 24 family and 82 genera.
- Among the different accessions of *Chenopodium*, highest amount of alanine (13.75), aspartic acid (18.66), glycine (10.00), leucine (11.74) and isoleucine (15.31) was found in *Chenopodium album* accession IC-622184 collected from Arunachal Pradesh.

फसलीय और गैर–फसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन

- जलकुंभी के प्रबंधन के लिए कीट और फफूंद जैवकारको के एकीकृत उपयोग के तहत प्रारंभिक 18.5 सेमी/पौधा ऊंचाई से 2016, 2017, 2018 और 2019 के दौरान, क्रमशः 50.5, 82. 3, 78.8 और 92.1 सेमी/पौधा की ऊंचाई में निरंतर वृद्धि हुई। अप्रैल 2019 तक खरपतवार का पूर्ण नियंत्रण हो गया। यह इंगित करता है कि *नियोकेटिना* कीट को केवल एक बार छोडने से जलकुंभी नियंत्रित करने में तीन साल से अधिक का समय लग सकता है। अध्ययन में उन सभी उपचारों में फूलों के उत्पादन में गंभीर कमी का पता चला जहां कीड़े छोडे गए थे। 2016 और 2017 के दौरान *नियोकेटिना* स्पीसीज के एक बार के रिलीज उपचार में, फूलों के उत्पादन में औसत

Biology of problematic weeds in cropped and non- and management cropped areas

- Under integrated use of insect and fungus bioagents for the management of water hyacinth, there was continuous increase in height from initial 18.5 cm/plant to 50.5, 82.3, 78.8 and 92.1 cm/plant during 2016, 2017, 2018 and 2019, respectively in control. Complete control of weed occurred by April 2019. This indicates that more than three years may be taken to control water hyacinth by one time release of *Neochetina* insect. Study revealed severe reduction in flower production in all those treatments where insects were released. In one time release treatment of *Neochetina* spp., average reduction in flower production was 117.4

कमी क्रमशः 117.4 और 41.6 नं./टंकी/माह दर्ज की गयी जबकि नियंत्रण उपचार में यह 559.1 और 1187.0 नं./टंकी/माह थी। जलकुंभी को नियंत्रित करने के लिए अकेले फफूंद का उपयोग प्रभावी नहीं पाया गया।

- जलकुंभी को नियंत्रित करने के लिए बायोएजेंट के प्रभावी जनसंख्या भार को जानने के लिए एक प्रयोग किया गया था। नियंत्रित उपचार में जहां कोई कीट नहीं छोड़ा गया था, जलकुंभी की लंबाई में लगातार वृद्धि हुई जो 2016, 2017 एवं 2018 में क्रमशः 32.0, 60.9, 62.7 एवं 71.9 सेमी/पौधा दर्ज की गई। प्रारंभिक ऊंचाई से यह वृद्धि लगभग 333% अधिक थी। उस उपचार में जहां कीटों को 200 प्रति टब की दर से छोड़ा गया तो जलकुंभी की लंबाई 2016 में ही 22.1 सेमी पौधा रह गई थी जबकि नियंत्रित उपचार में यह 30.0 सेमी प्रति पौधा थी। इसकी औसत लंबाई 2017 में 3.85 सेमी/पौधा नापी गई जबकि जलकुंभी का नियंत्रण अप्रैल 2017 में ही हो गया था।

- अभी तक फसलों में जैवकारक *जायगोग्रामा बाइकोलोराटा* का गाजर घास को क्षति पहुंचाने की क्षमता का आंकलन नहीं किया गया है। इस कारण यह प्रयोग उड़द की फसल में इस कीट की आबादी निर्भर गतिशीलता और गाजर घास को क्षति पहुंचाने की क्षमता को जानने के लिए किया गया है। यह देखा गया कि 20 और 30 दिनों के ऊपर गाजर घास के घनत्व पर बीटल का काफी प्रभाव पाया गया। यह पाया गया कि मैक्सिकन बीटल गाजर घास की ऊंचाई को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन उपचारों में जहां पर बीटल नहीं छोड़े गए थे गाजर घास की लंबाई 89.8 और 93.7 सेंटीमीटर प्रति पौधा तक पहुंच गई थी। परंतु उन उपचारों में जहां पर विभिन्न जोड़ों में मैक्सिकन बीटल छोड़े गए थे वहां पर गाजर घास की ऊंचाई में काफी कमी पाई गई। यह प्रयोग दर्शाता है कि फूलों की संख्या में भी विभिन्न उपचारों में काफी कमी आती है। चाहे कम बीटल भी छोड़े हो तब भी उनका काफी प्रभाव फूलों की संख्या को कम करने में पड़ता है।

- परम्परागत और संरक्षण कृषि क्षेत्र की गेहूं की फसल में दीमक द्वारा नुकसान के खोजपूर्ण नमूनों से पता चला है कि संरक्षण कृषि की तुलना में परंपरागत रूप से तैयार गेहूं की फसल में विभिन्न स्थानों में दीमक की क्षति अधिक है।

- पारंपरिक जुताई की तुलना में गेहूं, मूंग, चना, मटर की फसल के संरक्षण क्षेत्र से अधिक केंचुआ संख्या प्राप्त की गई थी। चावल–गेहूं की फसल प्रणाली में, केंचुआ की आबादी कम पाई गई।

शाकनाशियों का पर्यावरण पर प्रभाव

- मक्के में शाकनाशी प्रयोग के बाद खेत के तालाब से प्राप्त की गई मछलियों में एट्राजिन के अवशेष 30 और 60 दिन में क्रमशः 0.074 और 0.048 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम टेम्बोट्रियोन के अवशेष 0.043 और 0.007 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम 20 और 60 दिन में, टोप्रामेजोन के अवशेष 0.014 और 0.003 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम 20 और 60 दिन में पाये गये।

and 41.6 no./tank/month during 2016 and 2017 while it was 559.1 and 1187.0 no. per tank per month in control, respectively. Alone use of fungi was not found effective to control the water hyacinth.

- An experiment was done to know effective population load of bioagent to control water hyacinth. In control where no weevil was released, continuous increase in height was recorded and which reached up to 32.0, 60.9, 62.7 and 71.9 cm/plant during 2016, 2017, 2018 and 2019, respectively This increase from the initial height was about 333%. In situation of 200 weevils/tub, height reduced up to 22.1 cm/plant in 2016 in comparison to 32.0 cm/plant in control. In 2017, the average height was recorded 3.85 cm/plant, but complete control of weed was achieved by April 2017.

- An experiment was carried out to find out the effective population number of the bioagent *Zygogramma bicolorata* to control *Parthenium* amidst the blackgram crop. It was found that Mexican beetle plays a very important role in reducing the height of the carrot grass. In those treatments where beetles were not released, the length of the carrot grass reached 89.8 and 93.7 cm/plant, after 45 days at 20 and 30 days of sowing, respectively. In those treatments where Mexican beetles were released in different pairs, there was considerable decrease in height of carrot grass. This experiment showed that flowers production was reduced in different number of release of beetles. Even, if a few beetles are released, they have a great effect in reducing the number of flowers.

- Exploratory sampling of damage by termite in wheat crop of conventional and conservation agriculture field revealed more damage of termite in different patches in conventional tilled wheat crop in comparison to conservation tilled field.

- More earthworm population was obtained from the conservation field of wheat and green gram or pigeon pea cropping system than the conventional tilled field. In rice-wheat cropping system, population of earthworm was found low.

Environmental impact of herbicides

- After application of herbicides in maize, fishes of the pond receiving runoff water from the field showed 0.074 and 0.048 µg/g atrazine residues at 30 and 60 days, 0.043 and 0.007 µg/g tembotrione residues at 20 and 60 days, and 0.014 and 0.003 µg/g topramizone residues at 20 and 60 days.

- गेहूँ कटाई के समय पौधे, पानी, मिट्टी और खेत के तालाब से प्राप्त की गई मछलियों में मेटसल्फ्यूरॉन–मिथाइल, मेसोसल्फुरॉन और आयोडोसल्फुरॉन के अवशेष निर्धारित सीमा से कम पाए गए।
- मिट्टी और मक्के के दाने में पेंडिमेथालीन, एट्राजिन, टेम्बोट्रियोन, टोप्रामेजोन और 2,4–डी के अवशेष निर्धारण के लिये यू.एफ. एल.सी द्वारा एक बहुअवशेष निष्कर्ष पद्धति विकसित की गई।
- एलसी–एमएस/एमएस द्वारा 22 शॉकनाशियों (मेसोसल्फुरॉन, आयोडोसल्फुरॉन, एट्राजिन, मेट्रिबुजिन, मेटसल्फुरॉन, क्लोरिम्यूरॉन, पिनाक्सुलम, पाइराज़ोसल्यूरॉन, क्लोडिनाफॉप, ऑक्सीलोरफेन, फिनॉक्सप्राप, सायहलोफॉप, आइसोप्रोट्यूरॉन, प्रोपाक्विजाफॉप, इमाजेथापायर, पेंडिमेथालीन, टेम्बोट्रियोन, सलफोसल्फुरॉन, 2, 4 – डाई – ईथाइल – ईथर, बिसपायरिबेक – सोडियम एवं फोमासेफन) के अवशेष मिट्टी, पानी, पौधे और अनाज दाने में निर्धारण के लिए एक बहुअवशेष निष्कर्ष विधि विकसित की गई।
- आईसीएआर–डीडब्ल्यूआर के भूजल में क्रमश 0.331 से 1.175 और <0.01 से 1.180 माइक्रोग्राम प्रति लीटर एट्राजीन और पेंडिमेथालीन के अवशेष पाए गए।
- गेहूं की कटाई के समय मिट्टी, गेहूं के दानों और पुआल में मेटसल्फुरॉन, सलफोसल्फुरॉन और क्लोडिनाफॉप–प्रोपरगिल के अवशेष निर्धारण सीमा से कम पाए गए।
- खाद के विभिन्न मात्रा के साथ उगाए गये स्वीट कार्न में कटाई के समय एट्राजिन के अवशेष अधिकतम स्तर की सीमा (0.05 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम) से कम पाए गये।
- प्रयोग के 60 दिन तक 1 और 2 मीटर गहराई वाले लाइसीमीटर के लीचेट्स में टोप्रामेजोन के अवशेषों की मात्रा 2.7 से 7.6 माइक्रोग्राम प्रति लीटर तक पाई गयी, जबकि यह 3 मीटर गहराई वाले लाइसीमीटर में नहीं पायी गयी।

- In soil, water, plants and fishes of run-off collecting pond, the residues of metsulfuron, mesosulfuron and idodosulfuron at harvest of wheat were below the detection limit.
- A multiresidue determination method was developed for determination of pendimethalin, atrazine, tembotrione, topramizone and 2,4-D in soil and maize grain by UFLC.
- A multiresidue determination method using LC-MS/MS was developed for determination of residues of 22 herbicides (namely, mesosulfuron, iodosulfuron, atrazine, topramezone, metribuzin, metsulfuron, chlorimuron, penoxsulam, pyrazosulfuron, clodinafop, oxyfluorfen, fenoxaprop, cyhalofop, isoproturon, propaquizafop, imazethapyr, pendimethalin, tembotrione, sulfosulfuron, 2,4-DEE, bispypyribac-sodium and fomesafen in soil, water, food grain and plants.
- Atarzine and pendimethalin residues in the range of 0.331 to 1.175 µg/L and <0.01 to 1.180 µg/L, respectively, were found in the ground water of ICAR-DWR.
- Mestsulfuron, sulfosulfuron and clodinafop-propargyl residues were below instrument detection limit (0.01 and 0.001 µg/g) in soil, wheat grain and straw at harvest.
- Atrazine residues in sweet corn grown at different levels of applied fertilizer were below the maximum residue level (0.05 µg/g).
- Topramezone residues in the leachates collected from 1 and 2 m depth lysimeter were found in the range of 2.7-7.6 µg/L up to 60 days after application; however it was not detected from 3 m depth lysimeter.

खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन

- पाटन और बरगी इलाकों के कई गांवों में चयनित कृषक प्रक्षेत्रों पर संरक्षित कृषि के अंतर्गत गेहूं में उन्नत खरपतवार प्रबंधन का शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन किया गया। किसान की विधि की तुलना में, संरक्षित कृषि के तहत फसल में अनुशंसित मात्रा में उर्वरक और बुवाई के 30 दिन पश्चात शाकनाशी क्लोडिनाफॉप+मेटसल्फुरॉन 60+4 ग्राम/हेक्टेयर के प्रयोग से कम खरपतवार घनत्व और बायोमास, अधिक उपज, अधिक शुद्ध आय एवं उच्च लाभःखर्च अनुपात प्राप्त हुआ।

On-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment

- On-farm research trials cum demonstrations on weed management in wheat under conservation agriculture were undertaken at several villages of Patan and Bargi localities. Compared to farmers' practice, application of recommended fertilizer dose along with herbicide (clodinofop+metsulfuron 60+4 g/ha at 30 DAS) under conservation agriculture resulted in the lowest weed density and biomass, higher grain yield, higher net income and higher B:C ratio.

- कृषक प्रक्षेत्र पर अनुशंसित उर्वरक एवं उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक (पेंडिमेथालीन 750 ग्राम/हेक्टेयर अंकुरण पूर्व) के साथ संरक्षित कृषि के अंतर्गत उगाए गए चने में किसान की विधि की तुलना में अधिक उपज एवं उच्च लाभः खर्च अनुपात प्राप्त हुआ।
- किसान की विधि की तुलना में, कृषक प्रक्षेत्रों पर सीधी बुवाई वाले धान में अनुशंसित मात्रा में उर्वरक और शाकनाशी (पायराजोसल्फुरॉन 20 ग्राम/हेक्टेयर अंकुरण पूर्व तथा बिसपायरिबैक–सोडियम 25 ग्राम/हेक्टेयर 20 दिन बुवाई पश्चात) का प्रयोग से कम खरपतवार, अधिक उपज एवं उच्च लाभःखर्च अनुपात प्राप्त हुआ।
- संरक्षित कृषि के तहत् अनुशंसित उर्वरक मात्रा और शाकनाशी (एट्राजिन 750 ग्राम/हेक्टेयर अंकुरण पूर्व तथा टेम्बोट्रियोन 120 ग्राम/हेक्टेयर 30 दिन बुवाई पश्चात) के साथ उगाये गये मक्का में खरपतवार घनत्व और शुष्क भार किसानों की पद्धति से क्रमशः 39 और 47 प्रतिशत कम था।
- खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाने के पश्चात 18 राज्यों में प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया गया। धान में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को अपनाने के पश्चात *सिटेरिया ग्लौका* की उपस्थिति विलुप्त हो गयी और कुछ अन्य खरपतवार जैसे *साइप्रस डिफोर्मिस, फिमब्रिसटैलिस मिलिकोआ* एवं *लुडविजिया परवीफ्लोरा* की संख्या में भी कमी आ गई, जबकि *एसचायनोमीन* स्पीसीज, *फाईलैंथस निरूरी* एवं *फाइसेलिस मिनिमा* कम संख्या में परन्तु नए खरपतवारों के रूप में उभरने लगे।
- देश के 18 राज्यों में किये गये अध्ययन से पता चला है कि 98% किसान फसल में खरपतवार के बीजों को कम करने के लिए निवारक विधियों का उपयोग करते हैं। दूसरी ओर, केवल 50% किसान ही खरपतवारनाशी के छिड़काव के समय इस्तेमाल किए जाने वाले एहतियाती उपायों के बारे में तथा मिलावटी खरपतवारनाशी के बारे में जागरूक थे। आज भी, लगभग 80% से अधिक किसान अन्य कीटनाशकों के साथ खरपतवारनाशी मिलाकर उपयोग करते हैं।
- सीधी बुवाई धान में खरपतवार शुष्क भार एवं उपज हानि डेटा के बीच सम्बन्ध के लिए एक्सपोनेंशियल सिंगल (3 मापदंड) मॉडल को आर^2 मान 0.93 के साथ सबसे उपयुक्त पाया गया।

अन्य गतिविधियाँ

- एस.सी.एस.पी. योजना के तहत पनागर, मझौली और कटंगी क्षेत्रों के अंतर्गत चयनित गावों में कई गतिविधियों को आयोजित किया गया, जहाँ अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि अदानों (इनपुट) जैसे धान, मक्का, मूंग, उड़द, गेंहूं और चना के बीज, उर्वरक, शाकनाशी, कीटनाशक आदि का

- Chickpea grown in farmers' fields under conservation agriculture with recommended fertilizers and improved weed management (pendimethalin 750 g/ha PE) showed higher yield and B:C ratio compared to farmer's practice.
- Compared to farmers' practice, application of recommended fertilizer dose along with herbicide (pyrazosulfuron 20 g/ha as PE *fb* bispyribac sodium 25 g/ha at 20 DAS) resulted in the lower weed growth, higher grain yield and higher B:C ratioin direct-seeded rice in farmers field.
- Density and dry weight of weed in maize grown under CA with recommended fertilizer and herbicide (atrazine 750 g/ha PE *fb* tembotrione 120 g/ha at 30 DAS) were 39 and 47% lower than farmers practice respectively.
- Impact assessment study was conducted across 18 states after adoption of weed management technologies. After the adoption of weed management technologies in rice the infestation of *Setaria glauca* disappeared, which infeststion of *Cyperus difformis, Fimbristylis milliacoa* and *Ludwigia parviflora* came down from very high to low to moderate levels, but *Aeschynomene* spp, *Phyllanthus niruri* and *Physallis minima* emerged as new weeds with low severity level.
- A study conducted in 18 states of the country revealed that 98% of the farmers use preventive methods to reduce the weed seed infestation in crops. In contrast, only around 50% farmers were well aware about the precautionary measures to be taken during spraying of herbicides and about the spurious herbicides. Even now, more than 80% farmers mix herbicides with other pesticides during spraying.
- For relationship between weed dry weight and yield loss data in direct seeded rice, exponential single (3 parameter) model was found best fit with R^2 value of 0.93.

Other activities

- Many activities have been organized in the adopted villages of Panagar, Majhouli and Katangi localities under the SCSP scheme, where seeds of rice, maize, greengram, blackgram, wheat and chickpea, fertilizers, herbicides, insecticides, *etc.* were distributed to the SC

वितरण किया गया। उनके खर्च के बोझ को कम करने के लिए अन्य इनपुट जैसे स्प्रेयर, शाकनाशी सुरक्षा कीट, अनाज की थैली, भण्डारण टंकी एवं कचरे का डिब्बा भी चयनित गावों में अनसूचित जाति के किसानों को प्रदान किये गए। इनपुट वितरण के अलावा, फसल उत्पादन और खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर तकनिकी ज्ञान भी किसान संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को प्रदान किया गया।

- निदेशालय ने 16–22 अगस्त, 2019 के दौरान राष्ट्रव्यापी 'गाजरघास जागरूकता सप्ताह' का आयोजन कई भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य कृषि विभागों, अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना–खरपतवार प्रबन्धन के केंद्रों, गैर सरकारी संगठनों, नगरपालिका, स्कूलों और कॉलेजों और महाविद्यालयों में किया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग एक लाख पार्थेनियम भक्षण करने वाले बॉयोएजेंट *जायगोग्रामा बायकोलोराटा* को अपने इलाके में छोड़ने की अपील के साथ हितधारकों को वितरित किये गए। इस कार्यक्रम ने विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समाचार चैनलों और सोशल मीडिया जैसे कि यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सप्प आदि पर समाचार प्रकाशित करने और टेलीकास्ट करने के लिए आकर्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों में इस खतरनाक खरपतवार के बारे में जागरूकता पैदा हुई।

- निदेशालय ने 21 मई, 2019 को *'मेरा गांव–मेरा गौरव'* कार्यक्रम के अंतर्गत अपनाये गये बरगी क्षेत्र के सालीबाडा गांव में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर किसानों को कम खर्च के साथ कृषि उत्पादन की नई तकनीकियों के बारे में जागरूक किया गया। निदेशालय द्वारा विगत 8 वर्षों से विभिन्न गांवों में संरक्षित कृषि को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन पर इसके प्रभाव के लिए किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी।

2019 के दौरान धान में, शुन्य जुताई से घास और मोथा कुल के खरपतवार का शुष्क भार परंपरागत जुताई की तुलना में 46.2 और 31.5% अधिक था, जबकि परंपरागत जुताई की तुलना में शुन्य जुताई में चौड़ी पत्ती के खरपतवार 17.4% कम थे। इससे शुन्य जुताई के मुकाबले कुल शुष्क भार 28.3% कम हुआ। फसल के अवशेषों की अवधारणा से बिना फसल अवशेष की तुलना में 31.1–77.7% तक खरपतवारों में कमी पायी गयी। सबसे अधिक 6 टन/हे में तथा यह फसल अवशेषों की कमी के साथ कम होती गयी। इसी तरह, परंपरागत जुताई क्षेत्रों में फसल अवशेषों के साथ शून्य जुताई में क्रमशः 3.84 और 4.12 टन/हे अधिक अनाज और पुआल की उपज प्राप्त हुई। फसल अवशेषों के आधार पर, सबसे अधिक अनाज और पुआल की उपज 6 टन/हे (4.34 टन/हे) उसके बाद 4 टन/हे में दर्ज की गई। सबसे कम अनाज की पैदावार बिना फसल अवशेष प्रक्षेत्र (3.44 टन/हे) में हुई जबकि पुआल की उपज ने दानों की उपज के क्रम का ही पालन किया। *रबी*, ग्रीष्म, एवं वर्षा ऋतु में सुबह और दोपहर के तापमान में उतार–चढ़ाव शुन्य जुताई की तुलना में परंपरागत जुताई में अधिक था, जबकि जमीन की गहराई बढ़ने पर तापमान में कम उतार–चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी प्रकार, बिना फसल के अवशेषों के बीच तापमान में अधिक उतार–चढ़ाव दर्ज किया गया और 6 टन/हे में कम से कम उतार–चढ़ाव दर्ज किया गया। हालांकि, परंपरागत जुताई पर शुन्य जुताई में अन्तःस्पंदन की दर अधिक थी, और यह बिना फसल अवशेष में अधिक था और फसल अवशेषों की मोटाई में वृद्धि के साथ काफी कम हो गया था **(चित्र 1.4स)**।

lower weed parameters and better suppression leads to synthesizing more growth and yield attributes in ZT, this leads to 24.3% higher grain yield over CT. Retention of crop residue considerably suppressed the weeds by 23.7-73.4% over bare land. The highest suppression recorded with 6 t/ha followed by 4 t/ha. This helped in harvesting 21-50% more grain yield. The highest with 6 t/ha (6.14 t/ha) followed by 4 t/ha and the lowest with bare land (4.23 t/ha) **(Figure 1.4a)**.

In greengram during 2019, the highest suppression of grasses was recorded in CT by 49%, whereas broadleaved weeds and sedges were 23.7 and 15.1%, respectively lower in ZT. This helped to achieve about 24.4% suppression of weeds under CT irrespective of tillage. Retention of crop residues considerably suppressed the weeds to the tune of 23.2-71.3%, the highest at 6 t/ha and deduction in crop residue loads it gradually decreased and lowest with bare land. Between the tillage, the seed and stover yield was comparable; still there was marginally more seed yield harvested in ZT (0.71 t/ha) which was 4.8% more than CT. Crop residue load at 4 t/ha recorded 59.1% higher yield over bare soil (0.52 t/ha). The increase in crop residue loads from 4 to 6 t/ha lowered its beneficial effect **(Figure 1.4b)**.

In rice during 2019, grassy weed and sedges dry biomass was 46.2 and 31.5%, respectively more in ZT over CT, whereas, there was 17.4% lower broadleaved weed in ZT than CT. This resulted in 28.3% lower total weed dry biomass over ZT. Retention of crop residues noticeably suppressed the weeds by 31.1-77.7%. The suppression was more at 6 t/ha and it gradually decreased and lowest in bare land. Similarly, CT plots recorded 7.3% more grain than ZT (3.84 and 4.12 t/ha, respectively) irrespective of crop residue load. Between crop residue load, the highest grain yield was recorded on 6 t/ha (4.34 t/ha) followed by 4 t/ha. The lowest grain yield recorded with bare land (3.44 t/ha), straw yield followed the same trend of grain yield regardless of tillage. During, *Rabi*, summer and *Kharif*, the fluctuation of temperature at morning and afternoon was more in CT over ZT, and at lower depths fluctuation was less. More fluctuations in temperature was recorded with bare land whereas, least fluctuations was recorded at 6 t/ha. The infiltration rate was higher in ZT over CT, and it was more in bare soil and considerably reduces with increase in thickness of the crop residue **(Figue 1.4c)**.



चित्र 1.4: जुताई एवं फसल अवशेष के भार का अ) गेहूं, ब) मूंग, और स) धान की उपज पर गेहूं–मूंग–धान फसल पद्धति में प्रभाव

Figure 1.4: Effect of tillage and crop residue load on economic yield of a) wheat, b) greengram and c) rice under wheat-greengram -rice cropping system

1.2.6 खरपतवार बीजों के अंकुरण व्यवहार का विभिन्न गहराई के अंतर्गत गाड़ने का अध्ययन

शीत ऋतु के दौरान वर्ष 2018–19 में, पांच प्रमुख खरपतवारों का विभिन्न गहराई में गाड़ने के प्रभाव का अध्ययन किया गया और यह पाया गया कि *अवेना लुडोविसिआना* के बहुत कम बीज जमीन की 10 सेमी गहराई में गाड़ने पर अंकुरित हुए, जबकि सबसे अधिक अंकुरण सतह के साथ–साथ 2 और 5 सेमी की गहराई पर प्राप्त हुए। *फैलारिस माईनर, चेनोपोडियम एल्बम* और *मेडीकागो पोलीमार्फा* के बीज 5 सेमी की गहराई से उगे तथा इनका अंकुरण जमीन की सतह पर एवं 2 तथा 5 सेमी की गहराई पर अच्छा था। *सोंकस अर्वेंसिस* के बीज का अंकुरण सतह पर सबसे अच्छा था तथा कुछ बीज 2 सेमी तक ही उग सके **(चित्र 1.5 अ)**।

2019 के ग्रीष्म ऋतू में पांच प्रमुख खरपतवारों का विभिन्न गहराई में गाड़ने के प्रभाव का अध्ययन किया गया और यह पाया गया कि *अमेरेनथस विरिडीस* के बीज 5 सेमी की गहराई में गाड़ने से कुछ ही बीज उग सके तथा अधिकतम बीज जमीन की सतह तथा 2 सेमी की गहराई से उगे। *डाइनेब्रा रिट्रोफ्लेक्सा, पासपेलडियम लेविडम, पर्तुलाका ओलेरासिया* एवं *सोंकस अर्वेंसिस* के बीज केवल 2 सेमी की गहराई से उग सके जबकि सबसे अच्छा अंकुरण जमीन की सतह पर दर्ज किया गया **(चित्र 1.5ब)**।

खरीफ 2019 के दौरान पांच प्रमुख खरपतवार प्रजातियों के अंकुरण का व्यवहार मिट्टी की विभिन्न गहराई पर किया गया और यह पाया कि *ईकाइनोक्लोआ कोलोना* तथा *यूफोरबिया जनिकुलाटा* के बीज मिट्टी की 10 सेमी तक की गहराई से अंकुरण कर सकता है। हालाँकि, इस गहराई से कुछ ही बीज अंकुरित हो सके। इस खरपतवार का अंकुरण मृदा की सतह, 2 और 5 सेमी की गहराई पर बहुत अच्छा था। *अल्टरनेथेरा सेसिलिस* 5 सेमी तक मिट्टी की गहराई तक अंकुरित हो सकती है और इसका सतह के साथ–साथ 2 सेमी की गहराई पर भी बहुत अच्छा अंकुरण हुआ। *पासपेलडियम लेविडम* और *साइपरस इरिया* सतह के साथ 2 सेमी मिट्टी की गहराई पर अंकुरित हो सकते हैं और इसके बाद कोई अंकुरण नहीं हुआ **(चित्र 1.5 स)**।

1.2.6 Study the germination behavior of weed seeds under different burial depths

During *Rabi* 2018-19, the germination behavior of five major weed species was carried out; placing the seeds at various soil depths and it was found that fewer seeds of *Avena ludoviciana* could emerge from 10 cm of the soil depths. The maximum emergence recorded at surface, 2 and 5 cm depths (**Figure 1.5a**). *Phalaris minor*, *Chenopodium album* and *Medicago polymorpha* emerged from 5 cm of soil depth and emergence was very good at the surface and 2 cm of soil depths. *Sonchus arvensis* could germinate at the surface and 2 cm soil depths, thereafter, there was no germination, however, maximum emergence was recorded at surface.

During Summer 2019, the germination behavior of five major wed species was carried out, placing the seeds at various soil depths and it was found that *Ameranthus viridis* could emerged from 5 cm of the soil depths, however fewer seeds could emerge. The maximum emergence recorded at surface and 2 cm depths (**Figure 1.5b**). *Dinebra retroflexa, Paspaladium flavidum, Portulaca oleracea* and *Sonchus arvensis* could emerge from 2 cm of soil depth and emergence was very good at the surface, thereafter, there was no germination.

During *Kharif* 2019, the germination behavior of five major wed species was carried out, placing the seeds at various soil depths and it was found that *Echinochloa colona* and *Euphorbia geniculata* could emerged from 10 cm of the soil depths. However, fewer seeds could emerge. The maximum emergence recorded at surface, 2 and 5 cm depths. *Alternanthera sessilis* could emerge from 5 cm of soil depth and emergence was very good at the surface and 2 cm of soil depths. *Paspaladium flavidum* and *Cyperus iria* could germinate at the surface and 2 cm soil depths, thereafter there was no germination (**Figure 1.5c**). However, maximum emergence was recorded at surface.



चित्र 1.5: प्रमुख खरपतवारों के बीजों के अंकुरण पर गहराई का प्रभाव अ) शीत ऋतु, ब) ग्रीष्म ऋतु एवं स) वर्षा ऋतु
Figure 1.5 : Effect of seed burial depths on emergence of major weeds of a) winter, b) summer and c) rainy season

1.2.7 रोपित धान में खरपतवार प्रबलता एवं फसल उत्पादकता पर नई पीढ़ी के शाकनाशीयों का प्रभाव

2019 के दौरान रोपित धान के अध्ययन क्षेत्र में *डायनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, इलुशाइन इंडिका, इकाईनोक्लोआ कोलोना, ईकाइनोक्लोआ क्रूसगाली, डिजिटारिया सांगुनेलिस* (घास के खरपतवार), *अल्टरनेंथेरा सेसिलिस, सायसुलिया ऑक्सीलेरिस, लुडविजिया पर्वीलोरा, सायनोटिस एक्सीलेरिस,* (चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार) एवं केवल एक *साइप्रस इरिया* मोथाकुल के खरपतवार मौजूद थे। रोपण के 60 दिन पश्चात, फ्लोरपायराक्सीफेन–बेन्जिल + सायहलोफोप 150 ग्रा/हे प्रयोग पर 98.6% खरपतवार नियंत्रण दक्षता प्राप्त हुई, इसके पश्चात सायहलोफोप + पेनॉक्सुलाम 135 ग्रा/हे पर प्राप्त हुई, जो की हाथ से निंदाई करने पर (88.3%) से भी अधिक थी। फ्लोरपायराक्सीफेन–बेन्जिल + सायहलोफोप बेहतर खरपतवार दमन, लंबी बाली, अधिक अनाज/बाली प्राप्त करने में मददगार साबित हुए जिसके परिणामस्वरुप अनाज की अधिकतम उपज 5.52 टन/हे प्राप्त हुई और इसके पश्चात सायहलोफोप + पेनॉक्सुलाम पर 135 ग्रा/हे (5.06 टन/हे) और दो हाथ निंदाई पर 5.03 टन/हे का उत्पादन हुआ। फ्लोरपायराक्सीफेन– बेन्जिल + सायहलोफोप के उपचारित प्लॉटों में दो बार हाथ से निंदाई की तुलना में 10% अधिक अनाज की उपज दर्ज की गई **(चित्र 1.6)**।

1.2.7 Effect of new-generation herbicides on weed prevalence and crop productivity on transplanted rice

In transplanted rice during 2019, study area comprised with *Dinebra retroflexa, Eleucine indica, Echinochloa colona, Echinochloa crus-galli, Digitaria sanguinalis* (grassy weeds), *Alternanthera sessilis, Caesulia axillaris, Ludvidia parviflora, Cynotis axillaris* (broad-leaved weeds) and *Cyperus iria* was only sedge present. At 60 DAT, application of florpyrauxifen-benzyl + cyhalofop at 150 g/ha provided 98.6% of WCE followed by cyhalofop + penoxsulam at 135 g/ha, which were even higher than the two hand weeding (88.3%). The better weed suppression in florpyrauxifen-benzyl + cyhalofop helped in synthesizing more tillers/hill, longer panicles, more grains/panicle resulted in higher grain yield 5.53 t/ha followed by cyhalofop + penoxsulam at 135 g/ha (5.06 t/ha) and two hand weeding (5.03 t/ha). Florpyrauxifen-benzyl + cyhalofop treated plots recorded 10% higher grain yield than two hand weeding (**Figure 1.6**).



चित्र 1.6: रोपाई वाले धान में खरपतवार कवरेज पर पोस्ट–उद्भव शाकनाशी का प्रभाव
Figure 1.6: Effect of post-emergence herbicides on weed coverage in transplanted rice

1.3 एकीकृत खरपतवार प्रबंधन के माध्यम से उपयोग दक्षता में प्रणाली आधारित दृष्टिकोण के द्वारा सुधार

1.3.1 धान मक्का मूंग फसल प्रणाली में खरपतवार वृद्धि, फसल उत्पादकता तथा पोषक तत्व उपयोग दक्षता पर खरपतवार और पोषक तत्व प्रबंधन पद्धतियों का प्रभाव

मक्का (*रबी*, 2018–19)

मेडिकागो पोलीमोर्फा, पास्पेलिडियम स्पी., *अवेना लुडोविसिआना, विसिआ सेटाईवा* एवं *चेनोपोडियम एलबम* स्वीट कोर्न में मुख्य खरपतवार थे। पोषक तत्व प्रबंधन पद्धति का बुवाई के 60 दिनों के बाद कुल खरपतवार घनत्व पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा, जबकि, प्रमुख खरपतवारों का शुष्क जैवभार संचय स्वीट कोर्न की पोषक तत्वों की विभिन्न खुराक के साथ भिन्न था **(चित्र 1.7अ)**। 60 दिनों की बुवाई के बाद, बिना खरपतवार प्रबंधन स्थिति की तुलना में सभी खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों ने मक्का में कुल खरपतवार घनत्व और सूखे जैवभार संचय को काफी कम कर दिया था **(चित्र 1.7ब)**। विभिन्न खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों में, एट्राजिन 1000 ग्राम प्रति हेक्टेयर (प्री–इमरजेंस) के बाद टेम्बोट्रिओन 120 ग्राम प्रति हेक्टेयर (पोस्ट–इमरजेंस) या यांत्रिक निराई को क्रमबद्ध रूप में उपयोग करने पर अकेले प्री–इमरजेंस अथवा पोस्ट–इमरजेंस की तुलना में खरपतवार के घनत्व और शुष्क जैवभार संचय को कम करने में बेहतर पाया गया।

1.3 System-based approach to improve input use efficiency through integrated weed management practices

1.3.1 Effect of weed and nutrient management practices on weed growth, crop productivity and nutrient use efficiency in rice-maize-greenmanure cropping system

Maize (*Rabi*, 2018-19)

The dominating weed flora in sweet corn during *Rabi* season were *Medicago polymorpha, Paspalidium spp., Avena ludoviciana, Vicia sativa* and *Chenopodium album*. The nutrient management practices had not any significant impact on total weed density at 60 days after sowing (DAS), whereas, dry biomass accumulation by the dominating weeds were varied significantly with the varied level of nutrient dose in sweet corn **(Figure 1.7a)**. At 60 DAS, as compared to un-weeded situation, all the weed management practices significantly reduced the total weed density and dry biomass accumulation in maize **(Figure 1.7b)**. Among the various weed management practices, sequential application of atrazine 1000 g/ha as pre-emergence (PRE) *fb* tembotrione 120 g/ha as post-emergence (POST) or mechanical weeding performed better in reducing the density and dry biomass accumulation of weeds than that of sole PRE and POST herbicides.





Note: RDF in sweet corn is 225-60-60 kg /ha; Weed management practices are: Weedy; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS; tembotrione + atrazine 120+500 g/ha at 20 DAS; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS *fb* tembotrione 120 g/ha at 30 DAS; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS *fb* mechanical weeding at 30 DAS.

चित्र 1.7: स्वीट कोर्न की बुवाई के 60 दिन बाद खरपतवार के घनत्व और शुष्क वजन पर पोषक तत्व (अ) और खरपतवार प्रबंधन विधियों (ब) का प्रभाव

Figure 1.7: Effect of nutrient (a) and weed management (b) practices on weed density and dry weight at 60 DAS in sweet corn

पोषक तत्वों के स्तर में वृद्धि के साथ पौधे की वृद्धि एक निश्चित स्तर तक बढी थी। जिसके परिणाम स्वरुप, उर्वरक दर (75% आर.डी.एफ) कम होने के साथ सबसे कम कोब की उपज देखी गई और अधिकतम उपज 150% आर.डी.एफ. के साथ पाई गयी। उर्वरक दर में वृद्धि पचत्तर प्रतिषत आर.डी.एफ. की तुलना में 125 या 150% आर.डी.एफ. में स्वीट कॉर्न की कोब उपज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी **(चित्र 1.8अ)**। विभिन्न खरपतवार प्रबंधन

With the increment of the nutrient level the plant growth was increased up to a certain level. As a result, the lowest cob yield was noticed with curtailment of the fertilizer rate (75% RDF) and the maximum one was noticed with 150% of RDF. The cob yield of sweet corn was increased with increment of fertilizer rate significantly at 125 or 150 % RDF in comparison to 75% RDF **(Figure 1.8 a)**. Among

पद्धतियों में से बिना खरपतवार प्रबंधन स्थिति में कम मक्का के पौधों सबसे कम उंचाई और पौधों की कम केनोपी पाई गयी। बिना खरपतवार प्रबंधन स्थिति में कोब की पैदावार सबसे कम देखी गयी **(चित्र 1.8 ब)**। एकीकृत खरपतवार प्रबंधन पद्धति (एट्राजीन 1000 ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई के 3 दिन बाद तथा यांत्रिक निराई बुवाई के 30 दिन बाद) और प्री–इमरजेंस के बाद पोस्ट–इमरजेंस खरपतवारनाशी (एट्राजीन 1000 ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई के 3 दिन बाद तथा टेम्बोट्रीयोन 120 ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई के 30 दिन बाद) क्रमबद्ध रूप में उपयोग करने पर अकेले प्री–इमरजेंस अथवा पोस्ट–इमरजेंस की तुलना में स्वीट कॉर्न की कोब उपज को सांख्यिकीय रूप से बेहतर पाया गया है।

different weed management practices, the short maize plant and lowest plant canopy was observed under un-weeded situation. The lowest values of cob yield were noticed under un-weeded situation **(Figure 1.8b)**. The performance of integrated weed management practices (atrazine 1000 g/ha at 3 DAS fb mechanical weeding at 30 DAS) and PRE fb POST herbicide (atrazine 1000 g/ha at 3 DAS fb tembotrione 120 g/ha at 30 DAS) was statistically superior over sole PRE and POST herbicides in respect of increasing cob yield of sweet corn.



Note: RDF in sweet corn is 225-60-60 kg /ha; Weed management practices are: Weedy; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS; tembotrione + atrazine 120+500 g/ha at 20 DAS; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS fb tembotrione 120 g/ha at 30 DAS; atrazine 1000 g/ha at 3 DAS fb mechanical weeding at 30 DAS.

चित्र 1.8: स्वीट कोर्न के भुट्टा उपज पर पोषक तत्व (अ) और खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों (ब) का प्रभाव
Figure 1.8: Effect of nutrient (a) and weed management (b) practices on cob yield of sweet corn

धान (*खरीफ*, 2019)

खरीफ मौसम के दौरान रोपाई वाले हाइब्रिड धान में *इकाईनोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेथेरा पेरोनिकोइडस* और *साइपरस ईरिया* मुख्य खरपतवार थे। धान में पोषक तत्व प्रबंधन पद्धतियों का बुवाई के 60 दिनों के बाद कुल खरपतवार घनत्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, जबकि, पोषक तत्वों की खुराक के विभिन्न स्तर से प्रभावी खरपतवारों के शुष्क भार का संचय काफी विभिन्न रहा **(चित्र 1.9अ)**। खरपतवार का न्यूनतम शुष्कभार उर्वरक की 125 प्रतिशित अनुशंसित मात्रा के साथ दर्ज किया गया था। विभिन्न खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों में, बेन्सल्यूरोन मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर (60+600) ग्राम प्रति हेक्टेयर (प्री–इमरजेंस) के बाद बिस्पायरिबैक–सोडियम रोपाई के 25 दिन बाद 25 ग्राम प्रति हेक्टेयर तथा बेन्सल्यूरोन मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर (60+600) ग्राम प्रति हेक्टेयर (प्री–इमरजेंस) तथा पारंपरिक निराई रोपाई के 30 दिन बाद करने पर खरपतवार की वृद्धि को काफी कम किया और धान की पैदावार को बढ़ाया **(चित्र 1.9ब)**। शाकनाशियों (प्री–इमरजेंस के बाद पोस्ट–इमरजेंस) के क्रमबद्ध रूप में उपयोग करने पर तथा प्री–इमरजेंस के बाद यांत्रिक निराई के एकीकरण से केवल रासायनिक दृष्टिकोण की तुलना में धान के बीज की उपज में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

Rice (*Kharif*, 2019)

The most dominating weed flora in transplanted hybrid rice during *kharif* season were *Echinochloa colona*, *Alternanthera paronychioides* and *Cyperus iria*. The nutrient management practices had no impact on total weed density at 60 DAT, whereas, dry biomass accumulation by the dominating weeds were varied significantly with the varied level of nutrient dose in rice **(Figure 1.9a)**. The minimal dry biomass of weed was recorded with 125% RDF. Among the various weed management practices, sequential application of bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600 g/ha) as PRE *fb* bispyribac-Na 25 g/ha at 25 DAT (POST); bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600 g/ha) as PRE *fb* mechanical weeding at 30 DAT significantly reduced the total weed growth and enhanced the grain yield of rice crop **(Figure 1.9b)**. Sequential application of herbicides (PRE *fb* POST) and integration of mechanical weeding following PRE herbicide enhanced the rice grain yield by ~10% than that of sole chemical approach.



Note: RDF in hybrid rice is 175-60-60 kg /ha; Weed management practices are: Weedy; bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600) g/ha at 5 DAT; bispyribac-sodium 25 g/ha at 15 DAT; bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600) g/ha at 5 DAT *fb* bispyribac-Na 25 g/ha at 25 DAT; bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600) g/ha at 5 DAT *fb* MW at 30 DAT

चित्र 1.9: हाइब्रिड धान के बीज की पैदावार और रोपाई के 60 दिन बाद खरपतवार शुष्कवजन पर पोषक तत्व (अ) और खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों (ब) का प्रभाव

Figure 1.9: Effect of nutrient (a) and weed management (b) practices on weed dry weight at 60 DAT and grain yield of hybrid rice

1.3.2. धान–गेंहू–मूंग फसल प्रणाली में खरपतवार वृद्धि, फसल उत्पादकता और अदानों (इनपुट) उपयोग दक्षता पर विभिन्न जुताई, पोषक तत्व एवं खरपतवार प्रबंधन विधियों का मूल्यांकन

गेंहू (*रबी*, 2018–19)

रबी मौसम के दौरान गेहूं में मुख्य खरपतवार वनस्पतियों में *मेडिकागो डेंटिकुलाटा, अल्टरनेथेरा पैरोनिकोइड्स, लैथाइरस सैटाइवस* और *सोनकस आरवेन्सिस* थे। *अ. पैरोनिकोइड्स* केवल शून्य–जुताई (जेडटी) वाले गेहूं में देखा गया था, जबकि यह पारंपरिक जुताई (सीटी) वाले भूखंडों में अनुपस्थित था **(चित्र 1.10अ)**। यह *खरीफ* मौसम के दौरान पिछली धान की फसल का एक प्रमुख खरपतवार था, और सीटी वाले भूखंडों में की गई जुताई पद्धति इस विशेष खरपतवार को नियंत्रित करती है। विभिन्न जुताई पद्धतियों के बीच सबसे कम खरपतवार वृद्धि टीपीआर–सीटी भूखंडों में दर्ज की गई थी, जबकि, अधिकतम खरपतवार वृद्धि जेडटी पद्धति के साथ साल भर देखी गयी। हालाँकि, गेंहू के बीज की उपज के संबंध में जुताई की पद्धतियों में बहुत अधिक अंतर नहीं था। दूसरी तरफ उर्वरक दर में वृद्धि के साथ, गेहूं की फसल की वृद्धि को बढ़ावा मिला और परिणामस्वरूप खरपतवार नियंत्रित रहे **(चित्र 1.10ब)**। उर्वरक दर में वृद्धि के साथ गेहूं के बीज की उपज में वृद्धि हुई थी। पोस्ट–इमरजेंस (क्लोडिनाफॉप+ मेटसल्यूरॉन 60+2 ग्राम प्रति हेक्टेयर बुवाई के 30 दिन बाद) के बाद पारंपरिक निराई के एकीकरण से केवल रासायनिक विधि की तुलना में खरपतवार नियंत्रण दक्षता थोडी बढ़ी **(चित्र 1.10स)**। बिना निंदाई की स्थिति में भारी खरपतवार की वृद्धि के कारण, सबसे कम अनाज की उपज बिना निंदाई भूखंडों में दर्ज कि गयी, जबकि एकीकृत खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों के साथ अधिकतम उपज देखी गयी।

1.3.2 Evaluation of different tillage, nutrient and weed management practices on weed growth, crop productivity and input use efficiency in rice-wheat-greengram cropping systems

Wheat (*Rabi*, 2018-19)

The dominating weed flora in wheat during *Rabi* season were *Medicago denticulata, Alternanthera paronychioides*, *Lathyrus sativus* and *Sonchus arvensis*. The occurrence of *A. paronychiodes* was observed in zero-till (ZT) wheat only, it was not observed in conventional till (CT) plots **(Figure 1.10a).** It was a major dominating weed of previous rice crop during *Kharif* season, and tillage practice performed in CT plots control this particular weed. Among the various tillage practices the lowest weed growth was recorded in TPR-CT plots, whereas, the maximum one was observed with ZT practice throughout the year. Although, tillage practices had not differ significantly in respect of grain yield of wheat. On the other hand, with increment of the fertilizer rate, the growth of wheat crop was boost up and as a result weeds were suppressed (**Figure 1.10b**). The grain yield of wheat was increased with increment of fertilizer rate. The integration of manual weeding following POST herbicide (clodinafop + metsulfuron 60+2 g/ha at 30 DAS) enhanced the weed control efficiency little bit than that of sole chemical approach (**Figure 1.10c**). Because of huge weed growth in un-weeded situation, the lowest grain yield was recorded in weedy plots, whereas, the maximum one was observed with integrated weed management practices.



Note: TPR: Transplanted rice; CT: Conventional tillage; ZT: Zero-tillage; R: Residue; DSR: Rirect-seeded rice; Chemical weed management approach: Clodinafop + metsulfuron (60+2) g/ha at 30 DAS Integrated weed management approach: Clodinafop + metsulfuron (60+2) g/ha at 30 DAS fb HW at 45 DAS.

चित्र 1.10: गेहूं में बुवाई के 60 दिन पश्चात जुताई, पोषक तत्व एवं खरपतवार प्रबंधन विधियों का खरपतवार वृद्धि एवं अनाज की उपज पर प्रभाव

Figure 1.10: Effect of tillage, nutrient and weed management practices on weed growth at 60 DAS and grain yield in wheat

धान (*खरीफ*, 2019)

खरीफ मौसम के दौरान धान के प्रायोगिक क्षेत्र में प्रमुख खरपतवारों में *इकाईनोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेन्थेरा पैरोनिकोइड्स, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* और *साइपरस ईरिया* थे। टीपीआर और सीटी–डीएसआर में *सा. इरिया* और *डा. रेट्रोफ्लेक्सा* का उच्च सापेक्ष घनत्व देखा गया, जबकि, जेडटी–डीएसआर में *अ. पैरोनिकोइड्स*, की उच्चतम सापेक्ष घनत्व और शुष्क वजन दर्ज किया। जहाँ एक तरफ टी.पी.आर. में न्यूनतम खरपतवार घनत्व और शुष्क भार देखा गया, वही दूसरी ओर जेड.टी.–डी.एस.आर. में अधिकतम देखा गया **(चित्र 1.11अ)**। डी.एस.आर. पद्धति के तहत प्रयोग की प्रगति के साथ (द्वितीय वर्ष) खरपतवार संक्रमण की मात्रा में वृद्धि हुई, और यह जेड.टी.–डी.एस.आर. में अधिक स्पष्ट था। उर्वरक दर में वृद्धि के साथ धान की फसल के विकास में भी वृद्धि हुई थी, लेकिन खरपतवार की वृद्धि और फसल की उपज पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया था **(चित्र 1.11ब)**। डी.एस.आर. पद्धति में प्री–इमरजेंस शाकनाशी के बाद पारंपरिक निंदाई के एकीकरण ने खरपतवार के विकास को कम करने और फसल उत्पादकता को बढ़ाने में रासायनिक पद्धति (प्री–इमरजेंस के बाद पोस्ट इमरजेंस) से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि, टीपीआर में केवल रासायनिक पद्धति ने ही एकीकृत के समान प्रदर्शन किया**(चित्र 1. 11 स)**।

यह देखा गया कि, 2 साल के लिए अवशेष समाकलन के साथ जेडटी–डीएसआर को अपनाने से मिट्टी की दरार की गहराई और सीटीडीएसआर से क्रमशः 84, 32 और टी.पी.आर. से क्रमशः 124, 147 प्रतिशत घटी।

Rice (*Kharif*, 2019)

The major dominating weed flora in the experimental field were dominating weed flora in rice during *kharif* season were *Echinochloa colona, Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa* and *Cyperus iria*. In TPR and CT-DSR, the higher relative density was observed with *C. iria* and *D. retroflexa*, whereas, *A. paronychiodes* recorded highest relative density and dry weight in ZT-DSR. The minimal density and dry biomass of weeds was observed in TPR, on the other hand the maximum one was observed with ZT-DSR **(Fig. 1.11a)**. The degree of weed infestation increased with the progress of experimentation (second year) under DSR system, and it was more pronounced in ZT-DSR. With the increment of fertilizer rate, the growth of rice crop was also increased, but, no significant effect was noticed on weed growth and crop yield **(Fig. 1.11b)**. The integration of manual weeding following PRE herbicide performed better than chemical approach (PRE *fb* POST) in reducing the weed growth and enhancing crop productivity in DSR system, whereas, in TPR sole chemical approach was equally performed as integrated one **(Fig. 1.11c)**.

It was observed that, adoption of ZT-DSR with residue retention for 2 years, reduced soil crack depth and width by 84, 32% and 124, 147%, respectively over CT-DSR and TPR.



Note: RDF in rice is 120-60-40 kg /ha; TPR: Transplanted rice; CT: Conventional tillage; ZT: Zero-tillage; R: Residue; DSR: Direct-seeded rice; Chemical weed management approach: Bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600) g/ha at 5 DAT fb bispyribac-Na 25 g/ha at 25 DAT (TPR), Pyrazosulfuron ethyl 20 g/ha at 2 DAS fb bispyribac-Na 25 g/ha at 20 DAS (DSR/ZTDSR); Integrated weed management approach: Bensulfuron methyl + pretilachlor (60+600) g/ha at 5 DAT fb MW at 30 and 60 DAT (TPR); Pyrazosulfuron ethyl 20 g/ha at 2 DAS fb MW at 30 and 60DAS (DSR/ZTDSR).

चित्र 1.11: धान में रोपाई के 60 दिन पश्चात जुताई, पोषक तत्व एवं खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों का खरपतवार वृद्धि एवं बीज की उपज पर प्रभाव

Figure 1.11: Effect of tillage, nutrient and weed management practices on weed growth at 60 DAT and grain yield in rice

1.3.3 रोपाई वाले धान और शून्य–जुताई वाले गेहूं में नई पीढ़ी के शाकनाशियों के संयोजन का मूल्यांकन

धान (*खरीफ*, 2019)

प्रायोगिक मौसम के दौरान, रोपाई वाळे संकर धान में प्रमुख खरपतवारों में *ईकाइनोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेन्थेरा पैरोनिकोइड्स, डाइनेब्रा रेट्रोलेक्सा* और *साइपरस ईरिया* थे। खरपतवार के घनत्व और शुष्क भार संचय को कम करने के लिए सभी खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों ने बेहतर प्रदर्शन किया **(चित्र 1. 12)**। विभिन्न शाकनाशी संयोजनों के बीच, रोपाई के 60 दिनों के बाद बेन्सल्फुरोन–मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर एंव पिनोक्सुलाम + ब्युटाक्लोर के तैयार मिश्रण को प्री–इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर कम खरपतवार घनत्व देखा गया, जबकि साइहेलोफॉप + पिनोक्सुळाम को पोस्ट इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर खरपतवार का सबसे कम भार संचय दर्ज किया गया। खरपतवार वाळे चेक की तुलना में, बेन्सल्फुरोन–मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर को प्री–इमरजेंस के रुप में तथा साइहेळोफॉप + पिनोक्सुलाम को पोस्ट–इमरजेंस के रुप में उपयोग करने पर खरपतवार की वृद्धि को 98% तक कम किया तथा धान की उपज में 45% तक बढोतरी हुई। सबसे अधिक धान की पैदावार दो बार हाथ से निराई के उपचार में दर्ज की गई और यह सांख्यिकीय रूप से बेन्सल्फुरोन–मिथाइल + प्रेटिलाक्लोर एंव पिनोक्सुलाम + ब्युटाक्लोर (प्री–इमरजेंस) तथा (पोस्ट–इमरजेंस) के उपयोग करने के समान था।

1.3.3 Evaluation of new generation herbicide combinations in transplanted rice and zero-till wheat

Rice (*Kharif*, 2019)

During the experimental season, the major dominating weed flora in transplanted hybrid rice was *Echinochloa colona, Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa* and *Cyperus iria*. All the weed management practices performed better in minimizing weed density and dry biomass accumulation **(Figure 1.12)**. Among different herbicide combinations, lower weed density at 60 DAT was observed with the ready mix application of bensulfuron-methyl + pretilachlor and penoxsulam + butachlor as pre-emergence, whereas, lowest biomass accumulation of weeds was recorded by cyhalofop + penoxsulam as post-emergence. As compared to un-weeded check, application of bensulfuron-methyl + pretilachlor as pre-emergence and cyhalofop + penoxsulam as post-emergence performed better in reducing weed growth (up to 98%) and improving grain yield of rice by 45%. Two hand weeding treatment recorded highest rice grain yield and it was statistically similar with the application of bensulfuron-methyl + pretilachlor and penoxsulam + butachlor as pre-emergence, and cyhalofop + penoxsulam as post-emergence.



Note: Bensulfuron-methyl + pretilachlor (60+600) g/ha as ready mix (RM) at 3-5 DAT; pretilachlor + pyrazosulfuron-ethyl (600+15) g/haas RM at 3-5 DAT; penoxsulam + butachlor (20+800) g/ha as RM at 3-5 DAT; penoxsulam + pyrazosulfuron-ethyl (25+20) g/ha as tank mix (TM) at 3-5 DAT; cyhalofop + penoxsulam (112.5+ 22.5) g/ha as RM at 20 DAT; triafamone + ethoxysulfuron (45+22.5) g/ha as RM at 20 DAT; fenoxaprop-p-ethyl + bentazone (60+960) g/ha as TM at 20 DAT; fenoxaprop-p-ethyl + 2, 4-D (60+500) g/ha as TM at 20 DAT; bispyribac-Na 25 g/ha at 20 DAT; metsulfuron-methyl + chlorimuron-ethyl (2+2) g/ha as RM at 20 DAT; hand weeding at 20 and 40 DAT; and unweeded

चित्र 1.12: रोपाई वाले धान के 60 दिन बाद खरपतवार प्रबंधन पद्धतियों का खरपतवार वृद्धि और बीज उपज पर प्रभाव

Figure 1.12: Effect of weed management practices on weed growth at 60 DAT and grain yield in transplanted rice

1.3.4 धान–गेहूँ–मूंग फसल प्रणाली और खरीफ मक्का में पोस्ट–इमरजेंस शाकनाशीयों की प्रभावकारिता बढ़ाने पर ट्राइसिलोक्सेन का प्रभाव

धान (*खरीफ*, 2019)

सीधी बुवाई वाले धान (डी.एस.आर.) में प्रमुख खरपतवार वनस्पतियों में *इकाईनोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेन्थेरा पैरोनिकोइड्स, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* और *साइपरस ईरिया* थे। डीएसआर में साइहेलोफॉप + पिनोक्सुलाम (तैयार मिश्रण) फिनोक्साप्रोप + बेंटाजोन (टैंक–मिक्स) के साथ ट्राईसिलोक्सैन (एक सिलिकॉन आधारित सहायक) के साथ या उसके बिना उपयोग करने पर खरपतवार घनत्व को कम करता है। ट्राइसिलोक्सेन के मिलाने से ट्राइफामोन + एथॉक्सिसल्यूरोन की प्रभावकारिता बढी और मुख्य खरपतवारों की वृद्धि को कम किया। खरपतवारों द्वारा शुष्क भार संचय को कम करने के संबंध में, फिनोक्साप्रोप + पिनोक्सुलाम के टैंक–मिक्स के उपयोग से अन्य शाकनाशी के संयोजनों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। वर्षा के अनियमित वितरण और खरपतवारों के बार–बार आने की वजह से धान की फसल की पैदावार बहुत ही कम रही। विभिन्न शाकनाशीयों के संयोजन में से, फिनोक्साप्रोप + बेंटाजोन के टैंक–मिक्स में ट्राइसिलोक्सेन सहायक के साथ उपयोग करने से धान की फसल की अधिकतम उपज दर्ज की गई।

मक्का (*खरीफ* 2019)

क्षेत्र परीक्षण 12 उपचारों और तीन प्रतिकृतियों के साथ आरबीडी में किया गया था। मक्का में प्रमुख खरपतवार वनस्पतियों में *इकाईनोक्लोवा कोलोना, अल्टरनेन्थेरा पैरोनिकोइड्स, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा* और *साइपरस ईरिया* थे। अरली पोस्ट–इमरजेंस टेम्बोट्रीयोन + एट्राजीन एवं टोपरामेजोन + एट्राजीन के साथ

1.3.4 Influence of trisiloxane on enhancing efficacy of post-emergence herbicides in rice-wheat-greengram cropping system and in *kharif* maize

Rice (Kharif, 2019)

The dominating weed flora in direct-seeded rice was *Echinochloa colona, Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa* and *Cyperus iria*. Application of cyhalofop + penoxsulam (ready mix) and fenoxaprop + bentazone (tank mix) with or without trisilioxane (a silicon based adjuvant) minimize the weed density in DSR. The addition of trisilioxane enhanced the efficacy of triafamone + ethoxysulfuron herbicide in reducing the growth of most dominating weeds. In respect of reducing dry biomass accumulation by weeds, the tank mix application of fenoxaprop + penoxsulam performed better than that of other herbicide combinations. Due to erratic distribution of rain and subsequent flushes of weeds the performance of rice crop was very meager and produced grain yield in lower amount. Among various herbicide combination, the maximum rice grain yield was recorded with tank mix application of fenoxaprop + bentazone with trisilioxane adjuvant.

Maize (*Kharif*, 2019)

The field experiment was conducted with 12 treatments in RBD with three replications. The major dominating weed flora in maize was *Echinochloa colona, Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa* and *Cyperus iria*. Early post-emergence application of tembotrione +

ट्राइसिलोक्सेन मिलाने या उसके बिना उपयोग करने पर खरपतवार घनत्व और शुष्कभार संचय को बहुत प्रभावी ढंग से कम कर दिया। ट्राइसिलोक्सेन के मिलाने से 2,4–डी की खरपतवार नियंत्रण प्रभावकारिता 17.5% बढ़ी। मक्का की सबसे अधिक बीज उपज ट्राइसिलोक्सेन के साथ या उसके बिना टेम्बोट्रीयोन् + एट्राजीन और टोपरामेजोन + एट्राजीन के टैंक मिक्स उपयोग करने से प्राप्त की गई थी, और यह खरपतवार मुक्त स्थिति के बराबर थी। टेम्बोट्रीयोन + एट्राजीन के साथ ट्राइसिलोक्सेन के परिवर्धन से मक्का की बीज उपज में 12.7% की वृद्धि हुई।

1.4 कम लागत, संकीर्ण अंतराल एवं अंतर पंक्ति खरपतवार वाली फसलों के लिए बैठकर और पीछे से चलाने के निराई उपकरण का डिजाइन और निर्माण

1.4.1 विभिन्न फसल प्रणाली के तहत विकसित प्रोटो टाइप का परीक्षण

विभिन्न फसल प्रणाली के अंतर्गत विकसित प्रोटोटाइप मॉडल का परीक्षण अलग–अलग फसल प्रणाली में किया गया। विकसित वीडर को **चित्र 1.13** दर्शाया गया है तथा उनके विनिर्देश **तालिका 1.16** में दिए गए है। यह देखा गया कि वीडर के असंतुलन और सामने की टिपिंग तब होती है जब ऑपरेटर यू टर्न लेता है। इसके कारण ऑपरेटर निराई उपकरण पर नियंत्रण खो देता है। वीडर का पूरी तरह से निरीक्षण और सत्यापन करने के बाद, यह पाया गया कि, इंजन को सामने की तरफ रखने के कारण समस्या पैदा हो रही थी और यदि इंजन को पीछे ऑपरेटर सीट के नीचे की ओर स्थानांतरित कर दिया जाये तो इस समस्या से बचा जा सकता है।



चित्र 1.13: फ्रंट माउंटेड इंजन के साथ विकसित किया गया प्रोटो टाइप मॉडल
Figure1.13: Proto type model developed with front mounted engine

atrazine and topramezone + atrazine with or without trisilioxane adjuvant reduced the weed density and dry biomass accumulation very effectively. The addition of trisilioxane enhanced the weed control efficacy of 2,4-D by 17.5%. The higher grain yield of maize was obtained with the tank mix application of tembotrione + atrazine and topramezone + atrazine with or without trisilioxane, and it was at par with weed free situation. The addition of trisilioxane with tembotrione + atrazine enhanced the grain yield of maize by 12.7%.

1.4 Design and development of low cost riding type and walk behind type inter row weeders for narrow spaced crops

1.4.1. Testing of developed proto types under different cropping system

The developed proto type model was tested initially under different cropping systems. The developed weeder is shown in **Figure 1.13** and their specification is given in **Table 1.16** It was observed that, unbalancing and front tipping of the weeder occurs when operator taking U turns. This causes the operator to lose control over the weeder. After thorough inspection and verification in the weeder, it was found that, the problem was causing because of placing the engine at front side and if the engine shifted to back side, below the operator seat, the observed problem may be avoided.

तालिका 1.16: विकसित वीडर का विशेष विवरण
Table 1.16: Specification of the developed weeder

Parameter	Details
Machine type	Sitting – inter row weeder
Engine capacity	5 hp
Cutting type	V-shaped sweep type
Cutting tool width (single unit)	15 cm and more
Depth of operation	Up to 6 cm
Total width of cut	1.25 m (adjustable)
Driving type	Self driven
Driving wheel	Front
Track width	Adjustable
Operational speed	3.5 to 5 km/h
Field capacity	0.3-0.44 ha/h
Field efficiency	70%
Weeding efficiency	60-65%
Suitable to the crop row spacing's	20 cm and more

1.4.2. निराई उपकरण का संशोधन और कार्य मूल्यांकन

खेत की भूमि की स्थिति में समस्या कों देखने के बाद, वीडर के इंजन को सामने से हटाकर ऑपरेटर सीट के नीचे की तरफ लगा कर कों संशोधित किया गया। अंतिम संशोधन करने से पहले प्राटो–टाइप वीडर को "सालिड वर्क्स सॉटवेयर" संस्करण 2015 में विकसित और परीक्षण किया गया था। सॉलिड वर्क्स सॉटवेयर में विकसित संशोधित वीडर का आरेखीय **चित्र 1.14, 1.15, 1.16** में दिखाया गया है। सॉलिड वर्क्स सॉटवेयर, विभिन्न खेतों की भूमि की स्थितियों का अनुकरण करके कंप्यूटर मॉडल विकसित एंव परीक्षण करने के लिए उपयोग किए जाने वाला एक डिजाइनिंग सॉटवेयर है। यह सिमुलेशन, वीडर के निर्माण से पहले कोई भी संशोधन करने में मदद करता है। मृदा में काम करने वाला संशोधित वीडर प्रोटो–टाइप कंप्यूटर में सिम्युलेटेड है और **चित्र 1.16** में दिखाया गया है।

1.4.2. Modification and performance evaluation of the weeder

After observing the problems at field conditions, the weeder was modified by shifting the engine from front side to back side under operator seat. Before making the final modification, the proto-type weeder was developed and tested in "Solid Works Software", version 2015. The schematic diagram of modified weeders developed in Solid Works Software is shown in the **Figure 1.14, 1.15, 1.16**. The Solid Works Software is designing software used to develop the computer model and test in computer by simulating the different field conditions. This simulation helps to make any modification to weeder before going to the fabrication. The modified weeder proto type working in soil is simulated in computer and shown the same in **Figure 1.16**.



चित्र 1.14: सॉलिड वर्क्स सॉफ्टवेयर में डिजाइन किए गए निराई उपकरण का संशोधित संस्करण
Figure 1.14: Modified version of the weeder designed in solid works software



चित्र 1.15: सॉलिड वर्क्स सॉटवेयर के द्वारा विभिन्न ऑपरेटिंग पोजिशन के तहत संशोधित निराई उपकरण
Figure 1.15: Modified weeder under different operating positions, developed under Solid Works Software



Weeder engaged with soil



Weeder in idle condition



Top view of the model in crop field



Isometric view of the model

चित्र 1.16: सॉलिड वर्क्स सॉटवेयर में विकसित प्रोटो–टाइप को फसल क्षेत्र के अनुसार सिमुलेशन किया है।

Figure 1.16: Simulation of the developed proto type under crop field in Solid Works Software

निराई उपकरण की विशेषता

विकसित निराई उपकरण, मौजूदा वॉकिंग टाइप वीडर की तुलना में 16 से 67 कि.मी. की पैदल दूरी कों कम करके निराई उपकरण ऑपरेटर के कठिन परिश्रम को कम करता है। इस निराई उपकरण का इस्तेमाल बहुउद्देश्यी हैं जैसे कि निराई, गुड़ाई और अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है और इसकी लागत लगभग 40000/– ₹ हैं।

Specialty of the weeder

The developed weeder reduces the drudgery of weeder operator by eliminating a walking distance of 16 km (if operating width of weeder is 60 cm) to 67 km (if operating width of weeder is 15 cm) over existing walking type weeders. This weeder can be used for multi-purposes like weeding, earthing-up operations etc and costs only around ₹40,000/-.

2 अनुसंधान कार्यक्रम – 2
RESEARCH PROGRAMME – 2

जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता
Weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance

भूतकाल में जलवायु परिवर्तन सैकड़ों या हजारों वर्षों में हुए हैं, लेकिन पिछले कुछ दशकों में कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान में वृद्धि में तेजी से बदलाव ने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। जलवायु के संदर्भ में पारिस्थितिक प्रणाली में मामूली परिवर्तन भी पादप पारिस्थितिकि पर बहुआयामी प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का परिमाण, कृषि उत्पादकता पर अधिक होने की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के विभिन्न कारकों में से कार्बनडाईआक्साइड और तापमान में वृद्धि से पादप के उपापचय पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। इन जलवायु परिवर्तन कारकों का फसल और खरपतवार के साथ–साथ उनकी पारस्परिक क्रिया के अलग–अलग विकास चरणों पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि उच्च वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड सांध्रता, सी$_3$ पौधों की तुलना में सी$_4$ पोधों में प्रकाश संश्लेषण को अधिक बढाता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य जलवायु परिवर्तन कारकों के साथ संयोजन में वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड की उच्च सांध्रता कैसे फसल–खरपतवार प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी, और इसमें कौन–कौन से तंत्र शामिल है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन के कारक शाकनाशीयों की प्रभावशीलता पर भी प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए, जलवायु परिवर्तन परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए बेहतर तैयारी के लिए फसलों और खरपतवारों के व्यवहार का अध्ययन तात्कालिकता का विषय है।

भारत को अपनी बड़ी आबादी के साथ–साथ गरीबी और कुपोषण के कारण खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चिंता है। भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 20 प्रतिशत बच्चे तीव्र कुपोषण से ग्रस्त हैं। ऐसी समस्या से निपटने के लिए, गरीब लोगों को सस्ते, पोषक तत्वों से भरपुर और विविध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सामग्री का विविधीकरण आवश्यक है, क्योंकि उनमें से ज्यादातर केवल गेहूं और चावल जैसे मुख्य अनाज पर निर्भर हैं। ग्रामीण भारत में कई खरपतवार प्रजातियों को खाद्य सामग्री के रूप में उपयोग किया जाता रहा है और ऐसी प्रजातियों में पोषक तत्वों के होने की अधिक संभावना है। हालांकि अभी तक ऐसी प्रजातियों पर अधिक वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। बथुआ नामक खरपतवार उपरोक्त मानदंडों को पूरा करता हैं और इसलिए प्रस्तावित कार्य के लिए चुना गया हैं।

Climate changes in the past have occurred over hundreds or even thousands of years, but swift changes in increase of carbon dioxide and temperature in last few decades have drawn attention at global level. Even minor changes in ecological system with reference to climate can have multifaceted effects on the plant system. Hence, the degree of impact of climate change is expected more on agricultural productivity. Among the different factors of climate change increase in CO_2 and temperature may have a significant impact on plant metabolism. These climate change factors may have positive or negative impact on the crop and weed as well as on their interactions at their different growth stages. The studies indicate that higher atmospheric CO_2 concentration stimulates photosynthesis more in C_3 than C_4 plants. However, it is not clear that how elevated CO_2 in combination with other climate change factors would affect the crop-weeds interaction/ competition and what is (are) the mechanism(s) involved. Apart from this climate change, factors may also impact on the effectiveness of herbicides. Hence, study of behaviour of crops and weeds and their management under climate change scenario is a matter of urgency for the better preparedness.

Ensuring food and nutrition security is a major concern to India, due to its large population as well as poverty and malnutrition. In India 20% of children below the five years of age suffer from acute malnutrition. Hence, to tackle this malnutrition especially among poor population is a major challenge to Government of India as most of them are surviving only on core grains like wheat and rice. To deal with such problem, diversification of nutritionally rich and cheap source of food stuff is needed and ensuring availability and access to the poor people. In rural India, many weed species are being consumed and such species definitely have potential to be food stuff, however not much scientific information is available on such species. *Chenopodium* fulfill the above criteria and hence chosen for the proposed work.

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associates
2.1 बहुमुखी जलवायु परिवर्तन के तहत फसल–खरपतवार जीवविज्ञान Crop-weed biology under multifaceted climate change **प्रमुख अन्वेषणकर्ता:** ***भुमेश कुमार / सुभाष चन्द्र** **Principal Investigator:** ***Bhumesh Kumar/ Subhash Chander** ***स्थानान्तरण / Transferred**	2.1.1 उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान के तहत खरीफ मौसम के लक्ष्य खरपतवारों के खिलाफ शाकनाशियों (बिसपायरेबिक सोडियम, टोप्रामिजोन और टेम्बोट्रिओन) की प्रभावकारिता Efficacy of herbicides (bispyribac-Na, topramezone and tembotrinoe) against target weeds of *Kharif* season under elevated CO_2 and elevated temperature	दीपक पवार Deepak Pawar
	2.1.2 कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान के तहत खरीफ मौसम के लक्ष्य खरपतवारों के विरूध शाकनाशियों (क्लोडिनाफोप–प्रोपेर्जिल, क्लोडिनाफोप–प्रोर्पेजिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल एंव सलफोसल्फयुरोन) की प्रभावकारिता Efficacy of herbicides (clodinafop-propargyl, clodinafop-propargyl + metsulfuron-methyl and sulfosulfuron) against target weeds of *Rabi* season under elevated CO_2 and elevated temperature	दीपक पवार Deepak Pawar

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associates
	2.1.3 बुवाई की विभिन्न तिथियों का खरपतवार विविधता तथा धान की वृद्धि और उपज पर प्रभाव Effect of different date of sowing on weed diversity, growth and yield of rice	दीपक पवार Deepak Pawar
	2.1.4 खरपतवार हर्बेरियम का अंकरूपण Digitization of weed herbarium	सुभाष चन्द्र Subhash Chander दीपक पवार Deepak Pawar
2.2 *चिनोपोडियम* प्रजातियों का पौष्टिकता मूल्यांकन, आकारिकी और आनुवांशिक विविधता का अध्ययन Studies on the nutritional assessment, morphological and genetic diversity of *Chenopodium* species **प्रमुख अन्वेषणकर्ता:** **सुभाष चन्द्र** **Principal Investigator:** **Subhash Chander**	2.2.1 *चिनोपोडियम हायब्रिडम, चि. बोट्राइस* एंव *चि. मुरेल* के जीवविज्ञान का अध्ययन Study of weed biology of *Chenopodium hybridum, C. botrys* and *C. murale*	दीपक पवार Deepak Pawar शोभा सौंधिया Shobha Sondhia
	2.2.2 विभिन्न *चिनोपोडियम* एक्सेशन्श में मात्रात्मक लक्षण और भिन्नता Quantitative traits and variation in different *Chenopodium* accessions	दीपक पवार Deepak Pawar शोभा सौंधिया Shobha Sondhia
	2.2.3 *चिनोपोडियम* की विभिन्न प्रजातियों के पोषण संबंधी विश्लेषण Nutritional analysis of different accessions of *Chenopodium* species	दीपक पवार Deepak Pawar शोभा सौंधिया Shobha Sondhia
	2.2.4 विभिन्न चिनोपोडियम एक्सेशन्श में आणविक विविधता Molecular diversity in different *Chenopodium* accessions	दीपक पवार Deepak Pawar शोभा सौंधिया Shobha Sondhia

2.1 बहुमुखी जलवायु परिवर्तन के तहत फसल–खरपतवार जीवविज्ञान

2.1.1 उच्च कार्बनडाइऑक्साइड और तापमान के तहत खरीफ मौसम के लक्ष्य खरपतवारों के विरूद्ध *शाकनाशियों (बिसपायरेबिक–सोडियम, टोप्रामिजोन + एट्राजिन एंव टेम्बोट्रिओन + एट्राजिन)* की प्रभावकारिता

डाईनेब्रा रिट्रोफ्लेक्सा, ईकाइनोक्लोआ कोलोना, फाइजेलिस मिनिमा और *अल्टरनेन्थ्रा सेसिलिस* के खिलाफ शाकनाशियों जैसे कि बिसपायरेबिक–सोडियम, टोप्रामेंजोन + एट्राजिन तथा टेम्बोट्रिओन + एट्राजिन की प्रभावकारिता पर परिवेशी कार्बनडाईआक्साइड और तापमान, उच्च कार्बन–डाईआक्साइड (इ.सी. 550±50), उच्च तापमान (परिवेश + 2° सेल्सियस) और उच्च कार्बनडाईआक्साइड + उच्च तापमान (इ.सी. + इ.टी.) के प्रभाव का अध्ययन खुले शीर्ष कक्षों (ओ.टी.सी.) में किया गया। बिसपायरेबिक–सोडियम, टोप्रामिजोन + एट्राजिन तथा टेम्बोट्रिओन + एट्राजिन ने विभिन्न जलवायु परिवर्तन कारकों के तहत *डाईनेब्रा रिट्रोफ्लेक्सा, ईकाइनोक्लोआ कोलोना, फाइजेलिस मिनिमा* और *अल्टरनेन्थ्रा सेसिलिस* में परिवर्तनीय प्रभावकारिता प्रतिक्रिया पाई गई **(तालिका 2.1)**। *इ. कोलोना,* पर बिसपायरेबिक–सोडियम का इ.टी., इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. पर क्रमशः 2, 5 एंव 8 दिन का विलंबित प्रभाव पाया गया परन्तु *फा. मिनिमा* पर इस शाकनाशी का परिवेश की तुलना में इ.टी. एंव इ.सी. + इ.टी. में क्रमशः 2 तथा 1 दिनों का जल्दी प्रभाव जबकि इ.सी. में 5 दिनों का विलंबित प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.1)**। इसी तरह *डा. रिट्रोफलेक्सा* पर टोप्रामेंजोन + एट्राजिन का परिवेश की तुलना में इ.टी., इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. में क्रमशः 4, 7 एंव 1 दिन का विलंबित प्रभाव देखा गया, जबकि *ई. कोलोना* और *फा. मिनिमा* पर

2.1 Crop-weed biology under multifaceted climate change

2.1.1 Efficacy of herbicides (bispyribac-Na, topramezone + atrazine and tembotrinoe + atrazine) against target weeds of kharif season under elevated CO_2 and elevated temperature

Effect of ambient CO_2 and temperature, elevated CO_2 (EC: 550±50), elevated temperature (ET: Ambient + 2°C) and elevated CO_2 + elevated temperature (EC+ET) on efficacy of different herbicides, *viz.* bispyribac-Na, topramezone and tembotrinoe against *Dinebra retroflexa, Echinochloa colona, Physalis minima* and *Alternanthera sessilis* was studied in open top chambers (OTC). Bispyribac-Na, topramezone + atrazine and tembotrinoe + atrazine shown variable efficacy response in *Dinebra retroflexa, Echinochloa colona, Physalis minima* and *Alternanthera sessilis* **(Table 2.1)**. Bispyribac-Na shown 2, 5 and 8 days delayed effect on *Echinochloa colona* at ET, EC and EC+ET, respectively however, on *Physalis minima* 2 and 1 days early response of this herbicide was observed at ET and EC+ET respectively, whereas 5 days late response was noticed at EC compared to ambient condition **(Figure 2.1)**. Similarly, topamezone + atrazin have 4, 7 and 1 days delayed effect on *D. retroflexa* at elevated ET, EC and EC+ET, respectively compared to ambient condition, whereas almost similar efficacy of this herbicide was observed on *E. colona* and *P. minima* at all

इस शाकनाशी का लगभग समान प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.2)**। *डा. रिट्रोफलेक्सा* पर टेम्बोट्रिओन + एट्राजिन का परिवेश की तुलना में इ.टी., इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. में क्रमशः 2, 2 एंव 3 दिनों का विलंबित प्रभाव देखा गया, जबकि *ई. कोलोना* और *फा. मिनिमा* पर इस शाकनाशी का लगभग समान प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.3)**।

condition **(Figure 2.2)**. Tembotrion + atrazin has 2, 2 and 3 days delayed response on *D. retroflexa* at ET, EC and EC+ET and almost similar efficacy of tembotrion + atrazin was observed on *E. colona* and *P. minima* at all condition **(Figure 2.3)**.

तालिका 2.1: उच्च कार्बनडाईआक्साइड और तापमान का लक्ष्य शाकनाशियों और खरीफ खरपतवारों के विरूद्ध प्रभाव
Table 2.1: Effect of elevated carbandioxide and temperature on targeted herbicides and *Kharif* weeds

Herbicide	Weed	Ambient	Elevated temperature		Elevated CO_2		Elevated temperature + elevated CO_2	
		DTTD	DTTD	DDE	DTTD	DDE	DTTD	DDE
Bispyribac sodium	*D. retroflexa*	-	-		-	-	-	-
	E. colona	12	14	+2	17	+5	20	+8
	P. minima	16	14	-2	21	+5	15	-1
	A. sessilis	10	15	+5	12	+2	16	+6
Tembotrion+ atrazin	*D. retroflexa*	11	15	+4	18	+7	12	+1
	E. colona	5	4	-1	5	0	4	-1
	P. minima	5	4	-1	5	0	4	-1
	A. sessilis	10	10	0	7	-3	7	-3
Topamezone + atrazine	*D. retroflexa*	11	13	+2	13	+2	14	+3
	E. colona	5	5	0	5	0	4	-1
	P. minima	5	5	0	5	0	4	-1
	A. sessilis	6	8	+2	10	+4	7	+1

DTTD: Days taken to total death of the plant; **DDE:** Days delay (+) or early response (-)



चित्र 2.1: *इकाईनोक्लोआ कोलोना* (अ) और *फाइजेलिस मिनिमा* (ब) के विरूद्ध बिसपायरेबिक–सोडियम की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Figure 2.1: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of bispyribac-Na against *Echinchloa colona* (A) and *Physalis minima* (B)



चित्र 2.2: *डाईनेब्रा रीट्रोफ्लेक्सा* (अ) और *इकाईनोक्लोआ कोलोना* (ब) के विरूद्ध टोप्रामिजोन + एट्राजिन की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Figure 2.2: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of topramezone + atrazine against *Dinebra retroflexa* (A) and *Echinchloa colona* (B)



चित्र 2.3: *डाईनेब्रा रीट्रोफ्लेक्सा* (अ) और *इकाईनोक्लोआ कोलोना* (ब) के विरूद्ध टेम्बोट्रिओन + एट्राजिन की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Fig. 2.3: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of tembotrinoe + atrazine against *Dinebra retroflexa* (A) and *Echinchloa colona* (B)

2.1.2 उच्च कार्बनडाइऑक्साइड और तापमान के तहत *रबी* मौसम के लक्ष्य खरपतवारों के खिलाफ शाकनाशियों (क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल, क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल एंव सलफोसल्फयुरोन + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल) की प्रभावकारिता

फैलेरिस माइनर, अवेना लुडोविसिआना और *मेडिकागो पोलिमोर्फा* के विरूद्ध शाकनाशियों जैसे कि क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल, क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल एंव सलफोसल्फयुरोन + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल की प्रभावकारिता पर परिवेशी कार्बनडाईआक्साइड और तापमान, उच्च कार्बनडाईआक्साइड (इ.सी. 550±50), उच्च तापमान (परिवेश + 2^{O} सेल्सियस) और उच्च कार्बनडाईआक्साइड + ऊंच्च तापमान (इ. सी. + इ.टी.) के प्रभाव का अध्ययन खुले शीर्ष कक्षों (ओ.टी.सी.) में किया गयाा। क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल, क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल एंव सलफोसल्फयुरोन + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल ने विभिन्न जलवायु परिवर्तन कारकों के तहत *फैलेरिस माइनर, अवेना लुडोविसिआना* और *मेडिकागो पोलिमोर्फा* में परिवर्तनीय प्रभावकारिता प्रतिक्रिया पाई गई **(तालिका 2.2)**। *फै. माइनर* पर क्लोडिनाफोप–प्रोपेर्जिल का इ.टी., इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. पर क्रमशः 2, 5 एंव 6 दिन का जल्दी प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.4)**। इसी तरह *फै. माइनर* पर क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल का इ.टी., इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. में क्रमशः 3, 4 एंव 3 दिन का जल्दी प्रभाव देखा गया, परन्तु *अ. लुडोविसिआना* पर इस शाकनाशी का इ.सी. में दो दिनों का विलंबित प्रभाव और इसके विपरीत इ.सी. + इ.टी. में 2 दिन का जल्दी प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.5)**। *फै. माइनर* पर सल्फोसल्फयुरोन + मेटसल्फ्युरोन–मिथाईल का इ.टी. में 3 दिन का जल्दी प्रभाव परन्तु इ.सी. एंव इ.सी. + इ.टी. में 6 दिन का जल्दी प्रभाव देखा गया जबकि *अ. लुडोविसिआना* में इस शाकनाशी का इ.टी. में 2 दिन का विलंबित प्रभाव और इसके विपरीत इ.सी. एंव इ. सी. + इ.टी. में क्रमशः 4 एंव 6 दिनों का जल्दी प्रभाव देखा गया **(चित्र 2.6)**।

2.1.2 Efficacy of herbicides (clodinafop-propargyl, clodinafop-propargyl + metsulfuron methyl and sulfosulfuron + metsulfuron methyl) against target weeds of *Rabi* season under elevated CO_2 and elevated temperature

Effect of ambient CO_2 and temperature, elevated CO_2 (EC: 550±50), elevated temperature (ET: Ambient + 2°C) and elevated CO_2 + elevated temperature (EC+ET) on efficacy of different herbicides, *viz.* clodinafop-propargyl, clodinafop-propargyl + metsulfuron methyl and sulfosulfuron + metsulfuron-methyl against *Phalaris minor, Avena ludoviciana* and *Medicago polymorpha* was studied in open top chambers (OTC). Clodinafop-propargyl, clodinafop-propargyl + metsulfuron-methyl and sulfosulfuron + metsulfuron-methyl found variable efficacy response in *Phalaris minor, Avena ludoviciana* and *Medicago polymorpha* under different climate change factors **(Table 2.2)**. The early response of clodinafop-propargyl on *P. minor* has been observed i.e 2, 5 and 6 days in ET, EC and EC+ET, respectively, whereas in at EC+ET even clodinafop was able to control the *M. polymorpha* **(Figure 2.4)**. Similarly, clodinafop-propargyl + metsulfuron-methyl, shown 3, 4 and 3 days early response at ET, EC and EC+ET, respectively in *P. minor*, however, two days delayed effect of this herbicide on *A. ludoviciana* at EC condition and conversely 2 days early response at EC+ET was observed **(Figure 2.5)**. Sulfosulfuron + metsulfuron has three days early response at ET, however 6 days early response was observed at EC and EC+ET in *P. minor*, whereas in *A. ludoviciana* two days delayed response was observed at ET and conversely early response of 4 and 6 days was observed at EC and EC+ET, respectively **(Figure 2.6)**.

तालिका 2.2: उच्च कार्बनडाइऑक्साइड और तापमान के तहत *रबी* मौसम के लक्ष्य खरपतवारों के विरूद्ध क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल, क्लोडिनाफोप – प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल एंव सलफोसल्फयुरोन + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल की प्रभावकारिता

Table 2.2: Efficacy of clodinafop-propargyl, clodinafop-propargyl + metsulfuron-methyl and sulfosulfuron + metsulfuron-methyl against target weeds of *Rabi* season under elevated CO_2 and elevated temperature

Herbicide	Weed	Ambient	Elevated temperature		Elevated CO_2		Elevated temperature + elevated CO_2	
		DTD	DTD	DDE	DTD	DDE	DTD	DDE
Clodinofop-propargyl + metsulfuron - methyl	*Phalaris minor*	22	19	-3	18	-4	19	-3
	A. ludoviciana	17	17	0	19	+2	15	-2
	M. polymarpha	19	17	-2	19	0	23	+4
Clodinofop-propargyl	*Phalaris minor*	23	21	-2	18	-5	17	-6
	A. ludoviciana	18	18	0	18	0	18	0
	M. polymarpha	-	-	-	-	-	25	-
Sulfosulfuron + metsulfuron - methyl	*Phalaris minor*	24	21	-3	18	-6	18	-6
	A. ludoviciana	25	27	+2	21	-4	18	-7
	M. polymarpha	19	20	+1	22	+3	19	0



चित्र 2.4: *फैलेरिस माइनर* (अ) और *मेडिकागो पोलिमोर्फा* (ब) के विरूद्ध क्लोडिनाफोप–प्रोपेर्जिल की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Fig. 2.4: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of clodinafop-propargyl against *Phalaris minor* (A) and *Medicago polymorpha* (B)



चित्र 2.5: *फैलेरिस माइनर* (अ) और *अवेना लुडोविसिआना* (ब) के विरूद्ध क्लोडिनाफोप–प्रोपेर्जिल + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Fig. 2.5: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of clodinafop-propargyl + metsulfuron-methyl against *Phalaris minor* (A) and *Avena ludoviciana* (B)



चित्र 2.6: *फैलेरिस माइनर* (अ) और *अवेना लुडोविसिआना* (ब) के विरूद्ध सलफोसल्फयुरोन + मेटसल्फयुरोन–मिथाईल की प्रभावकारिता पर उच्च कार्बनडाईआक्साइड एंव उच्च तापमान का प्रभाव

Fig. 2.6: Effect of elevated CO_2 and temperature on efficacy of sulfosulfuron + metsulfuron against *Phalaris minor* (A) and *Avena ludoviciana* (B)

2.1.3 बुवाई की विभिन्न तिथियों का खरपतवार विविधता तथा धान की वृद्धि और उपज पर प्रभाव

खरीफ 2019 के दौरान खेत में एक प्रयोग किया गया जो कि तीन अनुकरण के साथ आर.बी.डी. डिजाइन में निर्धारित किया गया था। प्रयोगिक अवधि के दौरान *अल्टरनेन्थ्रा पेरोनिकोइडस, डाईनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, साइप्रस इरिआ, इकाईनोक्लोआ कोलोना* और *लुडविजिआ पेरेनिस* प्रमुख खरपतवार थे। धान की बुवाई के 60 दिन बाद खरपतवार का घनत्व और सूखा वजन लिया जाता था। बुवाई की विभिन्न तिथियों में अधिकतम खरपतवार धनत्व तथा शुष्क भार 1 जुलाई को बोई गई धान की फसल में नोट किया गया **(तालिका 2.3)**। देरी से बोई गई धान में *लु. पेरेनिस* का घनत्व सबसे अधिक था, जबकि देरी से बोई गई धान (21 और 26 जुलाई 2019) में *अ. पेरोनिकोइडस* का धनत्व कम पाया गया **(चित्र 2.7)**। धान की फसल की बुवाई की सभी तारीखों के दौरान *डा. रेट्रोफ्लेक्सा* अधिक पाया गया। 16 जुलाई को बुवाई के दौरान *कोमेलिना बेंगालेंसिस* का उच्चतम घनत्व देखा गया था। बुवाई की अलग–अलग तारीखों का पौधे की ऊँचाई, पैनिकल की लंबाई और धान की फसल के प्रति पौधे टिलर पर कोई खास असर नहीं पड़ा। जबकि धान की फसल की बुवाई की अलग–अलग तारीखों में प्रति क्षेत्रफल में पेनिकल की संख्या काफी अधिक थी। बुवाई की विभिन्न तिथियों में धान की अधिक उपज 6 जुलाई 2019 दौरान बोई गई फसल में पाई गई थी। 16 जुलाई 2019 को की गई बुवाई में 50% पुष्पगच्छों में निकलने में लगे दिन (84 दिन) और और बीज के भरने में लगे दिन (94 दिन) सबसे अधिक थे **(चित्र 2.8)**।

2.1.3 Effect of different date of sowing on weed diversity, growth and yield rice

A field experiment was conducted during *Kharif* season, 2019. The experiment was laid out in randomized block design with three replications. The major weed flora during the experimental period were *Alternanthera paronychioides, Dinebra retroflexa, Cyperus iria, Echinochloa colona* and *Ludwigia perennis*. Weed density and dry weight were taken at 60 days after sowing of rice crop. Among the different dates of sowing, the maximum weed density and dry weight were observed when rice crop was sown on 1st July **(Table 2.3)**. The density of *L. perennis* was highest in late sown rice, whereas the density of *A. paronychioides* was lowest when the crop was sown late on 21st and 26th July 2019 **(Figure 2.7)**. *Dinebra retroflexa* remain abundant during all date of sowing of rice crop. Highest density of *Commelina benghalensis* was observed during 16th July sowing. The different dates of sowing had not any significant effect on plant height, panicle length and tillers/plant of rice crop. Whereas, number of panicle per m^2 were varied significantly with different dates of sowing of rice crop. Among the different dates of sowing, the higher rice grain yield was recorded when the crop was sown during 6th July 2019. Days to 50% panicle emergence (84 days) and grain filling (94 days) was highest when sowing was performed on 16th July 2019 **(Figure 2.8)**.

तालिका 2.3: बुवाई की विभिन्न तिथियों का खरपतवार विविधता तथा धान की वृद्धि और उपज पर प्रभाव

Table 2.3: Effect of different date of sowing on weed diversity, growth and rice

Treatment	Weed density (no /m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)
01-07-2019	190A	831A	3.15C
06-07-2019	61CD	440BC	3.75A
11-07- 2019	66CD	496B	2.81D
16-07-2019	44D	236D	3.42B
21-07-2019	160B	408BCD	3.45B
26-07-2019	89C	257CD	3.15C



चित्र 2.7: धान की बुवाई की विभिन्न तारीखों में विभिन्न खरपतवार प्रजातियों का अनुपात

Fig. 2.7: Proportion of different weed species present in different date of sowing of rice



चित्र 2.8: धान की बुवाई की विभिन्न तारीखों में 50% पुष्पगच्छों में निकलने में लगे दिन (डी.टी.पी.) और बीज के भरने में लगे दिन (डी.जी.एफ.)

Fig. 2.8: Days to 50% panicle emergence (DTP) and days to grain filling (DGF) during different date of rice sowing

2.1.4 राष्ट्रीय खरपतवार हर्बेरियम का अंकरूपण

खरपतवार अनुसंधान पर एक राष्ट्रीय संस्थान होने के नाते, खरपतवार हर्बेरियम डेटाबेस **(चित्र 2.9)** को भा.कृ.अ.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर में विकसित किया गया और निदेशालय की वेबसाइट पर रखा गया (http://www.dwr.org.in)। यह उपक्रम 125 खरपतवार प्रजातियों के साथ नियोजित और आरंभ किया गया है, जो 24 फेमीली और 82 जीनस से संबंधित हैं। विभिन्न ए.आई.सी.आर.पी.–डब्ल्यू.एम केंद्रों और जबलपुर के आस–पास के जिलों से एकत्र किए गए खरपतवार के नमूनों का उपयोग करके खरपतवार हर्बेरियम तैयार किया गया है। यह हर्बेरियम एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करेगा ताकि नऐ खरपतवारों की पहचान एंव उनकी आकारिकी मापों, नए खरपतवारों के प्रवेश और फैलाव का प्रलेखण, सूक्ष्म अवलोकन और क्षेत्र भ्रमण की योजना के लिए स्थान विशेष डेटा की उपलब्धता के बारे में अनुसंधानकर्ताओं एंव अन्य हितधारकों को सशक्त बनाया जा सके। इन महत्वपूर्ण कार्यों के अलावा, यह नए संग्रह, संशोधन और मोनोग्राफ के लिए डेटा, डीएनए विश्लेषण के लिए नमूना और विकास और आनुवंशिक विविधता के अध्ययन के भंडार के रूप में भी काम करेगा।

2.1.4 Digitization of National Weed Herbarium

Being a National Institute on Weed Research, Weed Herbarium Database **(Fig. 2.9)** has been developed at ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur and kept on the Directorate website (http://www.dwr.org.in). This venture has been planned and initiated with 125 weed species, which belong to 24 family and 82 genera. The weed samples collected from different AICRP-WM centers and also nearby districts of Jabalpur have been used for preparation of weed herbarium specimens. This herbarium will function as an important tool to empower the researchers and other stakeholders in identification of weeds and morphological measurements, documentation of introduction and dispersal of new weeds, microscopic observations and availability of location specific data for planning of field trips. In addition to these important functions, it will also serve as a repository of new collections, data for revisions and monographs, plant material for DNA analysis and study of evolution and genetic diversity.



चित्र 2.9: डिजिटल खरपतवार हर्बेरियम के लिए डेटाबेस
Fig. 2.9: Database for digital weed herbarium

2.2 *चेनोपोडियम* प्रजातियों का पौष्टिकता मूल्यांकन, आकारिकी और आनुवांशिक विविधता का अध्ययन

2.2.1 *चेनोपोडियम हायब्रिडम, चि. बोट्राइस* एंव *चि. मुरेल* के जीवविज्ञान का अध्ययन

***चेनोपोडियम* हायब्रिडम एल.**

यह एक सीधा, वार्षिक, हरबेसियस, कम उंचाई (11–13 सेमी) का पौधा है जिसकी अनोखी खुशबू है। तना पतला, बेलनाकार के साथ अनुदैर्ध्य हरी–गुलाबी धारियां, घने मुलायम रोम मौजूद हैं। पत्तियां, 2.0–2.2 सेमी x 1.25–1.35 सेमी आयाम, आकार में छोटा, आधार क्यूनिएट, शीर्ष कस्पीडेट, गुलाबी रंग के साथ पूरा मार्जिन लहरदार और मार्जिन पर मौजूद कुछ रोम, ऊपरी सतह अरोमिल, मिडरिब पर धंसी हुई, निचली सतह खुरदरी और मिडरिब के आसपास गुलाबी रंग की आभा।

पुष्पक्रम, ब्रांच्ड रेसिमॉस स्पाइक, फूल हरे रंग, 6 सेपल्स, ऊपरी सतह रोमिल, अग्रभाग (सिरा) गुलाबी रंग का, पंखुड़ी अनुपस्थित, अंडाशय श्रेष्ठ, वर्तिका बहुत छोटा, धागे की तरह ट्राईफिड स्टिगमा **(चित्र 2.10)**।

2.1 Studies on the nutritional assessment, morphological and genetic diversity of *Chenopodium* species

2.2.1 Study of weed biology of *Chenopodium hybridum*, *C. botrys* and *C. murale*

***Chenopodium hybridum* L.**

It is an erect, annual, herbaceous, short statured (11-13 cm) plant with unique fragrance. Stem thin, cylindrical with longitudinal green-pinkish strips, dense soft hair present. Leaves, 2.0-2.2 cm × 1.25-1.35 cm dimension, obovate in shape, cuneate at base, cuspidate at apex, undulating with entire margin with pinkish tinge and few hairs present on the margin, upper surface glabrous, embedded at midrib and veins, lower surface rough and pinkish tinge around mid rib. Inflorescence, branched racemose spike, greenish flower, 6 sepals, hairy upper surface, pinkish at tip, petals absent, ovary superior, style minute, stigma trifid like thread **(Figure 2.10)**.

चेनोपोडियम बोट्राइस एल.

यह एक सीधा, वार्षिक पौधा है और पौधे की ऊंचाई 18–40 सेमी तक होती है। तना बेलनाकार और अरोमिळ होता है।

पत्तियां, 2–5 x 0.5–2.1 सेमी आयाम की, आधार क्यूनिएट, शीर्ष सबएक्युट, गुलाबी रंग के साथ पूरा मार्जिन ळहरदार और मार्जिन पर मौजूद कुछ रोम, ऊपरी एंव निचली सतह अरोमिल होती है। पुष्पक्रम, कम शाखित, रेसीमोस स्पाइक, फूलों का कसकर बंधे हुए, 5 टेपळ, 1.5 मी.मी., झिल्लीदार मार्जिन, 5 पुंकेसर, टेपल से अधिक लंबाई, अंडाशय श्रेष्ठ, बहुत छोटी बाईफिड स्टिग्मा। एक *चेनपोडियम बोट्राइस* एक्सेशन्स आईसी–583641 की विशिष्ट गुण होता है जोकि बेलनाकार एंव घने बालों के रूप में होता है **(चित्र 2.11)**।

चेनोपोडियम मुरेल एल.

यह एक सीधा, वार्षिक पौधा है और पौधे की ऊंचाई 50–95 सेमी तक होती है। तना मोटा, बेलनाकार और अनुदैर्ध्य हरी–गुलाबी धारियां और अरोमिल होता है। पत्तियां, 4–13 सेमी 2–6.5 सेमी आयाम, हरे रंग की जब तरूण अवस्था में और परिपक्वता अवस्था में गुलाबी रंग की, तिकोने आकार की, आधार क्युनिएट, शीर्ष कसपिडेट, आधार के पास मार्जिन (1/3) पूरा और 3/4 वें दाँतेदार होता है, ऊपरी सतह खुरदरी, अरोमिळ एंव मिडरिब में धंसी होती है, निचली सतह खुरदरी एंव अरोमिल, मिडरिब उभरी हुई होती हैं। पुष्पक्रम, ढीला, शाखित, रेसीमोस स्पाइक, 5 टेपल, 1.5 मी.मी., हरा, झिल्लीदार मार्जिन, अरोमिल, 5 पुंकेसर, टेपल से अधिक लंबाई के, अंडाशय श्रेष्ठ, बहुत छोटी बाईफिड स्टिग्मा। पुष्पक्रम को स्पर्श करने पर खराब गंध आती है **(चित्र 2.12)**।

Chenopodium botrys L.

It is an annual, erect and plant height varies from 18-40 cm. Stem cylindrical, glabrous. Leaves, 2-5 × 0.5-2.1 cm in dimension, cuneate at base, subacute at apex, undulating entire with pinkish margin, both surface rough and glabrous. Inflorescence, less branched, racemose spike, flowers tightly adhered, 5 tepals, 1.5 mm, memberanous margin, 5 stamens, length greater than tepals, ovary superior, style minute with bifid stigma. Morphology of one *C. botrys* accession IC-583641 have unique charcterstics as stem cylindrical, densely hairy **(Figure 2.11)**.

Chenopodium murale L.

It is an annual, erect and 50-95 cm tall plant. Stem thick, cylindrical, pinkish-greenish longitudinal stripes, glabrous. Leaves, 4-13 cm × 2-6.5 cm dimension, greenish when young and appears pinkish tinge at maturity, deltoid shape, cuneate at base, cuspidate apex, margin near to base (1/3rd) entire and 3/4th is serrated, upper surface rough, glabrous, embedded at veins, lower surface rough and glabrous, midrib and veins prominent. Inflorescence, losse, branched, racemose spike, 5 tepals, 1.0 mm, green, membranous margin, glabrous, 5 stamens, more than tepals length, superior ovary, bifid stigma with minute style. When touch the inflorescence produces bad odour **(Figure 2.12)**.



चित्र 2.10: *चेनोपोडियम हायब्रिडम* के विभिन्न एक्सेशनश
Fig. 2.10: Different accession of *Chenopodium hybridum*



चित्र 2.11: *चेनोपोडियम बोट्राइस* के विभिन्न एक्सेशन्श
Fig. 2.11: Different accession of *Chenopodium botrys*



चित्र 2.12: *चेनोपोडियम मुरेल* के विभिन्न एक्सेशन्श
Fig. 2.12: Different accession of *Chenopodium murale*

2.2.2 विभिन्न *चेनोपोडियम* एक्सेशन्श में मात्रात्मक लक्षण और भिन्नता

मात्रात्मक लक्षणों के डेटा जैसे फूल आने में लगे दिन, परिपक्वता आने में लगे दिन, पौधे की ऊंचाई, फूलों की शाखाओं की संख्या, नमूने का वजन (1000 बीज), बीज की उपज और पौधे का सूखा वजन भूखंड और अकेले पौधे के आधार पर लिया गया था। पत्ती आकारिकी, पुष्पक्रम भिन्नता, पौधे की ऊंचाई, फूलों के आने का समय, परिपक्वता में लगे दिन, पौधों का सूखा वजन और बीज की उपज के लिए एक विस्तृत विविधता देखी गई।

2.2.2 Quantitative traits and variation in different *Chenopodium* accessions

Data for quantitative traits, *viz.* days to flowering, days to maturity, plant height, number of flowering branches, test weight (1000 seeds), seed yield and plant dry weight were taken on plot and individual plant basis. A wide variation was observed for leaf morphology, inflorescence variation, plant height, flowering time, days to maturity, plant dry weight and seed yield. Accessions of *C. quinoa* observed to be highest plant height, test weight, dry

चे. क्विनोआ में पौधे की ऊंचाई, नमूने का वजन, सूखा वजन एंव बीज की पैदावार सबसे अधिक पाई गई जबकि *चे. हाईब्रिडम* में फूल और परिपक्वता आने सबसे कम दिन लगे **(तालिका 2.4)**। हालांकि, *चे. एल्बम* में फूलों की शाखाओं की अधिकतम संख्या 4–41 प्रति पौधे से और सबसे कम *चि. बोट्राइस* देखी गई। विभिन्न एक्सेशनों में *चे. एल्बम* के आई.सी.–382223 और आई.सी. –363733 में अनुठी खुशबू है, इसी तरह *चे. हाइब्रिडम* के एक्सेशनों में भी खुशबू आती है।

weight, seed yield and shortest days to flowering & maturity observed in *C. hybridum* **(Table 2.4)**. However, highest number of flowering branches observed in *C. album* ranged from 4-41 per plant and lowest in *C. botrys*. Among the different accessions, IC-382223 and IC-363733 of *C. album* possess unique fragrance, similarly accessions of *C. hybridum* also produces fragrance.

तालिका 2.4: *चेनोपोडियम एल्बम, चे. क्विनोआ, चे. मुरेल, चे. हाइब्रिडम, चे. बोट्राइस* और *चे. फिसिफोलियम* के विभिन्न मात्रात्मक लक्षणों का अनुक्रम।

Table 2.4: Range of different quantitative traits of *Chenopodium album, C. quinoa, C. murale, C. hybridum, C. botrys* and *C. ficifolium*

Trait	*C. album*	*C. quinoa*	*C. murale*	*C. hybridum*	*C. botrys*	*C. ficifolium*
Days to flowering (days)	39-102	96-99	43-58	27-29	33-39	51
Days to maturity (days)	73-124	99-137	74-95	42-43	59-68	102
Plant height (cm)	46-176	92.4-201	42-66	3.12-17.60	18-50	91-113
Flowering branches (No./plant)	4-41	11-26	10-15	4.40-8.00	9-19	18-32
Test weight (g)	0.20-0.66	1.58-2.88	0.60 - 0.73	-	0.56-0.98	0.40-0.44
Seed yield (g/plant)	10-31	44-112	4.40-9.40	-	1.34-4.6	7.26-28.44
Plant dry weight (g/plant)	11-55	54-300	26-31	-	3.36-9.73	34-108
Harvest index	56-91	37-81	17-30	-	40-47	21-26

2.2.3 *चेनोपोडियम* की विभिन्न प्रजातियों के पोषण संबंधी विश्लेषण

परमाणु चेन अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (ए.ए.एस) और नाइट्रिक–पेरोक्लोरिक एसिड पाचन पद्धति का उपयोग करके लोहे, तांबा, मैंगनीज और जस्ता अवयवों का अलग–अलग *चेनोपोडियम* के पत्तों के नमूने का विश्लेषण करके किया गया था। एसिड पाचन में एक ग्राम नमूने की मात्रा का उपयोग किया गया था तथा फेंटा जी.एम. एंव ऐडे ऐ.जी. (2014) के द्वारा अनुशंसित नाइट्रिक–परक्लोरिक एसिड पाचन प्रक्रिया का उपयोग किया गया था। *चेनोपोडियम क्विनोआ* एक्सेशनों में से, यूएसए के एक एक्सेशन ई.सी.–507740 में सबसे ज्यादा लोहा (11.58 मिलीग्राम प्रति कि.ग्रा. पत्ती), तांबा (0.86 मिलीग्राम प्रति कि.ग्रा. पत्ती) और जस्ता (1.10 मिलीग्राम प्रति किग्रा पत्ती) अवयवों की मात्रा अधिक पाई गई। *चेनोपोडियम* की विभिन्न प्रजातियों में हिमाचल प्रदेश, असम और उत्तराखंड के *चे. एल्बम* एक्सेशनों में क्रमशः लोहा (13.30 मिलीग्राम प्रति किग्रा पत्ती), मैंगनीज (11.37 मिलीग्राम प्रति किग्रा पत्ती) और जस्ता (1.17 मिलीग्राम प्रति किग्रा पत्ती) की अधिकतम मात्रा पाई गई। *चेनोपोडियम* के विभिन्न एक्सेशनों में, एलैनिन (13.75), एस्पार्टिक एसिड (18.66), ग्लाइसिन (10.00), ल्यूसीन (11.74) और आईसोल्यूसीन (15.31) की अधिकतम मात्रा *चेनोपोडियम एल्बम* के एक एक्सेशन आई.सी–622184 में पाया गया जो कि अरुणाचल प्रदेश से एकत्र किया गया था **(तालिका 2.5)**। **चित्र 2.13** *चेनोपोडियम* एक्सेशनो के अमीनो एसिड प्रोफाइल को दर्शाता है।

2.2.3 Nutritional analysis of different accessions of *Chenopodium* species

Using Atomic Absorption Spectrophotometer (AAS) and Nitric–perchloric acid digestion methodology, Fe, Cu, Mn and Zn content in leaf sample of different *Chenopodium* accessions was analysed. The amount of one gram sample was used in acid digestion and nitric–perchloric acid digestion was performed by following the procedure recommended by the Fanta G.M. and Ede A.G. (2014). Among *Chenopodium quinoa* accessions, one accession EC-507740 from USA has higher amount of Fe (11.58 mg/kg leaf), Cu (0.86 mg/kg leaf) and Zn (1.10 mg/kg leaf) content (Table 2.4). Among the different species *Chenopodium*, accessions of *C. album* found highest amount of Fe (13.30 mg/kg leaf), Mn (11.37 mg/kg leaf) and Zn (1.17 mg/kg leaf) from accession of Himachal Pradesh, Assam and Uttrakhand, respectively.

Among the different accessions of *Chenopodium*, highest amount of alanine (13.75), aspartic acid (18.66), Glycine (10.00), leucine (11.74) and isoleucine (15.31) was found in *Chenopodium* album with accession number IC-622184 collected from Arunachal Pradesh **(Table 2.5)**. **Figure 2.13** showing the Amino acid profile of different *Chenopodium* accessions are shown **(Figure 4.13)**.

तालिका 2.5: *चेनोपोडियम एल्बम, चे. क्विनोआ, चे. मुरेल, चे. हाइब्रिडम, चे. बोट्राइस* और *चे. फिसिफोलियम* में लोहे, तांबा, मैंगनीज और जस्ता (मिलीग्राम प्रति कि.ग्रा. सूखी पत्ती) का अनुक्रम।

Table 2.5: Range of Fe, Cu, Mn and Zn (mg/kg dry leaf) for *Chenopodium album, C. quinoa, C. murale, C. hybridum, C. botrys* and *C. ficifolium*

Micronutrient	*C. album*	*C. quinoa*	*C. murale*	*C. hybridum*	*C. botrys*	*C. ficifolium*
Copper (Cu)	0.13-0.58	0.15-0.86	0.11-0.23	0.14-.015	0.16-0.21	0.09
Iron (Fe)	4.27-13.30	8.18-12.9	5.98-12.9	8.71-9.20	10.5-13.01	6.28
Zinc (Zn)	0.36-1.17	0.31-1.10	0.56-1.45	0.66-0.72	0.46-0.70	0.45
Manganese (Mn)	3.67-7.36	3.78-11.37	3.88-10.49	7.06	7.58-11.37	3.79

तालिका 2.6: *चेनोपोडियम* एक्सेशनो का अमीनो एसिड प्रोफाइलिंग

Table 2.6: Amino acid profiling of some *Chenopodium* accessions

Amino acid	IC-622184	IC-Ludhiana	IC-Hisar	IC-Jabalpur	IC-583626
Alanin	13.75	7.77	10.00	8.75	12.5
Aspartic Acid	18.66	8.29	7.70	7.11	7.71
Glycine	10.00	4.16	3.47	4.16	3.47
Leucine	11.74	8.39	8.39	5.59	8.39
Isoleucine	15.31	6.88	6.88	7.65	9.95



चित्र 2.13: *चिनोपोडियम* एक्सेशनो का अमीनो एसिड प्रोफाइल

Fig. 2.13: Amino acid profie of *Chenopodium* accessions

2.2.4 विभिन्न *चेनोपोडियम* एक्सेशन्श में आणविक विविधता

जीनोमिक डीएनए को संशोधित सी.टी.ए.बी. पद्धति का उपयोग करके, विभिन्न प्रजातियों से संबंधित चौंतीस *चेनोपोडियम* एक्सेशन्स के ताजा पत्तों से निकाला गया। निकाले गए जीनोमिक डी.एन.ए. की गुणवत्ता को अग्यारोज जेल वैद्युतकणसंचलन द्वारा जांचा गया **(चित्र 2.14)**।

चेनोपोडियम एक्सेशन्स के जीनोमिक विविधता विश्लेषण के लिए 18 विभिन्न एस.एस.आर. मार्करों का उपयोग किया गया। एस.एस.आर. प्राइमरों के लिए पी.सी.आर. परिस्थितियों को ग्रेडिएंट पी.सी.आर. के द्वारा मानकीकृत किया गया **(चित्र 2.15)**। थर्मल साइक्लर में पी.सी.आर. प्रतिक्रियाओं को 20 माइक्रो लीटर की कुल प्रतिक्रिया मात्रा के साथ किया गया था, जिसमें जीनोमिक डी.एन.ए.

2.2.4 Molecular diversity in different *Chenopodium* accessions

Genomic DNA was isolated from the freshly collected leaves of the 34 *Chenopodium* accessions belonging to different species, using the modified CTAB method. Quality of the isolated genomic DNA was checked by performing agarose gel electrophoresis **(Figure 2.14)**. PCR conditions for SSR primers were optimized by performing gradient PCR **(Figure 2.15)**. For genomic diversity analysis of *Chenopodium* accessions, 18 SSR different markers were used. PCR reactions were carried out in Thermal cycler with the total reaction volume of 20 µl containing, 10ng of

10 नैनो ग्राम, 10 एक्स बफर, 10 मिली मोलर डी.एन.टी.पी., 25 मिली मोलर मैग्नीशियम क्लोराइड, 10 पिको मोलर फॉरवर्ड और रिवर्स प्राइमर्स, 3 यूनिट्स पॉलिमरेज एंजाइम और न्यूक्लियस–फ्री पानी का इस्तेमाल किया गया। पीसीआर प्रतिक्रियाओं को 5 मिनट के लिए 95 डिग्री सेल्सियस, 20 सेकंड के लिए, 35 साइकल्स के लिए 94 डिग्री सेल्सियस, 30 सेकंड के लिए 55 डिग्री सेल्सियस, 45 डिग्री के लिए 72 डिग्री सेल्सियस और अंतिम विस्तार के लिए 7 मिनट के लिए 72 डिग्री सेल्सियस के अतिरिक्त तापमान के रूप में क्रमादेशित किया गया। पी.सी.आर. प्रोडक्ट्स को 1 एक्स टी.ए.इ. बफर में तैयार 2 परसेंट अग्यारोज जेल पर अलग किया गया और एथिडियम ब्रोमाइड के साथ दाग स्टेन किया गया **(चित्र 2.16)**। जेल को 90 मिनट की अवधि के लिए 80 वोल्टस के निरंतर वोल्टेज पर 1 एक्स टी.ए.इ. बफर में चलाया गया ।

मार्कर एलील्स को उपस्थित (1) या अनुपस्थित (0) के रूप में स्कोर किया गया। इस डेटा को एन.टी.एस.वाई.एस. (न्यूमेरिकल टेक्सोनोमी एंड मल्टीवरीयट एनालिसिस सिस्टम, वर्जन 2.2) प्रोग्राम का उपयोग करके समानता आधारित विश्लेषण के लिए उपयोग किया गया। डेन्ड्रोग्राम उत्पन्न करने के लिए यूपीजीएमए (अनवेटेड पेयर ग्रुप मेथड विद एवरेज) समानता गुणांक का उपयोग किया गया। 34 जीनोटाइप्स के 18 प्राइमरों के पूलित आणविक डेटा का उपयोग करके उत्पन्न डेंड्रोग्राम के क्लस्टरिंग पैटर्न में दो मुख्य समूह (समूह–1 और समूह–2) पाए गए। प्रमुख समूह–1 में 30 एक्सेशन्स शामिल थे और इसे तीन उप समूहों (उप समूह–1ए, उप समूह–बी और उप समूह–सी) में विभाजित किया गया। प्रमुख समूह–2 में चार एक्सेशन्स शामिल थे और इसे दो उप समूहों (उप समूह–2ए, और उप समूह2– बी) में विभाजित किया गया। डेंड्रोग्राम से पता चला कि जीनोटाइप जो आनुवंशिक रूप से समान प्रकार के डेरिवेटिव हैं, एक साथ क्लस्टर हो जाते हैं **(चित्र 2.17)**।

genomic DNA, 10X assay buffer, 10mM of dNTPs, 25mM $MgCl_2$, 10 pmol of forward and reverse primers and 3 U Taq polymerase enzyme and nuclease-free water. The PCR reactions were programmed as 95°C for 5 min, 94°C for 20 sec, 55°C for 30 sec, 72°C for 45 sec for 35 cycles and an additional temperature of 72°C for 7 min for final extension. The amplified products were separated on 2% agarose gel prepared in 1X TAE buffer and stained with ethidium bromide **(Figure 2.16)**. The gel was run in 1X TAE buffer at constant voltage of 80 V for a period of 90 minutes.

Marker alleles were scored as present (+/1) or absent (-/0). The data was used for similarity based analysis using the programme NTSYS (Numerical Taxonomy and Multivariate Analysis System, Version 2.2). Similarity coefficients were used to construct UPGMA (Unweighted Pair Group Method with Average) to generate dendrogram. Clustering pattern of dendrogram generated by using the pooled molecular data of 18 primers of 34 genotypes produced two main clusters namely I and II. The major cluster-I comprised of 30 accessions and was further found to be divided into three sub-clusters (IA, IB and IC). The major cluster-II comprised of four accessions and was further found to be divided into two sub-clusters (IIA and IIB). The dendrogram revealed that the genotypes that are derivatives of genetically similar type clustered together **(Figure 2.17)**.



चित्र 2.14: विभिन्न *चेनोपोडियम* एक्सेशनश से निकाला गया जीनोमिक डी.एन.ए.
Fig. 2.14: Genomic DNA isolated from different *Chenopodium* accessions



चित्र 2.15: एस.एस.आर. मार्करों के लिए पीसीआर स्थितियों का अनुकूलन
Fig. 2.15: Optimization of PCR conditions for SSR markers



चित्र 2.16: एसएसआर मार्कर केजीए03 का एम्पलीफिकेशन पैटर्न
Fig. 2.16: Amplification pattern of SSR marker KGA03



चित्र 2.17: यूपीजीएमए क्लस्टर एनालिसिस से बनाया गया डेंड्रोग्राम
Fig. 2.17: Dendrogram resulting from UPGMA cluster analysis

3 अनुसंधान कार्यक्रम – 3
RESEARCH PROGRAMME – 3

फसलीय और गैर–फसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैव विज्ञान एवं प्रबंधन
Biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped areas

भारत में कई समस्याग्रस्त स्थलीय और जलीय खरपतवार हैं जो फसल और गैर–फसली क्षेत्रों के साथ–साथ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में भी गंभीर समस्या उत्पन्न करते हैं। फसलीय क्षेत्रों में कुछ खरपतवार जैसे कि परपोषी खरपतवार *ओरोबंकी, कुसकुटा,* जंगली धान आदि समस्यात्मक खरपतवार हैं। गैर–फसलीय क्षेत्रों में *मिकेनिया,* गाजर घास, *लैंटाना क्रोमोलेना* आदि देशव्यापी प्रमुख खरपतवार हैं। जलीय खरपतवारों में जलकुंभी और एलीगेटर वीड गंभीर प्रकार के खरपतवार माने गए हैं। हाल के वर्षों में जल गोभी नाम की जलीय खरपतवार का प्रकोप उत्तर भारत में बढ़ता जा रहा है। *साल्विनिया मॉलेस्टा* नाम की जलीय खरपतवार जो केरल और दक्षिण भारत की खरपतवार मानी जाती थी को पहले मध्य भारत में नहीं देखा गया था पर यह अब मध्य प्रदेश के कई जलाशयों और तालाबों में काफी मात्रा में पाई गई है।

स्थलीय और जलीय खरपतवारों से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए खरपतवारों का जैविक नियंत्रण रासायनिक शाकनाशिओं का पर्यावरण–अनुकूल विकल्पों में से एक विकल्प है और इसमें विशिष्ट कीटों, रोगजनकों आदि का उपयोग किया जाता है। ये बायोकंट्रोल एजेंट्स खरपतवार पौधों को संक्रमित करते हैं और या तो उनके विकास को कम कर देते हैं या उन्हें मार देते हैं। विदेशी आक्रामक प्रजातियां देशी और उपयोगी प्रजातियों और बदलते पारिस्थितिक तंत्रों को विस्थापित करके दुनिया भर में जैव विविधता को नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए, नए क्षेत्रों में इन प्रजातियों का शीघ्र पता लगाने और नियंत्रण आवश्यक है ताकि प्रजातियों के वितरण और आक्रमण के संभावित क्षेत्रों को समझा जा सके। इन समस्यात्मक खरपतवारों के विज्ञान और प्रबंधन पर यह परियोजना चलाई जा रही है।

There are many terrestrial and aquatic weeds in India causing losees in crooped and non-cropped areas and in water bodies ecosystem as wll. In cropped area, many grasses, broad-leaved weeds and parasitic weeds (*Orobanche, Cuscuta*), weeds rice etc are well known problematic weeds. In non-cropped situations, weeds like *Mikania, Parthenium, Chromolaena Saccharum,* etc. have gained national importance. The aquatic weeds like water hyacinth and alligator weed are well known for their severity. Earlier, an aquatic weed of Kerala and south India was not recorded in central and north India, but recently, heavy infestation of this weed has been recorded in a few reservoirs and ponds of Madhya Pradesh.

Biological control of weeds is one of the eco-friendly alternative to chemical herbicides and involves deliberate use of target-specific insects, pathogens etc., to reduce the economic losses caused by terrestrial and aquatic weeds. These biocontrol agents infest weed plants and either reduces their growth or kills them. Alien invasive species cause irretrievable harm to biodiversity around the world by displacing native and useful species and changing ecosystems. Therefore, early detection and control of these species in new areas is essential to understand the species distribution and potential areas of invasion. This programme has been taken to address biology and management of such problematic weeds of national importance.

परियोजना Project	प्रयोग Experiment	सहयोगी Associate
3.1 समस्याकारक खरपतवारों का जैविकीय आधारित समन्वित प्रबंधन Biological based integrated management of problematic weeds **प्रमुख अन्वेषणकर्ता:** **सुशील कुमार** **Principal Investigator:** **Sushil Kumar**	3.1.1 *अलटरनेरिया अलटरनाटा* एवं *नियोकेटिना* स्पसीज द्वारा जलकुम्भी का समन्वित नियंत्रण Integrated management of water hyacinth using *Alternaria alternata* and *Neochetina* spp	योगिता घरडे Yogita Gharde
	3.1.2 *नियोकेटिना* स्पीसीज की सख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं जलकुंभी पर प्रभाव Number dependent population dynamics and impact of *Neochetina* spp. on water hyacinth	योगिता घरडे Yogita Gharde
	3.1.3 जैवकारक *जायगोग्रामा बाइकोलोराटा* की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं उड़द फसल में गाजर घास पर प्रभाव Number dependent population dynamics and impact of bioagent *Zygogramma bicolorata* on in black gram crop	योगिता घरडे Yogita Gharde
	3.1.4 संरक्षण और पारंपरिक जुताई के तरीकों में दीमक के आक्रमण और केंचुआ बहुतायत का अध्ययन Study on termite attack and earthworm abundance in conservation and conventional tillage practices	योगिता घरडे Yogita Gharde

3.1 समस्याकारक खरपतवारों का जैविकीय आधारित समन्वित प्रबंधन

3.1.1 *अलटरनेरिया अलटरनाटा* एवं *नियोकेटिना* स्पसीज द्वारा जलकुम्भी का समन्वित नियंत्रण

इस प्रयोग की शुरुआत जैवकारक *नियोकेटिना* स्पीसीज और कवक के समन्वित प्रभाव को जलकुंभी के ऊपर देखने के लिये की गई थी। नियंत्रित उपचार में पौधों की ऊंचाई को लगातार बढ़ते हुए पाया गया जो प्रारंभिक औसत 18.5 सेमी/पौधा की ऊंचाई से 2016, 2017, 2018 एवं 2019 में क्रमशः 50.5, 82.3, 78.8 और 92.1 सेमी/पौधा हो गई। उस उपचार में जहां *नियोकेटिना* और *अलटरनेरिया अल्टरनाटा* को त्रैमासिक अंतराल में छोड़ा गया था वहां जलकुंभीं मई 2018 तक ही पूर्ण रूप से नियंत्रित हो गई थी। जब *नियोकेटिना* को हर महीने छोड़ा गया तो खरपतवार को मई 2017 तक पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया और भविष्य में खरपतवार का कोई पुनर्जनन नहीं हुआ था। इस उपचार में, पहले वर्ष में प्रारंभिक ऊंचाई से ऊंचाई में वृद्धि हुई थी, लेकिन अन्य उपचारों की तुलना में, औसत ऊंचाई में वृद्धि केवल 29.4 सेमी/पौधा थी, जो 2017 में गंभीर रूप से कम हो गई थी (6.1 सेमी/पौधा) और मई 2017 तक खरपतवार का पूर्ण नियंत्रण हो गया था। सिर्फ एक बार *नियोकेटिना* को छोड़ने वाले उपचार में खरपतवार की औसत लंबाई 2018 में 32.6 सेमी/पौधा हो गई थी और 2019 में यह मात्र 2.3 सेमी/पौधा रह गई थी। खरपतवार का पूर्ण नियंत्रण अप्रैल 2019 तक हुआ। यह दर्शाता है कि केवल एक बार कीट छोड़ने से जलकुंभी को पूर्ण रूप से नियंत्रित करने में 3 वर्षों से अधिक का समय लग सकता है। *अ. अल्टरनाटा* को सिर्फ एक बार छोड़ने वाले उपचार में जलकुंभी की लंबाई लगातार 2016 और 2017 में बड़ी जो क्रमशः 47.7 एवं 75.8 सेमी/पौधा पाई गई। 2018 में लंबाई घटकर 63.9 पाई गई गई थी और 2019 में यह 46.8 सेमी/पौधा रह गई थी। जब *अ. अल्टरनाटा* का हर महीने स्प्रे किया गया तो जलकुंभी की प्रारंभिक लंबाई 18.5 सेमी/पौधा से बढ़कर 2016, 2017 एवं 2018 में क्रमशः 43.1, 61.5 एवं 54.7 और 2019 में 38.8 सेमी/पौधा हो गई **(चित्र 3.1)**।

शुष्क वजन के आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करने से पता चला कि *नियोकेटिना* स्पीशीज जलकुंभी के शुष्क वजन पर काफी प्रभाव डालती है। शुष्क वजन में सबसे कम बढ़ोत्तरी उस उपचार में हुई जिसमें *नियोकेटिना* स्पी. और *अ. अल्टरनाटा* को हर महीने छोड़ा जाता था। *नियोकेटिना* और *अ. अल्टरनाटा* के मासिक उपचार में जलकुंभी के शुष्क वजन में प्रथम वर्ष वृद्धि होती हुई पाई गई। पहले वर्ष शुष्क वजन 30.9 ग्राम/पौधा था जो दूसरे वर्ष घटकर 2.6 ग्राम/पौधा हो गया और तीसरे वर्ष तक पूरा नियंत्रण हो गया। *नियोकेटिना* और *अ. अल्टरनाटा* के त्रैमासिक उपचार में प्रयोग के प्रथम वर्ष में शुष्क वजन प्रारंभिक 9.31 ग्राम/पौधा से बढ़कर 40.1 ग्राम/पौधा हो गया, परंतु दूसरे वर्ष यह घटकर 6.6 ग्राम/ पौधा हो गया जो अगले वर्ष फिर घटकर सिर्फ 1.4 ग्राम प्रति पौधा ही रह गया।

3.1 Biological based integrated management of problematic weeds

3.1.1 Integrated management of water hyacinth using *Alternaria alternata* and *Neochetina* spp.

This experiment was setup to see the integrated effect of insect bioagent with the fungus with six treatment. In control, there was continuous increase in height from 18.5 cm/plant to 50.5, 82.3, 78.8 and 92.1 cm/plant during 2016, 2017, 2018 and 2019, respectively. In treatment where *Neochetina* spp. and *A. alternata* were added at quarterly interval, complete control of water hyacinth was recorded by May 2018. In monthly release treatment of *Neocheitna* spp. weed was completely controlled by May 2017 and there was no regeneration of the weed in future. In this case, in first year there was increase in height from the initial height, but in comparison to other treatments, average height increase was only 29.4 cm/plant, which was reduced severely in 2017 (6.1 cm/plant) and there was complete control of weed by May 2017. No regeneration occurred in future in this treatment. In one time release treatment of *Neochetina* spp., average height was significantly reduced up to 32. 6 cm in 2018 and remained only 2.3 in 2019. Complete control of weed occurred by April 2019. This indicate that one time release may take more than three years to control water hyacinth. In treatment where *A. alternata* was sprayed only one time, there was continuous increase in height during 2016 and 2017, which increased up to 47.7 and 75.8 cm/plant, respectively. In 2018, there was reduction in height (63.9 cm) which remined 46.8 cm/plant in 2019. In situation of monthly spray of *A. alternata*, there was increase in height from initial 18.5 cm/plant to 43.1, 61.5, 54.7 and 38.8 cm/plant during 2016, 2017, 2018 and 2019, respectively **(Figure 3.1)**.

Comparative analysis of data of dry weight also indicated that there was severe effect of *Neochetina* spp. on dry weight of water hyacinth. In case of monthly release of *Neochetina* spp. and spray of *A. alternata*, there was increase in dry weight during first year (30.9 g/plant), which was reduced up to 2.6 g/plant in second year and there was complete control by third year. In situation of quarterly release of *Neochetina* spp. and spray of *A. alternata*, dry weight increased from initial 9.31 g/plant to 40.1 g/plant during first year, while during 2 year, dry weight reduced severely and reached up to 6.6 g/plant, which further reduced to 1.4 g/plant during next year.

अल्टरनेरिया अल्टरनाटा के एक बार के छिड़काव उपचार में वर्ष 2017 एवं 2018 में प्रारंभिक वजन 9.3 ग्राम/पौधा से बढ़कर क्रमशः 76.5, 82.0 एवं 79.3 ग्राम/पौधा हो गया। 2019 में, सूखा वजन घटाकर 57.2 ग्राम/पौधा हो गया। उस उपचार में जहां *नियोकेटिना* को सिर्फ एक बार छोड़ा गया था वहां जलकुंभी का शुष्क भजन प्रारंभिक 9.31 ग्राम/पौधे से बढ़कर वर्ष 2016 एवं 2017 में क्रमशः 61.1 एवं 45.1 ग्राम/पौधा हो गया, हालांकि यह 2018 में *नियोकेटिना* के कारण घटकर 31.7 ग्राम/पौधा रह गया। 2019 में, औसत सूखा वजन केवल 2.1 ग्राम/पौधा दर्ज किया गया, जबकि अप्रैल 2019 तक पूरा नियंत्रण देखा गया। यह दर्शाता है कि *नियोकेटिना* को हर महीने छोड़ने की अपेक्षा यदि एक बार ही छोड़ते हैं तो शुष्क वजन काफी धीरे–धीरे कम होता है। उस उपचार में जहां सिर्फ *अ. अल्टरनाटा* का हर महीने छिड़काव किया गया, वहां जलकुंभी के शुष्क वजन में लगातार वृद्धि हुई जो कि 2018 में 72.00 ग्राम/पौधा हो गई हालांकि 2019 के दौरान शुष्क वजन में कमी 30.2 ग्राम/पौधा देखी गई।

In event of oly one time *Alternaria alternata* spray treatment, there was continuous increase in dry weight from initial 9.31 g/plant to 76.5, 82.3 and 79.3 g/plant during 2016, 2017 and 2018, respectively. In 2019, dry weight was reduced to 57.2 g/plant. In the treatment where *Neochetina* spp. was released only one time, there was increase in dry weight from initial weight of 9.31 g/plant to 66.1 and 45.1 g/plant during 2016 and 2017, respectively. However, it reduced up to 31.7 g/plant in 3rd year due to action of the weevils. In 2019, average dry weight was recorded only 2.1 g/plant and complete control was recorded April 2019. It indicated that there was slow reduction in dry weight in case of only one time release of *Neochetina* spp. than monthly release of bioagent. In the treatment where monthly spray of *Alternaria alternata* was done, there was continuous increase in dry weight during all the years of experiment which reached up to 72.0 g/plant in 2018, however reduction in dry weight was observed by 30.2 g/plnat during 2019.



T_1: One time application of *Alternaria alternata*; T_2: One time application of *Neochetina* spp.; T_3: Monthly application of *A. alternata*; T_4: Monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* sp.; T_5: Quarterly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; T_6: Control

चित्र 3.1: 2019 के दौरान विभिन्न उपचारों में विभिन्न माह में जलकुंभी की औसत ऊंचाई (सेमी/पौधा) (अ) और औसत शुष्क वजन (ग्राम/पौधा) (ब) पर प्रभाव

Figure 3.1: Average height (cm/plant) (a) and average dry weight (g/plant) (b) of water hyacinth in different treatment during different months in 2019

इस अध्ययन से यह पता चला कि उस हर उपचार में जहां *नियोकेटिना* छोड़ी गई थी फूलों का उत्पादन काफी कम हुआ। ऐसे उपचार में जहां *नियोकेटिना* स्पेशीज को सिर्फ एक बार ही छोड़ा गया था, फूलों का औसत उत्पादन 2016 एवं 2017 में क्रमशः 117.4 एवं 41.6 नंबर/टैंक/माह पाया गया, जबकि नियंत्रित उपचार में यह उत्पादन क्रमशः 559.1 एवं 1187 प्रति टैंक हो गया था। तीसरे वर्ष, इस उपचार में फूलों का उत्पादन नहीं हुआ, जबकि नियंत्रण उपचार में फूलों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई और चौथे वर्ष तक औसत 1856.9 नं. फूल प्रति टैंक दर्ज किए गए। ऐसे उपचारों में जहां *अ. अल्टरनाटा* को एक बार अथवा हर महीने डाला गया था, वहां फूलों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई। 2019 में, *अ.*

Study revealed severe reduction in flower production in all such treatments where insects were released. In case of one time release of *Neochetina* spp., average flower production reduced up to 117.4 and 41.6 no./tank/month during 2016 and 2017 in comparison to 559.1 and 1187.0 no./tank in control, respectively. In third year, there was no flower production in this treatment while there was continuous increase in flower production in control treatment and by 4th year average 1856.9 no. flower/tank were recorded. In case of spray of *Alternaria alternata*, either one time spray or monthly spray, there was continuous increase in flower production. In 2019, in one time spray and monthly spreay treatment of *A. alternata*, average flower production was recorded 1448.4 and 1287.8

अल्टरनाटा के एक समय और मासिक स्प्रे उपचार में, औसत फूल उत्पादन क्रमशः 1448.4 और 1287.8 प्रति टैंक दर्ज किया गया **(चित्र 3.2)** जो यह दर्शाता है कि फूलों को कम करने में कवक का कोई प्रभाव नहीं था। पर जब इसे *नियोकेटिना* के साथ डाला गया तो दोनों के प्रभाव के कारण फूलों के उत्पादन में कमी पाई गई। *नियोकेटिना* की संख्या में वृद्धि होने के साथ–साथ फूलों का उत्पादन काफी घट गया।



T_1: One time application of *Alternaria alternata*; T_2: One time application of *Neochetina* spp.; T_3: Monthly application of *A. alternata*; T_4: Monthly application of *A. alternata* and *Neochetina* sp.; T_5: Quarterly application of *A. alternata* and *Neochetina* spp.; T_6: Control

चित्र 3.2: 2019 के दौरान विभिन्न उपचारों में विभिन्न माह में जलकुंभी के फूलों के उत्पादन (नंबर/टैंक/माह) पर प्रभाव

Figure 3.2: Average flower production (no./tank/month) on water hyacinth in different treatment during different months in 2019.

3.1.2 जैवकारक *नियोकेटिना* स्पसीज की संख्या निर्भर आबादी की गतिशीलता एवं जलकुंभी पर प्रभाव

यह प्रयोग सात उपचारों के साथ चार अनुकरण में यह जानने के लिये किया गया था कि प्रति वर्गमीटर में कितने जैवकारकों की आवश्यकता जलकुंभी को पूर्ण नियंत्रण करने के लिए होगी। खरपतवार के अच्छी प्रकार से स्थापित होने के बाद *नियोकेटिना* स्पसीज को 30, 60, 100, 150 एवं 200 संख्या/टब की दर से छोड़ा गया। एक उपचार में कीट तीन महीने के अंतराल पर 30/टैंक की दर से छोड़े गये। नियंत्रित उपचार में कोई कीट नहीं छोड़ा गया। टब का पूर्ण क्षेत्रफल 2.63 वर्ग मीटर था। उस उपचार में जहां 30 कीट प्रति टब की दर से छोड़े गए थे वहां जलकुंभी की लंबाई में 2016 एवं 2017 में लगातार वृद्धि पायी गई जो क्रमशः 28.5 एवं 40.4 सेमी प्रति पौधा थी। 2018 में उस उपचार में जहां कीटों की संख्या 60 प्रति टब की दर से छोड़ी गई थी, वहां जलकुंभी की लंबाई में वृद्धि प्रथम वर्ष तो बढ़ी पर द्वितीय वर्ष यह काफी कम हो गई और तृतीय वर्ष में तो मात्र 12.7 सेंटीमीटर प्रति पौधा ही रह गई। उस उपचार में जहां 100 कीट प्रति टब की दर से छोड़े गए थे, वहां प्रथम वर्ष में लंबाई में वृद्धि देखी गई पर दूसरे वर्ष यह काफी अधिक घट गई और तीसरे वर्ष यह नाम पात्र ही रह गई। जब कीटों को 150/टब की दर से छोड़ा गया तो खरपतवार की लंबाई प्रथम वर्ष ही काफी कम हो गई जो 23.5 सेमी प्रति पौधा थी, जबकि द्वितीय वर्ष में यह 5.25 सेमी/पौधा रह गई और जुलाई 2017 तक जलकुंभी का पूर्ण नियंत्रण हो गया था। उस उपचार में जहां कीटों को 200 टब की दर से छोड़ा गया तो जलकुंभी की लंबाई 2016 में ही 22.1 सेमी पौधा हो गई थी जबकि नियंत्रित

per tank, respectively. This indicated that there is no effect of fungus *Alternaria alternata*, if it was applied alone. However, if it was sprayed with *Neochetina* spp. there was effect to reduce flower production due to their combined effect **(Figure 3.2)**. In control, continuous increase in flower production was recorded during all the years. It indicated that there was severe reduction in flower production with the increase population build-up of *Neochetina* spp.

3.1.2 Number dependent population dynamics and damage potential of bioagent *Neochetina* spp. on water hyacinth

The experiment was done with seven treatments in four replications to know the required load of bioagent in per meter square area to control the water hycienth. The Bioagent spp. at the rate of 30, 60, 100, 150 and 200 weevils/tub were released after establishment of weed in the tub. One treatment was kept for quarterly augmentation of weevil at the rate of 30 weevil/tank. In control, no weevil was released. The total area of tub was 2.63 m^2. In the treatment where 30 weevils/tub were released, there was continuous increase in height of water hyacinth during 2016 and 2017, which was 28.5 and 40.4 cm/plant, however in 2018 and 2019, height was reduced to 28.6 and 3.7 cm/plant, respectively. The reduction in height in this treatment in 2019 was recorded -88.9% from the initial height of 16.6 cm/plant In the event where 60 weevils/tub were released, there was increase in height during first year while it reduced drastically by second year and by third year, the average height was only 12.7 cm/plant and there was complete control of the weed. In treatment where 100 weevils/tub were released, there was increase in height during first year, while during second year, it started to reduced severly and height became negligible during 3rd year. In case of release of 150 weevils/tub, average height was reduced severely during first year and it was recorded 23.5 cm/plant, however during second year, it was recorded 5.25 cm/plant and there was complete control of the weed

उपचार में यह 30.0 सेमी प्रति पौधा थी। इसकी औसत लंबाई 2017 में 3.85 सेमी/पौधा नापी गई जबकि जलकुंभी का नियंत्रण अप्रैल 2017 में ही हो गया था। उस उपचार में जहां कीटों को 60 प्रति टब की दर से त्रैमासिक अंतराल में छोड़ा गया था वहां 2016 में खरपतवार की लंबाई 24.2 सेमी पौधा नापी गई थी जबकि नियंत्रित उपचार में इसकी लंबाई 32.0 सेमी/पौधा थी। इसकी औसत लंबाई 2017 में घटकर 4.4 सेमी/पौधा रह गई हालांकि जलकुंभी का पूर्ण नियंत्रण अप्रैल 2017 में ही हो गया था। नियंत्रित उपचार में जहां कोई कीट नहीं छोड़ा गया था, जलकुंभी की लंबाई में लगातार वृद्धि हुई जो 2016, 2017, 2018 एवं 2019 में क्रमशः 32.0, 60.9, 62.7 एवं 71.9 सेमी/पौधा दर्ज की गई। प्रारंभिक ऊंचाई से यह वृद्धि लगभग 333% थी **(तालिका 3.1)**। वर्ष 2019 के विभिन्न महीनों के दौरान खरपतवार की ऊंचाई में विभिन्न उपचार का प्रभाव **चित्र 3.3अ** में दिया गया है

जैवकारकों के छोड़ने की संख्या में बढ़त के अनुसार ही हर उपचार में हर वर्ष जलकुंभी के फूलों की उत्पादन क्षमता पर प्रभाव पाया गया। यह देखा गया कि कीट जलकुंभी में फूलों की उत्पादन क्षमता को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उस उपचार में जहाँ कीटों को 30/टब की दर से छोड़ा गया था, 2016 में औसत कुल उत्पादन 34.2 प्रति टब/माह पाया गया, जबकि 2017 और 2018 में फूलों का उत्पादन नहीं देखा गया। ऐसे उपचार में जहां 60 कीट/टब की दर से छोड़े गए थे वहां 2016 में फूलों का औसत उत्पादन केवल 16.8/टब/माह पाया गया जबकि जब इन्हें 100 कीट/टब की दर से छोड़ा गया तो फूलों का उत्पादन घटकर 15.4 प्रति टब हो गया। इसी तरह जब 150 और 200 कीटो को प्रति टब की दर से छोड़ा गया तो 2016 में फूलों का उत्पादन क्रमशः सिर्फ 10.8 एवं 6.72/टब/माह हुआ। उस उपचार में जहां 60 कीट/टब की दर से त्रैमासिक अंतराल में छोड़े गए थे वहां फूलों का उत्पादन 16.3/टब की दर से देखा गया। नियंत्रित उपचार में जहां कीट नहीं छोड़े गए थे वहां फूलों के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई तथा 2016, 2017, 2018 एवं 2019 में क्रमशः 474.6, 1121.2,1095.8 एवं 1272.8 फूल/टब/माह की दर से उत्पन्न हुए। फूलों के उत्पादन के अध्ययन से यह पूर्ण रूप से स्पष्ट हो गया कि कीटों के छोड़ने की संख्या के अनुसार प्रथम वर्ष में ही कीट फूल का उत्पादन रोकना शुरू कर देते हैं । उदाहरण के लिए फूलों का प्रथम वर्ष उत्पादन 34.2/टब/माह उस उपचार में था जहां कीटों को 30/टब की दर से छोड़ा गया था जबकि जहां 200 की दर से छोड़ा गया था, फूलों का औसत उत्पादन प्रथम वर्ष में ही मात्र 6. 72/टब/माह था। इसके विपरीत 2019 में नियंत्रण उपचार में फूलों के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई, जो 2016 से 168.2% अधिक थी **(तालिका 3.2)**। वर्ष 2019 के विभिन्न महीनों में नियंत्रण उपचार में फूलों के उत्पादन की संख्या **चित्र 3.3ब** में दी गयी है।

	5.1.3	खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाना एवं उनका प्रभाव मूल्यांकन Impact assessment and adoption of weed management technologies	योगिता घरडे Yogita Gharde

5.2 फसलों में शुरूआती खरपतवारों के कारण होने वाली उपज हानि का मॉडल के द्वारा आंकलन Yield loss estimation through models using data on early weed infestation in crops **प्रमुख अन्वेषणकर्ता** **डॉ. योगिता घरडे** **Principal Investigator** **Dr. Yogita Gharde**	5.2.1 फसलों में शुरूआती खरपतवारों के कारण होने वाली उपज हानि का मॉडल के द्वारा आंकलन Yield loss estimation through models using data on early weed infestation in crops	Dr. Yogita Gharde

5.1 खरपतवार प्रबंधन तकनीक के द्वारा ज्यादा उत्पादन एवं आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु कृषक प्रक्षेत्र पर शोध एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

5.1.1 संरक्षित कृषि के अंतर्गत धान–गेंहू/चना–मूंग एवं उडद–गेंहू–मूंग फसल पद्धति में खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध एवं प्रदर्शन (पाटन क्षेत्र)

गेहूं (*रबी*, 2018–19)

पाटन जिले के पौड़ी, खैरा, रामखिरिया एवं पोनिया गांवों में *रबी* 2018–19 के दौरान निदेशालय द्वारा 4 चयनित कृषक प्रक्षेत्रों पर गेहूं में उन्नत खरपतवार प्रबंधन का संरक्षित कृषि के अंतर्गत शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन किया गया। संरक्षित कृषि के तहत् गेहूं की फसल का अच्छा अंकुरण देखा गया। गेहूं में *मेडिकागो पॉलीमोर्फा एवीना ल्यूडोवीसीयाना, चेनोपोडियम एल्बम, फेलेरिस माइनर, विसिया सटाइवा, लेथाइरस सटाइवस* एवं *एनागेलिस अरवेंसिस* प्रमुख खरपतवार थे। अनुशंसित उर्वरक मात्रा खुराक (120:60:40 नत्रजन, फॉस्फोरस, पोटाश किग्रा/हे) के साथ–साथ शाकनाशी (क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन 60+4 ग्रा/हे) का प्रयोग बुवाई के 30 दिन पश्चात् की फसल में संरक्षित कृषि के तहत किया गया जिससे सबसे कम खरपतवार घनत्व और बायोमास एवं अधिक अनाज की उपज (4.63 टन/हे), अधिक शुद्ध आय (₹ 63269/हे) एवं उच्च लाभःखर्च अनुपात (3.15) किसान की विधि (पारंपरिक जुताई + उच्च बीज दर + असंतुलित उर्वरक बिना उचित खरपतवार प्रबंधन) की तुलना में प्राप्त हुआ **(तालिका 5.1)**।

5.1 On-farm research and demonstration of weed management technologies for higher productivity and income

5.1.1 On-farm research and demonstration of weed management technologies in rice-wheat/chickpea-greengram and blackgram-wheat-greengram system under conservation agriculture (Patan Locality)

Wheat (*Rabi*, 2018-19)

Four On-farm research trials cum demonstrations on weed management were undertaken at locations *viz*. Podi, Khera, Ramkhiriya and Ponia villages of Patan locality in wheat crop under conservation agriculture during *Rabi* 2018-19. Good germination and establishment of wheat crop had occurred under conservation agriculture. The major weed flora observed were *Medicago polymorpha, Avena ludoviciana, Chenopodium album, Phalaris minor, Vicia sativa, Lathyrus sativus* and *Anagallis arvensis*. Application of recommended fertilizer dose (RFD) (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) along with herbicide (clodinofop + metsulfuron 60+4 g/ha as post-em at 30 DAS) under conservation agriculture resulted in the lowest weed density and biomass and higher grain yield (4.63 t/ha), higher net income (₹ 63269/ha) with higher B:C ratio of 3.15 compared to farmers' practice (conventional tillage + high seed rate + unbalanced fertilizer without proper weed management) (**Table 5.1**).

तालिका 5.1: पाटन क्षेत्र में रबी, 2018–19 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत् गेहूं के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (4 किसानों का औसत)

Table 5.1: Weed management and productivity of wheat under conservation agriculture in OFR at Patan locality during *Rabi*, 2018-19 (average of 4 farmers)

Treatment	Weed population (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net profit (₹/ha)	B:C ratio
CA+ RFD + WM	26.5	9.29	4.63	92650	63269	3.15
Farmers practice	44.0	20.29	4.25	84945	52798	2.64
Weedy check	129.5	66.59	3.45	69000	41003	2.46

RFD: Recommended fertilizer dose
CA: Conservation agriculture
WM: Weed management

चना (*रबी*, 2018–19)

पाटन जिले के पोनिया गांव में रबी 2018–19 के दौरान निदेशालय द्वारा 2 चयनित कृषक प्रक्षेत्र पर चना में उन्नत खरपतवार तकनीक का संरक्षित कृषि के अंतर्गत शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन किया गया। चना में, *एवेना ल्यूडोविसिआना, सोन्कस ओलेरेशियस, मेडिकागो पोलीमोर्फा* एवं *लथाईरस अफाका* प्रमुख खरपतवार थे। संरक्षित कृषि के तहत् अनुशंसित उर्वरक (20:60:40: नत्रजन, फॉस्फोरस, पोटाश किग्रा./हे.) और शाकनाशी (पेण्डीमेथेलिन 750 ग्रा./हे. अंकुरण पूर्व) के साथ उगाए गए चने में खरपतवार घनत्व और शुष्क भार किसानों की पारंपरिक खेती से कम था (**तालिका 5.2**)। संरक्षित कृषि में उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक के साथ चने की बीज उपज 2.24 टन/हे था। उच्च लाभःखर्च अनुपात 3.80 उसी उपचार में पाया गया, जबकि किसानों की विधि में लाभःखर्च अनुपात केवल 2.74 था।

Chickpea (*Rabi*, 2018-19)

Two OFR cum demonstrations were conducted on weed management in chickpea under conservation agriculture in Ponia village of Patan locality during *Rabi*, 2018-19. The major weed flora observed was *Avena ludoviciana, Sonchus oleraceus, Medicago polymorpha* and *Lathyrus aphaca*. Weed density and dry weight in chickpea grown with recommended fertilizer (20:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) and herbicide (pendimethalin 750 g/ha as pre-em) under CA was lower than farmers' practice (**Table 5.2**). The seed yield of chickpea was 2.24 t/ha in CA practice with improved weed management technique. The higher B:C ratio of 3.80 was recorded with the same treatment, whereas the B:C ratio was only 2.74 in farmers practice.

तालिका 5.2: पाटन क्षेत्र में रबी, 2018–19 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत चना के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (2 किसानों का औसत)

Table 5.2: Weed management and productivity of chickpea under conservation agriculture in OFR at Patan locality during *Rabi*, 2018-19 (average of 2 farmers)

Treatment	Weed population (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net profit (₹/ha)	B:C ratio
CA+ RFD + WM	27.5	17.76	2.24	100688	74148	3.80
Farmers practice	45.5	34.93	1.79	80663	50310	2.74
Weedy check	90.0	59.37	1 38	62280	38064	2.46

RFD: Recommended fertilizer dose (अनुशंसित उर्वरक मात्रा), CA: Conservation agriculture (संरक्षित कृषि), WM: Weed management (खरपतवार प्रबंधन)

मूंग (ग्रीष्म, 2019)

पाटन जिले के पौड़ी, पोनिया एवं रामखिरिया गांवों के 4 कृषक प्रक्षेत्र पर निदेशालय द्वारा वर्ष 2019 में संरक्षित कृषि के अंतर्गत ग्रीष्म मूंग की खेती एवं उसमें उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषकों की सहभागिता से सफल प्रदर्शन किया गया। मुख्य खरपतवारों में *डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, पासपेलेडियम* स्पीशीज, *फाइजेलिस मिनिमा, अलटरनेन्था सेसिलिस* एवं *साइप्रस रोटन्डस* पाये गये। परिणामों से स्पष्ट है कि संरक्षित कृषि प्रणाली एवं उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक (इमेजेथापायर 100 ग्रा/हे अंकुरण पश्चात्) का प्रयोग काफी प्रभावी एवं लाभदायक रहा, क्योंकि इससे कृषक पद्धति की तुलना में ना केवल सभी प्रकार के खरपतवारों का प्रभावी नियंत्रण हुआ, बल्कि ज्यादा दाना उत्पादन (1.15 टन/हे.) भी प्राप्त हुआ, जबकि कृषक पद्धति (परम्परागत जुताई के बाद बुवाई + हाथ से निंदाई) में उत्पादन 1.05 टन/हे था। उन्नत तकनीक में किसानों की विधि की तुलना में ₹ 9863/हे का अतिरिक्त लाभ एवं उच्च लाभःखर्च अनुपात प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त संरक्षित कृषि पद्धति में जुताई का खर्च एवं समय की बचत हुई तथा जुताई न होने से मृदा में संचित नमी ज्यादा समय तक बरकरार रही, जिससे पानी कम लगा **(तालिका 5.3)**।

Greengram (Summer, 2019)

On-farm research (OFR) trials were undertaken on greengram under conservation agriculture during summer season of 2019 at four farmers' fields in Podi, Ponia and Ramkhiriya villages of Patan locality. The major weed flora observed was *Dinebra retroflexa, Paspalidium* sp., *Physalis minima, Alternanthera sessilis* and *Cyperus rotundus*. Result revealed that RFD (20:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) + CA + imazethapyr 100 g/ha as post-em was effective and gave broad spectrum weed control and a seed yield of 1.15 t/ha, as compared to 1.05 t/ha under FP (CT + 1 hand weeding); and provided an additional net return of ₹ 9863/ha with higher B:C ratio over farmers practice. Besides use of conservation agriculture saved time and favoured early sowing which helped to utilize residual soil moisture, and saved field preparation cost **(Table 5.3)**.

तालिका 5.3: पाटन क्षेत्र में ग्रीष्म, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत मूंग के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (4 किसानों का औसत)

Table 5.3: Weed management and productivity of greengram under conservation agriculture in OFR at Patan locality during summer, 2019 (average of 4 farmers)

Treatment	Weed population (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net profit (₹/ha)	B:C ratio
CA+ RFD + WM	25.25	16.10	1.15	63142	36234	2.35
Farmers practice	34.25	24.01	1.05	57984	26371	1.84
Weedy check	59.75	50.52	0.80	43794	19172	1.78

RFD: Recommended fertilizer dose (अनुशंसित उर्वरक मात्रा), CA: Conservation agriculture (संरक्षित कृषि), WM: Weed management (खरपतवार प्रबंधन)

धान (सीधी बुवाई) (*खरीफ*, 2019)

पाटन क्षेत्र के गुलेदा, दोजिया, सिंघलदीप और रैपुरा गावों के 8 कृषक प्रक्षेत्रों पर खरीफ 2019 के दौरान सीधी बुवाई वाले धान में खरपतवार प्रबंधन पर प्रक्षेत्र शोध एवं परीक्षण किये गए। अनुशंसित उर्वरक मात्रा के साथ शाकनाशी द्वारा खरपतवार प्रबंधन की तुलना किसान द्वारा अपनायी गयी विधि से की गई। मुख्य खरपतवारों में *इकाईनोक्लोआ कोलोना, ईशचिमम रोगोसम, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, साइप्रस ईरिया, कोमोलीना कम्युनिस, फाइजेलिस मिनिमा* एवं *अलटरनेनथ्रा सेसिलिस* उपस्थित थे। अनुशंसित उर्वरक मात्रा (120:60:40 नत्रजनःफास्फोरसःपोटाश किग्रा/हे) के अनुप्रयोग के साथ शाकनाशी (बिसपायरीबैक–सोडियम 25 ग्रा/हे अंकुरण के बाद) का अनुप्रयोग (खरपतवार शुष्क भार 31.35 ग्रा/मी², उपज 4.80 टन/हे एवं लाभःखर्च अनुपात 3.10) किसान की विधि (उच्च बीज दर + उचित खरपतवार प्रबंधन के बिना असंतुलित उर्वरक) (खरपतवार शुष्क भार 62.44 ग्रा/मी², उपज 4.43 टन/हे, लाभःखर्च अनुपात 2.66) तुलना में अधिक प्रभावी था **(तालिका 5.4)**।

Rice (Direct-seeded) (*Kharif*, 2019)

On-farm research trials were undertaken on weed management in direct-seeded rice during *Kharif* season of 2019 at 8 farmers' fields in Guleda, Dojia, Singhal deep and Raipura villages of Patan locality. Weed management through herbicides with recommended fertilizer dose (RFD) was compared with the farmer's practice. The major weed flora observed was *Echinochloa colona, Ischaemum rugosum, Dinebra retroflexa, Cyperus iria, Commelina communis, Physalis minima* and *Alternanthera sessilis*. Application of recommended fertilizer dose (RFD) (120:60:40 N, P, K kg/ha) along with the application of herbicide (bispyribac-Na 25 g/ha as post-em.) was more effective (weed dry weight 31.35 g/m²; grain yield 4.80 t/ha; B:C 3.10) over farmer's practice (high seed rate + unbalanced fertilizer without proper weed management) (weed dry weight, 62.44 g/m²; grain yield 4.43 t/ha; B:C 2.66) (**Table 5.4**).

तालिका 5.4: पाटन क्षेत्र में *खरीफ*, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत सीधी बुवाई वाली धान के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता। (8 किसानों का औसत)

Table 5.4: Weed management and productivity of direct-seeded rice in OFR at Patan locality during *Kharif*, 2019 (average of 8 farmers)

Treatment	Weed population (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net profit (₹/ha)	B:C ratio
CA+ RFD + WM	38.75 ^{c}	31.35 ^{c}	4.80 ^{a}	89187	60427	3.10
Farmers Practice	68.00 ^{b}	62.44 ^{b}	4.43 ^{b}	82421	51474	2.66
Weedy check	112.00 ^{a}	109.50 ^{a}	3.33 ^{c}	61892	35315	2.33

RFD: Recommended fertilizer dose, CA: Conservation agriculture, WM: Weed management

मक्का (*खरीफ*, 2019)

संरक्षित कृषि के अंतर्गत पाटन क्षेत्र के लखना गांव के कृषक प्रक्षेत्र पर निदेशालय द्वारा वर्ष 2019 में खरीफ मक्का में शोध एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य खरपतवारों में *कोमोलीना कम्युनिस, फाइजेलिस मिनिमा, कोरकोरस* स्पीशीज, *एकलिपटा एल्बा, यूफोर्बिया जेनिक्युलाटा, इसचिमम रोगोसम* एवं

Maize (*Kharif*, 2019)

On-farm research (OFR) trial was conducted on weed management in maize during *Kharif*, 2019 at farmer's field in Lakhna village of Patan locality. The major weed flora observed was *Commelina communis, Physalis minima, Corchorus* spp., *Eclipta alba, Euphorbia geniculata, Eschemum*

साइप्रस रोटन्डस उपस्थित थे। मक्का में खरपतवार घनत्व (32 नं/मी^{2}) और शुष्क भार (21.8 ग्रा/मी^{2}) अनुशंसित उर्वरक के साथ (120:60:40 नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश किग्रा/हे) और शाकनाशी (एट्राजिन 750 ग्रा/हे के साथ टेम्बोट्रिओन 120 ग्रा/हे बुवाई के 30 दिन पश्चात्) संरक्षित कृषि के तहत् किसानों द्वारा अपनायी गयी विधि की तुलना में कम पाये गये (**तालिका 5.5**)। उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक के साथ संरक्षित कृषि में मक्का की उपज 3.97 टन/हे पायी गयी। अधिकतम नेट रिटर्न (₹ 34923/हे) एवं लाभःखर्च अनुपात (1.96) किसानों की विधि की तुलना में दर्ज की गयी।

rogosum and *Cyperus rotundus*. Lower weed density (32 no./m^2) and dry weight (21.8 g/m^2) in maize were observed with recommended fertilizer (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) and herbicide (atrazine 750 g/ha *fb* tembotrione 120 g/ha at 30 DAS) under CA than farmers practice (**Table 5.5**). Grain yield of maize was observed as 3.97 t/ha in CA practice with improved weed management technique. Higher net return (₹ 34923/ha) and B: C ratio (1.96) were recorded with the same treatment as compared to the farmer practice.

तालिका 5.5: पाटन क्षेत्र में *खरीफ*, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत् मक्का के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता

Table 5.5: Weed management and productivity of maize in OFR at Patan locality during *Kharif*, 2019

Treatment	Weed population (no./m^2)	Weed dry weight (g/m^2)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net profit (₹/ha)	B:C ratio
CA+ RFD + WM	32.00	21.8 0	3.97	71460	34923	1.96
Farmers practice	65.00	56.05	3.67	66060	26287	1.66
Weedy check	114 .0	105.3	2·35	42300	10207	1.32

RFD: Recommended fertilizer dose (अनुशंसित उर्वरक मात्रा), CA: Conservation agriculture (संरक्षित कृषि), WM: Weed management (खरपतवार प्रबंधन)





5.1.2 संरक्षित कृषि के अंतर्गत धान–गेहूं–मूंग और मक्का–चना–मूंग फसल पद्धति में खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध एवं प्रदर्शन (बरगी क्षेत्र)

संरक्षित कृषि के अंतर्गत धान–गेहूं–मूंग और मक्का–चना–मूंग फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का किसानों के खेतों में प्रदर्शन और मूल्यांकन किया गया। प्रक्षेत्र अनुसंधान परीक्षण, बरगी क्षेत्र के गांवों जैसे– रोसरा, बरहा, पिंडरई, पिपरिया चारघाट, मनखेडी, सालीवाडा और सहजपुरी में धान–गेहूं–मूंग और मक्का–चना–मूंग फसल प्रणाली के अंतर्गत *रबी* (2018–19) के दौरान गेहूं और चना में, ग्रीष्म (2019) के दौरान मूंग में तथा *खरीफ* (2019) के दौरान धान और मक्का में किये गये। अनुशंसित उर्वरक मात्रा के साथ संरक्षित कृषि के तहत् उगाई गई फसलों में

5.1.2 On-farm research (OFR) and demonstration of weed management technologies in rice-wheat-greengram and maize-chickpea-greengram system under conservation agriculture (Bargi locality)

On-farm research (OFR) trials cum demonstration on weed management in rice-wheat-greengram and maize-chickpea-greengram under conservation agriculture (CA) were carried out to transfer and evaluate the improved weed management technologies at farmers' field. At Bargi locality, OFR trials were conducted at villages, *viz.* Rosara, Barha, Pindrai, Piparia Charghat, Mankhedi, Saliwada and Sahjpuri during *Rabi* 2018-19, Summer 2019 and *Kharif* 2019 in rice, maize, wheat, chickpea and greengram under rice-wheat-greengram and maize-chickpea-greengram cropping systems. Improved weed management in crops

बेहतर खरपतवार प्रबंधन और बिना खरपतवार प्रबंधन के साथ अनुशंसित उर्वरक मात्रा की तुलना, किसानों की पारम्परिक खेती से की गई।

गेहूं (*रबी*, 2018–19)

गेहूं में *मेडिकागो पोलीमोर्फा, एनागेलिस आरवेन्सिस, विसिआ सेटाइवा, रूमेक्स डेंटेटस, फेलेरिस माइनर, कोनवोल्वुलस आरवेन्सिस, लेथायरस अफाका* एवं *चेनोपोडियम एलबम* आदि उस क्षेत्र के प्रमुख खरपतवार थे। संरक्षित कृषि के तहत् शाकनाशी (क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन 60+4 ग्रा/हे) के साथ अनुशंसित उर्वरक मात्रा (120:60:40::एनःपीःके किग्रा/हे) के प्रयोग से गेहूं में सबसे कम खरपतवार घनत्व और शुष्क भार प्राप्त हुआ (**तालिका 5.6**)। इस उपचार से पौधों की ऊंचाई, प्रति पंक्ति में स्पाईक की संख्या और स्पाईक की उच्चतम लम्बाई पाई गई। किसानों की विधि (पारंपरिक पद्धति, उच्च बीज दर और उचित खरपतवार प्रबंधन के बिना) की तुलना में संरक्षित कृषि में बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के साथ 16 प्रतिशत अधिक गेहूं की उपज (4.94 टन/हे), शुद्ध लाभ (₹ 68030) और लाभःखर्च अनुपात (3.98) प्राप्त हुआ।

grown under CA with recommended dose of fertilizer (RDF) and weed control were compared with conventional practice done by the farmers.

Wheat (*Rabi*, 2018-19)

The major weed flora observed were *Medicago polymorpha, Anagalis arvensis, Vicia sativa, Rumex dentatus, Phalaris minor, Convolvulus arvensis, Lathyrus aphaca* and *Chenopodium album*. Application of recommended fertilizer dose (120:60:40::N:P_2O_5:K_2O kg/ha) along with herbicide (clodinafop + metsulfuron 60+4 g/ha at 25 DAS) under CA resulted in the lowest weed density and dry biomass accumulation (**Table 5.6**). This treatment also produced higher plant height, number of spike/m row and spike length. As compared to farmers practice (conventional tillage, higher seed rate and without proper weed management), the improved weed management techniques in CA produced 16% of higher wheat grain yield (4.94 t/ha), net return (₹ 68030) and B:C ratio (3.98).

तालिका 5.6: बरगी क्षेत्र में *रबी*, 2018–19 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत गेहूं के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (5 किसानों का औसत)

Table 5.6: Weed management and productivity of wheat under conservation agriculture in OFR at Bargi locality during *Rabi*, 2018-19 (average of 5 farmers)

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net return (₹/ha)	B:C ratio
CA with RDF and herbicide	26.3	10.6	4.94	90841	68030	3.98
Farmers practice	37.3	25.4	4.25	78182	46535	2.47
CA with RDF and without herbicide	49.5	70.3	2.12	39045	8782	1.29

CA: Conservation agriculture; RDF: Recommended dose of fertilizer





चना (*रबी*, 2018–19)

चना में, *मेडिकागो पोलीमोर्फा, विसिआ सटाईवा, साइप्रस रोटन्डस, कोनवोल्वुलस आरवेन्सिस* एवं *अवेना लुडोविसिआना* प्रमुख खरपतवार थे। संरक्षित कृषि के तहत् अनुशंसित उर्वरक (20:60:40 एनःपीःके किग्रा/हे) और शाकनाशी (पेण्डीमेथालिन

Chickpea (*Rabi*, 2018-19)

The major weed flora observed were *Medicago polymorpha, Vicia sativa, Cyperus rotundus, Convolvulus arvensis* and *Avena ludoviciana*. Weed density and dry weight in chickpea grown with recommended fertilizer (32:60:40 N, P,O,K kg/ha) and herbicide (pendimethalin

750 ग्रा/हे 2 दिन बुवाई पश्चात्) के साथ उगाए गए चने में खरपतवार घनत्व और शुष्क भार किसानों की पारंपरिक पद्धति से क्रमशः 44 और 59 प्रतिशत कम था (**तालिका 5.7**)। किसानों की पद्धति में पौधों की संख्या अधिकतम पाई गई, जबकि प्रति पौधे में फलियों की संख्या और प्रति पौधा शाखाओं की संख्या अनुशंसित उर्वरक और संरक्षित कृषि के तहत् बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के साथ प्राप्त हुई। उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक के साथ संरक्षित कृषि पद्धति में चने की बीज उपज 1.87 टन/हे थी। अधिक लाभःखर्च अनुपात 2.43 उसी तकनीक में पाया गया, जबकि किसानों की पद्धति में लाभःखर्च अनुपात केवल 1.86 था।



750 g/ha at 2 DAS) under CA was 44 and 59%, respectively, lower than farmers practice (**Table 5.7**). Maximum plant density was observed with farmers practice, whereas, number of pods/plant and branches/plant was higher in plots, which received recommended fertilizer and improved weed management practice under CA. Seed yield of chickpea was 1.87 t/ha in CA practice with improved weed management technique. The higher B:C ratio 2.43 was recorded with the same treatment, whereas the B:C ratio was only 1.86 in farmer's practice.

तालिका 5.7: बरगी क्षेत्र में *रबी*, 2018–19 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत् चना के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (3 किसानों का औसत)

Table 5.7: Weed management and productivity of chickpea under conservation agriculture in OFR at Bargi locality during *Rabi* 2018-19 (average of 3 farmers)

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Seed yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net return (₹/ha)	B:C ratio
CA with RDF and herbicide	11.9	7.5	1.87	86302	50726	2.43
Farmers practice	21.3	18.5	1.54	71194	32855	1.86
CA with RDF and without herbicide	51.3	36.7	1.20	55209	18904	1.52

मूंग (ग्रीष्म, 2019)

ग्रीष्म, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत् मूंग में प्रक्षेत्र शोध परीक्षण तीन उपचारों के साथ किये गये (क) संरक्षित कृषि के साथ अनुशंसित उर्वरक मात्रा और शाकनाशी (इमेजेथापायर 100 ग्रा/हे 20 दिन बुवाई पश्चात्) (ख) किसानों की पद्धति (ग) संरक्षित कृषि में अनुशंसित उर्वरक मात्रा तथा बिना शाकनाशी। मूंग में मुख्यतः *कोमेलिना बेन्गालेन्सिस, डाइनेब्रा रिट्रोफ्लेक्सा, डाइजेरा आरवेन्सिस, मेकारडोनिया प्रोकम्बेन्स, पासपेलिडियम* स्पीशीज, *डिजीटेरिया सेन्गायुनेलिस, सायनोटिस ऐक्सिलेरिस, यूफोर्बिया हेटरोफाइला, फाइलेंथस निरूरी, कोरकोरस* स्पीशीज एवं *साइप्रस रोटन्डस* खरपतवार पाये गये। संरक्षित कृषि के तहत् शाकनाशी के साथ अनुशंसित उर्वरक (20:60:40 एनःपीःके किग्रा/हे) के प्रयोग के परिणामस्वरूप किसान की विधि की तुलना में क्रमशः 38 और 54 प्रतिशत कम खरपतवार घनत्व और शुष्क भार प्राप्त हुआ (**तालिका 5.8**)। इसी उपचार में मूंग में पौधों की अधिकतम् ऊंचाई और प्रति पौधा फलियों की संख्या प्राप्त हुई। किसानों की पारंपरिक पद्धति की तुलना में, संरक्षित कृषि में उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक से अधिक मूंग बीज उपज (1.21 टन/हे) और लाभःखर्च अनुपात (3.19) प्राप्त हुआ।



Greengram (summer, 2019)

During summer 2019, OFR trials on greengram under CA were conducted with three treatments, *viz.* (i) CA with RDF and with herbicide (imazethapyr 100 g/ha at 20 DAS) (ii) farmers' practice (iii) CA with RDF and without herbicide. The major weed flora observed were *Commelina benghalensis*, *Dinebra retroflexa, Digera arvensis, Mecardonia procumbens, Paspalidium* sp., *Digitaria sanguinalis, Cyanotis axillaris, Euphorbia heterophylla, Phyllanthus niruri, Corchorus* sp. and *Cyperus rotundus*. As compared to farmers' practice, application of recommended fertilizer dose (20:60:40 N, P_2O_5 kg/ha) along with herbicide under CA resulted in 38 and 54% lower weed density and dry biomass accumulation, respectively (**Table 5.8**). The same treatment produced the maximum plant height and number of pods per plant in greengram. Improved weed management techniques in CA produced higher greengram seed yield (1.21 t/ha) and B:C ratio (3.19) compared to farmers practice.

तालिका 5.8: बरगी क्षेत्र में ग्रीष्म, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के अन्तर्गत मूंग के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (4 किसानों का औसत)

Table 5.8: Weed management and productivity of greengram under conservation agriculture in OFR at Bargi locality during summer, 2019 (average of 4 farmers)

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Seed yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net return (₹/ha)	B:C ratio
CA with RDF and herbicide	26.6	8.50	1.21	84258	57854	3.19
Farmers practice	42.7	18.3	0.80	55521	24408	1.78
CA with RDF and without herbicide	181.7	73.3	0.73	51127	22298	1.77

CA: Conservation agriculture; RDF: Recommended dose of fertilizer

धान (*खरीफ*, 2019)

संरक्षित कृषि के तहत् सीधी बुवाई वाले धान में खरपतवार प्रबंधन पर प्रक्षेत्र शोध परीक्षण किए गए। इसमें मुख्यतः *इकाईनोक्लोआ कोलोना, साइप्रस इरिया, कोमेलिना कम्युनिस, फाइलेंथस निरूरी, डाइनेब्रा रेट्रोफ्लेक्सा, मेकारडोनिया प्रोक्यूम्बेन्स, मुलेगो पेंटाफायला* एवं *एक्लिप्टा एलबा* आदि खरपतवार पाए गए। अनुशंसित खरपतवार प्रबंधन और उर्वरक मात्राओं की तुलना किसानों की पद्धति से की गई। किसानों की पद्धति की तुलना में, अनुशंसित उर्वरक मात्रा (120:60:40 एनःपीःके किग्रा/हे) के उपयोग के साथ शाकनाशी (पायरेजोसल्फ्युरोन 20 ग्रा/हे तथा बिस्पायरीबैक–सोडियम 25 ग्रा/हे 20 दिन बुवाई पश्चात्) ने प्रभावी ढंग से खरपतवार घनत्व और शुष्क भार को क्रमशः 44 और 67 प्रतिशत कम किया (**तालिका 5.9**)। किसानों की पद्धति की तुलना में अनुशंसित उर्वरक मात्रा और शाकनाशी के साथ संरक्षित कृषि में अधिक अनाज की उपज (4.42 टन/हे) और शुद्ध लाभ (₹ 51962/हे) प्राप्त हुआ।



Rice (*Kharif*, 2019)

On-farm research trials were undertaken on weed management in direct-seeded rice under CA. The major weed flora observed was *Echinochloa colona*, *Cyperus iria*, *Commelina communis*, *Phyllanthus niruri*, *Dinebra retroflexa*, *Mecardonia procumbens*, *Mullago pentaphylla* and *Eclipta alba*. The recommended weed management and fertilizer dose practices were compared with farmers practice. As compared to farmers practice, application of recommended fertilizer dose (120:60:40 N, P_2O_5, K_2O kg/ha) along with herbicide (pyrazosulfuron 20 g/ha as PE *fb* bispyribac sodium 25 g/ha at 20 DAS) effectively reduced the weed density and dry weight by 44 and 67%, respectively (**Table 5.9**). The grain yield (4.42 t/ha) and net return (₹ 51962/ha) was also higher in CA with RDF and herbicide in comparison to farmers practice.

तालिका 5.9: बरगी क्षेत्र में *खरीफ*, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के अन्तर्गत धान के प्रक्षेत्र में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (3 किसानों का औसत)

Table 5.9: Weed management and productivity of direct-seeded rice under conservation agriculture in OFR at Bargi locality during *Kharif* 2019 (average of 3 farmers)

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net return (₹/ha)	B:C ratio
CA with RDF and herbicide	18.5	6.8	4.42	80223	51962	2.84
Farmers practice	33.1	20.7	3.81	69170	38723	2.27
CA with RDF and without herbicide	63.7	29.4	2.63	47698	19436	1.69

CA: Conservation agriculture; RDF: Recommended dose of fertilizer

मक्का (*खरीफ*, 2019)

मक्का में मुख्यतः *इकाईनोक्लोआ कोलोना, कोमेलीना कम्युनिस, फाइलेंथस निरूरी, यूफोर्बिया हिटरोफाइला, मेकारडोनिया प्रोक्यूम्बेन्स, मुलेगो पेंटाफायला* एवं *पासपेलिडियम* स्पीशीज आदि खरपतवार पाये गये। संरक्षित कृषि के तहत् अनुशंसित उर्वरक मात्रा (120:60:40::एन.पी.के. कि.ग्रा./हे.) और शाकनाशी (एट्राजिन 750 ग्रा/हे के बाद टेम्बोट्रिओन 120 ग्रा/हे 30 दिन बुवाई) के साथ उगाये गये मक्का में खरपतवार घनत्व और शुष्क भार क्रमशः 39 और 47 प्रतिशत किसानों की पद्धति से कम था (**तालिका 5.10**)। संरक्षित कृषि के तहत् अनुशंसित उर्वरक और उन्नत खरपतवार प्रबंधन प्लॉट से अधिकतम् पौधों की ऊंचाई और प्रति वर्ग मीटर भुट्टों की संख्या प्राप्त की गई। संरक्षित कृषि के साथ उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीक से मक्का की उपज 5.92 टन/हे. प्राप्त हुई। किसान की पद्धति की तुलना में अधिक शुद्ध लाभ (₹ 67602) और लाभःखर्च अनुपात (2.85) भी इसी में प्राप्त हुआ।



Maize (*Kharif*, 2019)

The major weed flora observed was *Echinochloa colona*, *Commelina communis*, *Phyllanthus niruri*, *Euphorbia heterophylla*, *Mecardonia procumbens*, *Mullago pentaphylla* and *Paspalidium* sp. Weed density and dry weight in maize grown with recommended fertilizer (120:60:40 N, P_2O_5,K_2O kg/ha) and herbicide (atrazine 750 g/ha *fb* tembotrione 120 g/ha at 30 DAS) under CA was 39 and 47%, respectively lower than farmers practice (**Table 5.10**). The maximum plant height and number of cobs/m^2 were recorded from the plots received recommended fertilizer and advanced weed management practice under CA. The grain yield of maize was 5.92 t/ha in CA practice with improved weed management technique. As compared to the farmer practice, the higher net return (₹ 67602) and B:C ratio (2.85) were recorded with the same treatment.

तालिका 5.10: बरगी क्षेत्र में *खरीफ*, 2019 के दौरान संरक्षित कृषि के तहत् मक्का में खरपतवार प्रबंधन एवं उत्पादकता (3 किसानों का औसत)

Table 5.10: Weed management and productivity of maize under conservation agriculture in OFR at Bargi locality during *Kharif*, 2019 (average of 3 farmers)

Treatment	Weed density (no./m²)	Weed dry weight (g/m²)	Grain yield (t/ha)	Gross return (₹/ha)	Net return (₹/ha)	B:C ratio
CA with RDF and herbicide	18.5	12.4	5.92	104139	67602	2.85
Farmers practice	30.3	23.3	4.45	78320	38547	1.97
CA with RDF and without herbicide	76.5	41.3	3.02	53117	17788	1.50

CA: Conservation agriculture; RDF: Recommended dose of fertilizer

5.1.3 खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाना एवं उनका मूल्यांकन

खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाने के पश्चात् किसानों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का निरीक्षण करने हेतु प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन किया गया। निदेशालय एवं विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में स्थित अ.भा.स.अनु.परि.–खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न केंद्रों के माध्यम से पूर्व में जाँची गई अनुसूची का उपयोग कर 412 उत्तरदाताओं की जानकारी एकत्र की गई। यह केंद्र 18 राज्यों में स्थित हैं। अध्ययन के परिणाम जोन में प्रस्तुत किए गए है। जोन क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी **तालिका 5.11** में दी गई है।

5.1.3 Impact assessment and adoption of weed management technologies

Impact assessment study was conducted to observe the socio-economic status of farmers after adoption of weed management technologies. Primary data were collected by the Directorate and also through different centres of AICRP-Weed Management located at different State Agriculture Universities using detailed pre-tested interview schedule comprising a total of 412 farmers (respondents) in the sample. These centres were located in 18 states and results were presented in zones. Detailed about zones are given in the following **Table 5.11**.

तालिका 5.11: जोन में शामिल भारत के राज्य
Table 5.11: Zones comprising the states of India

Zone	State
Zone I (AE-4)	Gujarat, Haryana, Punjab, Uttar Pradesh, part of Madhya Pradesh (Gwalior)
Zone II (AE-6)	Telangana, Karnataka, part of Maharashtra (Dapoli)
Zone III (AE-10)	Part of Madhya Pradesh (Jabalpur)
Zone IV (AE-12)	Odisha, Jharkhand, West Bengal, Bihar
Zone V (AE -14)	Himachal Pradesh, Uttarakhand

AE-Agro Ecological

इस अवधि के दौरान, धान और गेहूं की फसलों में खरपतवारों की उपस्थिति पर खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों के प्रभाव, खरपतवार प्रबंधन के बारे में किसानों की धारणा और रासायनिक खरपतवार नियंत्रण पर किसानों की जागरूकता का स्तर जानने के लिए अध्ययन किया गया।

खरपतवार की संख्या पर खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का प्रभाव

धान और गेहूं की फसलों के प्रमुख खरपतवारों पर प्रश्नों के माध्यम से खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाने से पूर्व एवं पश्चात् किसानों के खेतों में खरपतवार की उपस्थिति को समझने के लिए जानकारी एकत्र की गई। किसानों की प्रतिक्रिया को बाँटने के लिए निम्न पैमाने का उपयोग किया गया: 1=कम (0–25%), 2=मध्यम (25–50%), 3=अधिक (50–75%), 4=बहुत अधिक (>75%) **(चित्र 5.1 एवं 5.2)**।

During the period, study was done to know the effect of weed management technologies on weed intensity in rice and wheat crops; farmers' perception on importance of weed management and farmers' awareness level on chemical weed control.

Effect of weed management technologies on weed intensity

Information was collected to understand the severity of weeds in the farmers' fields before and after the adoption of weed management technologies through questions on major weeds of rice and wheat crops **(Figure 5.1)**. Farmers' response on severity of weeds were rated using 4-point likert scale; 1=low (0-25%), 2=moderate (25-50%), 3=high (50-75%), 4=very high (>75%) **(Figure 5.1** and **5.2)**.



चित्र 5.1: धान की फसल में विभिन्न खरपतवारों की उपस्थिति पर किसानों की प्रतिक्रिया
Figure 5.1: Response of farmers on weed severity (%) in rice crop

परिणाम से पता चला है कि बहुत कम किसानों द्वारा *सिटेरिया ग्लौका* की उपस्थिति दर्ज कराई गई जो कि तकनीकी अपनाने से पूर्व धान में मध्यम स्तर (25–50%) की थी। हालाँकि, खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को अपनाने के पश्चात् यह खरपतवार विलुप्त हो गया एवं नए खरपतवार जैसे कि *एसचायनोमीन* स्पीशीज, *फाईलैंथस निरूरी* एवं *फाइजेलिस मिनिमा* कम संख्या में परन्तु नए खरपतवारों के रूप में उभरने लगे। कुछ अन्य खरपतवार जैसे *साइप्रस डिफोर्मिस, फिमब्रिसटैलिस मिलिकोआ, लुडविजिया परवीफ्लोरा* भी किसानों के धान के खेत में तकनीकियों को अपनाने के पूर्व बहुत अधिक संख्या (>75%) में उपस्थित थे। हालांकि, तकनीकों को अपनाने के पश्चात् उनकी संख्या में कमी (<50%) आ गई थी।

Result revealed that *Setaria glauca* was reported by very few farmers with moderate level (25-50%) of infestation in rice before adoption. However, this weed disappeared and new weeds such as *Aeschynomene* spp. *Phyllanthus niruri* and *Physallis minima* emerged with low severity level after the adoption of weed management technologies. Some other weeds like *Cyperus difformis, Fimbristylis milliacea, Ludwigia parviflora* were found in farmers' fields with very high intensity (>75%) level in rice crop before adoption, however, they were with low and moderate level of infestation (<50%) after adoption of weed management technologies in farmers' fields.



चित्र 5.2: गेंहू की फसल में विभिन्न खरपतवारों की उपस्थिति पर किसानों की प्रतिक्रिया
Figure 5.2: Response of farmers on weed severity (%) in wheat crop

कुछ किसानों द्वारा उनके खेत में *मेलिलोटस इंडिका* की उपस्थिति कम एवं मध्यम स्तर की दर्ज कराई गई। हालाँकि, तकनीकों को अपनाने के पश्चात् इनकी उपस्थिति नगण्य थी। इसी प्रकार खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों को अपनाने के पश्चात् *पोलीगोनम* स्पीशीज की उपस्थिति कम और मध्यम स्तर की दर्ज कराई गयी। वहीं दूसरी ओर तकनीकों को अपनाने से पूर्व 20% से अधिक किसानों द्वारा *एविना फेचुआ, चिनोपोडियम एल्बम, फैलारिस माइनर* एवं *रुमेक्स* स्पीशीज की उपस्थिति उच्च स्तर की दर्ज कराई गई। हालाँकि, तकनीकों को अपनाने के पश्चात् यह खरपतवार कम अथवा मध्यम स्तर पर उपस्थित थे। यह भी पाया गया कि सभी खरपतवारों की उपस्थिति उच्च स्तर (75% तक) से कम दर्ज कराई गयी, परन्तु *फैलारिस माइनर* तकनीकों को अपनाने के पूर्व एवं पश्चात् किसी–किसी क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या (>75%) में उपस्थित था (**चित्र 5.2**)।

Melilotus indica was reported by few farmers with low and moderate severity in wheat crop, however, it was reported with negligible occurence after adoption. Similarly, *Polygonum* spp. was reported with low and moderate severity after adoption of weed management technologies. Some weeds like *Avena fatua, Chenopodium album, Phalaris minor* and *Rumex* spp were reported by farmers with high intensity by >20% of the farmers before adoption. However, after adoption they were appeared with low and moderate intensity in wheat crop. It was observed that all weeds were reported with upto high intensity (upto 75%) except *Phalaris minor* which was observed with high level of severity (>75%) both before and after adoption of weed management technologies (**Figure 5.2**).

खरपतवार प्रबंधन पर किसानों की जागरूकता एवं उनके अपनाने का स्तर

खरपतवार प्रबंधन पर किसानों की जागरूकता एवं उनके द्वारा तकनीकियों को अपनाने के बारे में जानकरी एकत्र की गई एवं उनकी प्रतिक्रिया पर अध्ययन किया गया। यह जानकारी विभिन्न पहलुओं पर आधारित थी जैसे (i) खरपतवार एक बड़ी बाधा के रूप में उपस्थित है (ii) पारंपरिक कृषि प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन का महत्व (iii) किसानों के स्तर पर उन्नत खरपतवार प्रबंधन को अपनाना एवं (iv) खरपतवार प्रबंधन की निवारक विधि पर किसानों का ज्ञान स्तर। रासायनिक खरपतवार नियंत्रण के बारे में भी उनके ज्ञान पर जानकारी एकत्र की गई जिसके तहत विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया जैसे (i) छिड़काव के दौरान एहतियाती उपायों का प्रयोग (ii) नकली/मिलावटी रसायनों एवं उनकी उपलब्धता पर जागरूकता (iii) खरपतवारनाशी छिड़काव के लिए नोजल के प्रकार का उपयोग एवं (iv) अन्य कीटनाशकों के साथ खरपतवारनाशी के मिश्रण का प्रयोग। इन दो पहलुओं पर किसानों की प्रतिक्रियाएं **चित्र 5.3(अ)** एवं **(ब)** में स्टैक्ड बार ग्राफ के माध्यम से प्रस्तुत की गई हैं।

Awareness and adoption level of farmers on weed management

Responses of farmers on questions regarding their awareness and adoption level on weed management was collected and studied. These questions were based on different aspects such as (i) weeds as major obstacle (ii) importance of weed management in traditional farming system (iii) adoption of Improved weed management at farmers' level and (iv) farmers' knowledge on preventive method of weed management. Information was also collected on their knowledge regarding chemical weed control. Under this, different aspects include (i) use of precautionary measures during spraying (ii) awareness on spurious/adulterated chemical and their availability (iii) use of type of nozzle for herbicide spray (iv) mixing of herbicides with other pesticides. Their responses on these two aspects are presented though stacked bar diagram in **Figure 5.3 (a)** and **(b)**.





A1- Weeds are one of the major constraints in crop production;
A2- Weed management was not given due importance in traditional farming system;
A3- Post-use of demonstrated Improved Weed Management technologies;
A4- Use of preventive methods of weed management.

B1- Use of precautionary measure such as mask, cloth, gloves during spraying of herbicides;
B2- Information about spurious herbicides and their availability in the local market;
B3- Use of flat fan nozzle for herbicide spray;
B4- Disposal of herbicide container after use;
B5- Mixing of herbicide with other pesticides.

चित्र 5.3 (अ) खरपतवार प्रबंधन के महत्व पर किसानों का अनुभव (ब) रासायनिक खरपतवार नियंत्रण की जागरूकता का स्तर
Fig 5.3 (a) Farmers' perception on importance of weed management (b) Farmers' awareness level on chemical weed control

परिणामों से पता चला कि किसान खरपतवार प्रबंधन को अन्य कीट जैसे रोग, कीड़े के प्रबंधन की तुलना में अधिक महत्व नहीं देते हैं। हालांकि, 98% किसान फसल में खरपतवार के बीजों को कम करने के लिए निवारक विधियों का उपयोग करते हैं। यह विधियाँ हैं (i) बुवाई से पहले बीजों की सफाई (ii) कृषि उपकरणों की सफाई (iii) सिंचाई चैनलों की सफाई एवं (iv) खेत में विघटित कार्बनिक पदार्थों का उपयोग। वहीं दूसरी ओर, केवल 50% किसान ही खरपतवारनाशी के छिड़काव के समय इस्तेमाल किए जाने वाले एहतियाती उपायों के बारे में तथा मिलावटी खरपतवारनाशी के बारे में जागरूक थे। हालाँकि, लगभग 80% से अधिक किसान अन्य कीटनाशकों के साथ खरपतवारनाशी मिलाकर उपयोग करते हैं।

Results revealed that farmers do not give much importance to weed management as compared to other pests like disease, insect. However, 98% of the farmers use preventive methods to reduce the weed seed infestation in the crop. These preventive methods are (i) cleaning of seeds before sowing; (ii) cleaning of agricultural implements (iii) cleaning of irrigation channels and (iv) use of decomposed organic matter in the field. On the other hand, only around 50% farmers were well aware about the precautionary measures used during spraying of herbicides and spurious herbicides in the market. However, more than 80% farmers mix herbicides with other pesticides during spraying.

5.2 फसलों में शुरूआती खरपतवारों के कारण होने वाली उपज हानि का मॉडल के द्वारा आंकलन

5.2.1 फसलों में शुरूआती खरपतवारों के कारण होने वाली उपज हानि का मॉडल के द्वारा आंकलन

उपज हानि का अनुमान तथा उससे आर्थिक सीमा मूल्य का आंकलन, किसानों को शाकनाशी और अन्य नियंत्रण उपायों के उपयोग का सही समय निर्धारित करने में मदद करते हैं। यह आंकलन, खरपतवार प्रबंधन के माध्यम से खाद्य उत्पादन बढ़ने के लिए खर्च/लाभ के तर्क को और अधिक विकसित करने में सहायता करेगा। इसलिए, वर्तमान अध्ययन में प्रमुख क्षेत्र की फसलों में शुरुआती खरपतवार संख्या के डेटा का उपयोग करके उपज की हानि का पूर्वानुमान करने के लिए ईमपिरिकल मॉडल का उपयोग किया गया।

भा.कृ.परि.अनु.–खरपतवार अनुसन्धान निदेशालय, जबलपुर द्वारा प्रक्षेत्र अनुसन्धान परीक्षणों के रूप में किए गए प्रयोगों से फसल की उपज के साथ खरपतवार के घनत्व और शुष्क भार पर डेटा एकत्र किया गया। अध्ययन के लिए 2012–13 से 2018–19 तक गेंहू और धान पर किये गए परीक्षणों को सम्मिलित किया गया। मॉडल को फिट करने से पहले, किसी प्रकार के पक्षपात को दूर करने एवं डेटा की उपयुक्तता को देखने के लिए उसकी प्री–प्रोसेसिंग की गई तथा बाद में मॉडल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से मॉडल की उपयुक्तता भी जांची गई। उसी समय, मॉडल फिटिंग से पहले आउटलायर्स का भी पता लगाया गया और हटा दिया गया। अध्ययन से प्राप्त परिणाम इस प्रकार है:

सीधी बुवाई धान

गैर–रेखीय मॉडल जैसे इल्ड–डेन्सीटी, सिग्मोइडल, एक्सपोनेंशियल के साथ–साथ पोलीनोमियल को डेटा में फिट किया गया। खेत में शाकनाशी का उपयोग नहीं होने की स्थिति में खरपतवार संख्या 192/मी^{2} देखी गयी, इस स्थिति में उपज का नुकसान बहुत अधिक (86%) पाया गया। एक्सपोनेंशियल सिंगल (3 मापदंड) मॉडल सबसे उपयुक्त पाया गया जिसमे एक मापदंड 5% के महत्व के स्तर पर महत्वपूर्ण था। (**चित्र 5.4**)

5.2 Yield loss estimation through models using data on early weed infestation in crops

5.2.1 Yield loss estimation through models using data on early weed infestation in crops

Yield loss estimates and subsequently economic threshold value may help the farmers to decide the right time of application of herbicide and other control measures. This estimation would aid in developing a cost/benefit rationale for enhancing food production through weed management. Therefore, in the present study empirical models were used to predict the yield losses using data on early weed infestation in major field crops.

Data on weed density and dry weight along with yield of the crops were collected from experiments conducted by ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur as On-farm Research trials. Trials conducted on wheat and rice from 2012-13 to 2018-19 were considered for the study during the period. Before fitting the model, data pre-processing and model diagnostics were performed to avoid any bias or inappropriateness of data for the fitting. At the same time, outliers were also detected and removed before the model fitting. Results obtained from these study are as follows:

Direct-seeded rice

Non-linear models such as yield-density, sigmoidal, exponential along with polynomial were fitted to the data. It was found that yield loss was very high (86%) in case where no herbicide was applied in the field with weed count as 192/m^2. Exponential single (3 parameter) model was best fit to the data with one parameter significant at 5% level of significance. (**Figure 5.4**)

Parameter	Coefficient	Std. error	t	p-value	R Square	Adjusted R square
y0	-42.43	39.17	-1.08	0.28	0.817	0.81
a	42.67	36.28	1.18	0.25		
b	0.005	0.003	2.82	0.03		

इसी तरह, धान में खरपतवार शुष्क भार एवं उपज हानि के बीच सम्बन्ध के मामले में, एक्सपोनेंशियल सिंगल (3 मापदंड) मॉडल को 0.93 R^2 मान के साथ डेटा के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया (**चित्र 5.5**)।

Similarly, in case of relationship between weed dry weight and yield loss in rice, exponential single (3 parameter) model was found best fit to the data with R^2 value as 0.93 (**Figure 5.5**).

Parameter	Coefficient	Std. error	t	p-value	R Square	Adjusted R square
y0	-220.6	200.0	-0.766	0.45	0.93	0.93
a	221.5	205.5	0.776	0.44		
b	0.0017	0.0019	1.13	0.03		



चित्र 5.4. सीधी बुवाई धान में खरपतवार संख्या (सं./मी^{2}) के लिए उपयुक्त मॉडल

Figure 5.4. Fitted model for weed count (no./m^2) in direct-seeded rice



चित्र 5.5. सीधी बुवाई धान में खरपतवार शुष्क भार (ग्रा./मी^{2}) के लिए उपयुक्त मॉडल

Figure 5.5. Fitted model for weed dry weight (g/m^2) in direct-seeded rice

गेंहूँ

ऐसा पाया गया है कि खरपतवार की संख्या के आंकड़ों ने उपज हानि में परिवर्तनशीलता की व्याख्या नहीं की एवं R^2 मान सबसे उत्तम फिट मॉडल (वर्गसमीकरण) के साथ भी केवल 18% प्राप्त किया गया। इसलिए, उपज की हानि का आंकलन करने वाले मॉडल के निर्माण के लिए केवल खरपतवार शुष्क भार का उपयोग किया गया। ऐसा देखा गया कि 124 ग्रा/मी^{2} खरपतवार शुष्क भार के साथ अधिकतम 49% उपज हानि हुई (**चित्र 5.5**)। उपयुक्त मॉडल के मापदंड निम्नानुसार है:

Wheat

It was found that weed count data did not explain the variability in yield loss and R^2 value was obtained only as 18% with the best fit model (Quadratic). Hence, only weed dry weight was used to build the model estimating yield loss. It was noticed that maximum 49% yield loss was observed with 124 g/m^2 of weed dry weight (**Figure 5.5**). Parameters of the fitted model are given as:

Parameter	Coefficient	Std. error	t	p-value	R Square	Adjusted R square
a	-1.479	5.135	-0.288	0.775	0.759	0.742
b	0.593	0.193	3.075	0.0045		
c	0.0015	0.0016	0.889	0.381		



चित्र 5.5. गेंहू में खरपतवार शुष्क भार (ग्रा/मी^{2}) के लिए उपयुक्त मॉडल

Figure 5.5. Fitted model for weed dry weight (g/m^2) in wheat

6 बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें
EXTERNALLY FUNDED PROJECTS

बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें लक्ष्य उन्मुख होती है जिसमें एक निश्चित समय सीमा में केन्द्रित दिशा में शोध कार्य करना होता है। इस निदेशालय में इस प्रकार की आठ परियोजनायें चल रही हैं। इन परियोजनाओं का सारांश और वर्ष 2019 में किये गये अनुसंधान कार्यों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

Externally funded projects are target oriented projects to carry out research work on focus line in a given time frame. This Directorate is having eight such projects. The summary of the projects and the work carried out during 2018-19 under these projects are outlined below:

क्र Sl	परियोजना Project	मुख्य अनुसंधानकर्ता Principal Investigator	वित्त पोषण एजेंसी Funding Agency	सहभागी अनुसंधान संस्थान Collaborating Institution	अवधि Period	बजट Budget (Lakh)
1	मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बेहतर तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से फसल उत्पादकता और आजीविका सुरक्षा में वृद्धि Enhancing crop productivity and livelihood security through improved technological interventions in Jabalpur district of Madhya Pradesh	आर.पी. दुबे R.P. Dubey	फार्मर फर्स्ट प्रोग्राम, 2017–20 51–34 भा.कृ.अनु.प. Farmer First Programme, ICAR	कोई नहीं None	2017-20	51.34
2	संरक्षण कृषि प्रणालियों के लिए एकीकृत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास Development of integrated weed management techniques for conservation agriculture systems	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary	भा.कृ.अनु.प. ICAR	भा.कृ.अनु.प.– भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान ICAR-Indian Institute of Soil Science, Bhopal	2017-20	65.00
3	खरपतवार पहचान डेटाबेस की तैयारी के लिए धान, गेंहू, सोयाबीन और कपास में विभिन्न खरपतवार प्रजातियों की पहचान तथा तस्वीर कैप्चर करना Weed identification and image capturing of different weed species in rice, wheat, soybean and cotton for preparation ofweed identification database	सुभाष चन्दर Subhash Chander	एग्री नेट सोल्यूशन्स Agri Net Solutions	कोई नहीं None	2018-20	37.05

क्र Sl	परियोजना Project	मुख्य अनुसंधानकर्ता Principal Investigator	वित्त पोषण एजेंसी Funding Agency	सहभागी अनुसंधान संस्थान Collaborating Institution	अवधि Period	बजट Budget (Lakh)
4	*स्ट्राइगा* स्पीशीज की उपस्थिति के लिए धान उगाने वाले स्थानों जैसे महाराष्ट्र के गोदिंया और नागपुर क्षेत्र और गारियबंद जिले के राजिम क्षेत्र और छत्तीसगढ़ Intensive survey for presence of *Striga* spp. in rice growing belt of Gondia and Nagpur (Maharashtra) and Rajim area of district Gariyband and Nayapara, district Raipur (Chhattisgarh)	सुभाष चन्दर Subhash Chander	शाह नानाजी नग्सी निर्यात प्रा. लिमिटेड Nanaji Nagsi Exports Pvt. Ltd.	कोई नहीं None	2019-20	2.95
5	ग्रामीण विकास के लिये गाजरघास के जैविक नियंत्रण में प्रक्षेत्र प्रदर्शन, विस्तार उन्मुख गतिविधियां एवं अनुसंधान Field demonstration Extension oriented activities and research in biological control of Parthenium for the Rural Development	जया सिंह सलाहकारः सुशील कुमार Jaya Singh Mentor: Sushil Kumar	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग Department of Science & Technology	कोई नहीं None	2018-21	28.88
6	धान की लेही विधी में सवाना बीज के फुलपेज™ तकनीक का इमाजेथापायर एवं इमाजेथापायर + इमाजमोक्स के साथ जैव प्रभाविकता एवं पादप विषाक्ता का मूल्यान्कन Bio-efficacy and phytotoxicity evaluation of FullPage™ technology of Savannah Seeds against imazethapyr 10 SL and imazethapyr + imazamox in wet seeded rice	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary	एडामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड Agri Net Solutions	कोई नहीं None	2019-21	10.54

क्र Sl	परियोजना Project	मुख्य अनुसंधानकर्ता Principal Investigator	वित्त पोषण एजेंसी Funding Agency	सहभागी अनुसंधान संस्थान Collaborating Institution	अवधि Period	बजट Budget (Lakh)
7	GPH 0319 खरपतवारनाशी का गैर–फसलीय क्षेत्रों में जैव प्रभावकारिता और पादप विषाक्ता का मूल्यांकन Bio-efficacy and phyto-toxicity evaluation of "GPH 0319 against complex weed flora on non-crop area"	वी.के. चौधरी V.K. Choudhary	यू.पी.एल. इंडिया लिमिटेड UPL Inida Ltd.	कोई नहीं None	2019-20	8.47
8	एसटीपीएस, एमपीपीजीसीएल, सारनी (एमपी), से जलीय खरपतवारों का उन्मूलन Elimination of aquatic weed from STPPS,MPPGCL, Sarni (MP)	सुशील कुमार Sushil Kumar	एसटीपीएस, एमपीपीजीसीएल, सारनी, एमपी STPPS, MPPGCL, Sarni (MP)	कोई नहीं None	2018-20	10.84

6.1 मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बेहतर तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से फसल उत्पादकता और आजीविका सुरक्षा में वृद्धि

यह परियोजना 01 फरवरी, 2017 से जबलपुर जिले के पनागर क्षेत्र के दो गावों उमरिया चौबे और बरौदा में चलाई जा रही है। विभिन्न मॉड्यूल में किसानों की गतिविधियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति के आधार पर यानी फसल आधारित, एनआरएम आधारित, बागवानी आधारित, पशुधन आधारित और उद्यम आधारित शुरू किए गए थे। 2019–20 के दौरान, किसानों को ग्रीष्म में कम अवधि के मूंग की बेहतर खेती की तकनीकें बताई गईं, खरीफ धान में उन्नत खरपतवार प्रबंधन, स्वीट कॉर्न और रसभरी (*फाजिलिस*) की खेती पर प्रदर्शन, बिना अवशेष जलाये गेहूं की शून्य जुताई बुवाई, बीज प्रतिस्थापन और गेहूं में उन्नत खरपतवार प्रबंधन, बैकयार्ड की खेती के लिए सब्जी की उन्नत किस्में बताई गईं। वर्मीकम्पोस्ट तैयार करना, मशरूम की खेती, मुर्गी पालन, खनिज मिश्रण प्रदान करके मवेशियों की कमी को ठीक करना आदि की शुरुआत की गई एवं इसका प्रदर्शन किया गया है। *पार्थेनियम* का प्रबंधन, खरपतवार और फसल अवशेषों से खाद तैयार करना, मशरूम उत्पादों की तैयारी, शाकनाशियों के छिड़काव की सही प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए।

6.1 Enhancing crop productivity and livelihood security through improved technological interventions in Jabalpur district of Madhya Pradesh

6	तरूण सूर्यवंशी Tarun Suryavanshi	पीएच.डी. (सस्य विज्ञान) Ph.D (Agronomy)	संरक्षित कृषि प्रणाली के अंतर्गत मक्का–सरसों–मूंग फसल पद्यति में समन्वित खरपतवार प्रबंधन Integrated weed management in maize-mustard-greengram cropping system under conservation agriculture	कृषि महाविद्यालय, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ) College of Agriculture, I.G.K.V., Raipur (Chhatisgarh)	डॉ. के.एल. नन्देहा / डॉ. ए.आर. शर्मा Dr. K.L. Nandeha/ Dr. A.R. Sharma
7	पारूल के तिवारी Parul K Tiwari	पीएच.डी. (सस्यविज्ञान) Ph.D (Agronomy)	मक्का–गेहूं–मूंग फसल प्रणाली में उत्पादकता और संसाधन उपयोग दक्षता में सुधार के लिए संरक्षण जुताई और खरपतवार प्रबंधन Conservation tillage and weed management for improving productivity and resource use efficiency in maize-wheat-greengram cropping system	कृषि महाविद्यालय, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ) College of Agriculture, I.G.K.V., Raipur (Chhatisgarh)	डॉ. एम.सी. भामरी / डॉ. ए.आर. शर्मा Dr. M.C. Bhamri/ Dr. A.R. Sharma
8	पुजा सिंह ठाकुर Puja Singh Thakur	एम.एससी. (सूक्ष्मजीव–विज्ञान) M.Sc. (Microbiology)	*फलुमीओक्सेजीन* का *राइजोबियम* स्पीसीज के द्वारा निम्नीकरण Degradation of *flumioxazine* by *Rhizobium* sp.	सरकारी एम.एच. गृह विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश) Government M.H. College of Home Science, Jabalpur (MP)	डॉ. पी.पी. चौधरी Dr. P.P. Choudhury

8 तकनीकी हस्तांतरण
TRANSFER OF TECHNOLOGY

8.1 ज्ञान प्रबंधन सेवा

वर्तमान युग में, सूचना और संचार तकनीकियों को कृषि की नई चुनौतियों से निपटने में एक परिवर्तक के रूप में देखा जा रहा है। इनपुट सामग्री एवं जनशक्ति के उपयोग को कम करने में मदद करने हेतु यह किसानों में सूचना का प्रसार और संचार, तकनीकी हस्तांतरण आदि में मदद करता है। किसान मोबाइल सलाहकारी सेवाएं एक प्रभावी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विधि है जो विभिन्न संस्थानों द्वारा कृषि से सम्बंधित नवीनतम जानकारी को प्रसारित करने में उपयोग किए जाते हैं। निदेशालय द्वारा भी पंजीकृत किसानों को खरपतवार प्रबंधन तकनीक भेजने के लिए इस सुविधा का उपयोग किया जा रहा है। इस *'किसान मोबाइल सन्देश'* में वास्तविक समय कृषि सम्बंधित सूचना और खरपतवार तकनीकों पर अनुकूलित ज्ञान शामिल है, जो फसल मौसम के शुरुआती दिनों में भेजे जाते है, जिससे किसान खरपतवार प्रबंधन समय पर कर सकें। वर्ष 2019 के दौरान भी *खरीफ, रबी* और ग्रीष्म ऋतु में पंजीकृत किसानों और अन्य हितधारकों को *'किसान मोबाइल सन्देश'* भेजे गये **(तालिका 8.1)**।

इसमें पंजीकरण करने के लिए *dirdwsr@icar.org.in* पर मेल भेजा जा सकता है। देश के सभी इच्छुक हितधारकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है।

8.1 Knowledge management service

In the present era, Information and Communication Technology (ICT) is viewed as a game changer in dealing with new challenges of agriculture. It helps in propagation or communication of information, transfer of technology *etc.* in a way to help farmers by reducing their usage of input material and manpower. Kisan Mobile Advisory Services (KMAS) is an effective ICT tools for diffusing the latest information related to agriculture used by various institutions. This facility is also being utilized by Directorate for sending weed management technologies to the registered farmers. This '*Kisan mobile sandesh*' contains real time agricultural information and customized knowledge on weed management technologies which were delivered during the early days of cropping seasons and thereby enabling the farmers to take timely action to manage weeds. During the year 2019, message were delivered during *Kharif, Rabi* and summer season to the registered farmers and other stake holders **(Table 8.1)**.

Registration may be done by sending an e-mail to *dirdwsr@icar.org.in* which is free for all interested stakeholders of the country.

तालिका 8.1: वर्ष 2019 के दौरान भेजे गए किसान मोबाइल संदेशों का विवरण
Table 8.1: Details of the *Kisan Mobile Sandesh* delivered during 2019

क्र.	संदेश / Message	दिनांक / Date
1.	किसान भाइयों, गेहूं की नरवाई / डंठल को कटाई उपरांत न जलायें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	04/04/2019
2.	गेहूं की कटाई के तुरंत बाद अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक संरक्षित कृषि के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग (60 दिन वाली), एवं उड़द (70 दिन वाली) की बुवाई कर अतिरिक्त लाभ उठायें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	04/04/2019
3.	मूंग एवं उड़द बोने से पहले यदि खेत में खरपतवार ज्यादा उगे हो तो ग्लाइफोसेट का छिड़काव करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	06/04/2019
4.	संरक्षित कृषि पद्धति के अंतर्गत बिना जुताई एवं पूर्व फसल के अवशेषों को बिना हटायें / जलायें हैप्पी सीडर मशीन की सहायता से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की बुवाई करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	06/04/2019
5.	मूंग एवं उड़द में खरपतवार नियंत्रण हेतु इमेजाथापायर (परस्युट) 400 मिली / एकड़ का प्रयोग 150 ली. पानी में घोल कर 20 दिन पर फ्लेटफैन नोजल की सहायता से करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	11/07/2019
6.	रोपाई वाले धान में खरपतवार प्रबंधन के लिए बेनसल्फ्यूरॉन + प्रेटिलाक्लोर या पाइराजोसल्फ्यूरॉन + प्रेटिलाक्लोर 4 किग्रा / एकड़ रोपाई के 5 से 7 दिन के भीतर प्रयोग करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	11/07/2019
7.	सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण हेतु इमेजेथापायर + इमेजामोक्स (ओडिसी) 40 ग्राम / एकड़ का प्रयोग 20 दिन पर करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	11/07/2019
8.	मक्का में प्रभावी खरपतवार प्रबंधन हेतु एट्राजिन 600 ग्राम / एकड़ बुवाई के 3 दिन पश्चात् 150 ली. पानी में घोल कर प्रयोग करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	11/07/2019
9.	मूंग एवं उड़द में घास कुल के खरपतवारों के नियंत्रण हेतु क्यूजालोफाप ईथाइल (टरगासुपर) 400 मिली / एकड़ की दर से करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	12/07/2019
10.	सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण हेतु सोडियम एसिफ्लोरफेन + क्लोडिनाफाप प्रोपारजील (आयरिश) 400 मिली / एकड़ का प्रयोग 20 दिन पर करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	12/07/2019
11.	मूंगफली एवं अरहर में खरतपवार नियंत्रण हेतु इमेजेथापायर (परस्युट) 400 मिली / एकड़ का प्रयोग 18 से 20 दिन पर करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	12/07/2019

12	धान की फसल में खरपतवार प्रबंधन के लिए बिसपायरीबेक–सोडियम 100 मिली / एकड़ की दर से 25 दिन पर प्रयोग करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	30/07/2019
13	मक्का में प्रभावी खरपतवार प्रबंधन हेतु टेम्बोट्रियोन (लाडिस) 115 मिली + एट्राजिन 400 ग्राम / एकड़ बुवाई के 15 से 20 दिन में 150 ली. पानी में घोल कर प्रयोग करें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	30/07/2019
14	आप से अपील है कि भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहते हुए सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के प्रति वचनबद्ध हों एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ दें। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर	30/10/2019

8.2 कृषक भ्रमण

मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से राज्य कृषि विभाग की कृषि महिलाओं और अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसानों ने निदेशालय द्वारा उपयोग की जाने वाली नवीनतम खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को जानने हेतु वर्ष 2019 के दौरान निदेशालय का भ्रमण किया (**तालिका 8.2**)। निदेशालय के प्रायोगिक और प्रदर्शन क्षेत्रों में अपने भ्रमण के दौरान किसानों और कृषि अधिकारियों ने वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की एवं अपने क्षेत्रों में विभिन्न खरपतवार समस्याओं और प्रबंधन विकल्पों पर अपने संशय को दूर कर समाधान प्राप्त किया। भ्रमण के अंत में, निदेशालय के सम्मलेन कक्ष में वैज्ञानिकों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किये गये और खरपतवार प्रबंधन से सम्बंधित उचित विषय पर व्याख्यान दिए गए। उन्हें किसानों के स्थान–विशेष खरपतवार समस्याओं पर उचित समाधान भी प्रदान किये गए।

इसी तरह, माता गुजरी महिला महाविद्यालय (55 विद्यार्थी) और शासकीय गृह विज्ञान और विज्ञान महाविद्यालय (50 विद्यार्थी) के कुल 105 स्नातकोत्तर और स्नातक विद्यार्थियों ने भी निदेशालय का भ्रमण किया। उन्हें निदेशालय में विभिन्न फसलों में खरपतवार प्रबंधन तकनीकों और अनुसन्धान गतिविधियों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने निदेशालय के केंद्रीय प्रयोगशाला और सूचना केंद्र का भी भ्रमण किया और निदेशालय में अनुसन्धान कार्यक्रम के लिए उपयोग किये जाने वाले विभिन्न उपकरणों एवं साथ ही सूचना केंद्र में प्रदर्शन के माध्यम से खरपतवार अनुसन्धान की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

8.2 Farmers' visit

Large number of farmers including farm women and agricultural officers of State Department of Agriculture from different districts of Madhya Pradesh visited the Directorate during the year to know the latest weed management technologies used by the Directorate **(Table 8.2)**. Farmers and agricultural officers also interacted with the scientists during their visit to experimental and demonstration fields of the Directorate and clear their doubts on different weed problems and management options in their regions. At the end of the visits, interactive sessions with the scientific staff were organized and lectures on suitable topic related to weed management were delivered at the conference hall of the Directorate. They were also provided with the suitable recommendations on location-specific weed problems of farmers.

Similarly, 105 UG and PG students from Mata Gujri Mahila Mahavidyalaya (55 students) and Government Home Science and Science College, Jabalpur (50 students) also visited the Directorate. They were made aware about the weed management technologies in different crops and research activities at Directorate. They also visited central lab and Information Centre of the Directorate and got the information about different equipment used for the research programme at Directorate and also the current status of weed research through display at Information Centre.

तालिका 8.2: वर्ष 2019 के दौरान निदेशालय में भ्रमण करने वाले कृषि अधिकारियों/कृषकों का विवरण

Table 8.2 : Details of agricultural officials/farmers visited the Directorate during 2019

जिला District		कृषकों / विस्तार अधिकारियों की संख्या Number of farmers/ Extension Officers
बड़वारा	Badwara	25
बालाघाट	Balaghat	09
बहोरीबंद	Bahoriband	26
बैतूल	Betul	550
दमोह	Damoh	22
डिण्डोरी	Dindori	29
करेली	Kareli	64
कटनी	Katni	50
मुरैना	Morena	30
नरसिंहपुर	Narsinghpur	159
पन्ना	Panna	250
सागर	Sagar	679
सतना	Satna	414
सीधी	Sidhi	32
टीकमगढ़	Tikamgarh	26
उमरिया	Umariya	1020

8.3 *मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम*

मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से निदेशालय सफलतापूर्वक इस कार्यक्रम को निदेशालय के कर्मचारियों की मदद से कृषक प्रक्षेत्रों में चला रहा है। इस कर्यक्रम के तहत रबी 2018–19, ग्रीष्मकालीन 2019 एवं खरीफ 2019 के दौरान पाटन और बरगी क्षेत्रों के 5–5 चयनित गावों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। तकनीकी एवं अन्य संबद्ध अधिकारियों के साथ वैज्ञानिकों का समूह सप्ताह के एक निश्चित दिन अपने चयनित गांवों का भ्रमण करते हैं। इन भ्रमण का मुख्य उद्देश्य समय–समय पर किसानों को खरपतवार प्रबंधन संबंधी तकनीकी ज्ञान एवं सलाह उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वैज्ञानिक हमेशा किसानों के संपर्क में बने रहते हैं एवं उन्हें कृषि तकनीकी पर जानकारी देते रहते हैं। इस कार्यक्रम के तहत् वर्ष के दौरान कई गतिविधियां जैसे विभिन्न फसलों एवं फसल प्रणालियों में प्रक्षेत्र अनुसंधान एवं प्रदर्शन, किसान संगोष्ठियों का आयोजन, प्रक्षेत्र दिवस, गाजरघास जागरूकता सप्ताह और स्वच्छ भारत अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में किसानों के अलावा कई जनप्रतिनिधि एवं राज्य कृषि विभाग अधिकारी भी शामिल हुए। इसके साथ ही निदेशालय में आयोजित कई कार्यक्रमों जैसे किसान दिवस, गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम आदि में भी इन गांवों के किसानों को भी आमंत्रित किया गया।

8.4 एस.सी.एस.पी. योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम

भारत सरकार के निर्देशानुसार, अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए मार्च, 2018–19 में निदेशालय द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना (एस.सी.एस.पी.) आरम्भ की गई। शुरुआत के बाद से, योजना के तहत पनागर, मझौली और कटंगी क्षेत्रों के अंतर्गत चयनित गावों में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। खरीफ 2019 के दौरान इन तीनों क्षेत्रों में जून, जुलाई और अगस्त के महीने में पाँच कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि इनपुट जैसे धान, मक्का, मूंग और उड़द के बीज, उर्वरक, शाकनाशी, कीटनाशी आदि का वितरण किया गया। अन्य इनपुट जैसे स्प्रेयर, शाकनाशी सुरक्षा किट, अनाज की थैली, भण्डारण टंकी एवं डस्टबिन भी चयनित गावों में अनसूचित जाति के किसानों को प्रदान किये गए। *रबी* 2019–20 के दौरान, अनुसूचित जाति के किसानों को अपने कृषि इनपुट के बोझ को कम करने के लिए गेंहूं और चना के बीज, उर्वरक एवं शाकनाशी प्रदान किये गए। इनपुट वितरण के अलावा, फसल उत्पादन और खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी ज्ञान भी किसान संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को प्रदान किया गया। नवम्बर माह में, मझौली क्षेत्र के सुहजनी में 'संविधान दिवस' पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति के

8.3 *Mera Gaon Mera Gaurav* Programme

Since the inception of *Mera Gaon Mera Gaurav* Programme, Directorate is successfully running this programme at farmers fields with the help of the staff of the Directorate. Under this programme, different activities were organized in 5 selected villages of Patan and Bargi localities each during *Rabi,* 2018-19, summer, 2019 and *Kharif*, 2019. A multi-disciplinary team of scientists along with the technical officers and other associated staff of the Directorate with them are visiting the selected localities on a fixed day of week with the purpose to publicize the weed management technologies, know-how and advisories to the farmers on regular basis. Under this programme, scientists remain in touch with the farmers of the selected villages and provide information to them on technical and other related aspects. Under this programme, many activities have been carried out during the year viz. On-farm research cum demonstration trials in different crops, organization of *Kisan Sangoshthis*, Field day, *Parthenium* Awareness Week and different activities under *Swatchh Bharat Abhiyan*. Programmes have been attended by number of farmers, public representatives and officials from State Department of Agriculture. Farmers from these localities were also invited in many programmes conducted at Directorate viz. Kisan Diwas, *Parthenium* awareness programme etc.

8.4 Programmes organized under SCSP scheme

As per the directives of Government of India, Scheduled Caste Sub-Plan (SCSP) was initiated by the Directorate in March, 2018-19 for the upliftment of Schedule Caste population. Since the inception, many activities have been organized in the adopted villages of three localities viz. Panagar, Majhouli and Katangi under the scheme. During the *Kharif* 2019, five programmes were organized in these three localities where agricultural inputs such as seeds of rice, maize, greengram and blackgram; fertilizers; herbicides; insecticides *etc.* were distributed to the SC farmers in the month of June, July and August, 2019. Other inputs such as sprayer, herbicide safety kit, grain bag, storage bin and dustbin were also provided to the SC farmers of selected villages. During the *Rabi*, 2019-20, seeds of wheat and chickpea, fertilizers, herbicides were provided to the SC farmers in order to reduce their burden on purchasing agricultural inputs. Other than input distribution, technical knowledge on different aspect of crop production and weed management were also provided to the farmers through *Kisan Sangoshthis*. During the month of November, a programme on Constitution Day was organized for the farmers of Suhajani of Majhouli locality,

किसानों के बीच स्प्रेयर, शाकनाशी सुरक्षा किट, अनाज की थैली, भण्डारण टंकी एवं डस्टबिन वितरित किये गए। दिसंबर माह में, निदेशालय में *किसान दिवस* भी मनाया गया, जिसमे इन चयनित गावों के अनुसूचित जाति के किसानों को आमंत्रित किया गया और उन्हें निदेशालय में विकसित विभिन्न फसलों में नई उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया।

wherein, storage bin, dustbin, grain bag, sprayer, herbicide safety kit were distributed among the SC farmers of village. In the month of December, *Kisan Diwas* was also celebrated at Directorate wherein, SC farmers of these selected villages were invited to make them aware about new advanced weed management technologies in different crops grown at Directorate.





8.5 *किसान संगोष्ठी* का आयोजन (21 मई, 2019)

निदेशालय द्वारा 21 मई, 2019 को बरगी क्षेत्र के सालीबाडा गांव (*मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम* के अंतर्गत अपनाया गया) में *किसान संगोष्ठी* का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को कम खर्च के साथ कृषि उत्पादन की नई तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया एवं वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों से कृषि के नए विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की।

संगोष्ठी में मृदा स्वास्थ्य हेतु संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही खाद्यान्न उत्पादन बढाने हेतु कृषकों को तकनीकी जानकारी के साथ संरक्षित खेती अपनाने व खेतों में होने वाले खरपतवारों तथा फसल अवशेषों से खाद बनाने की विधि के बारे में बताया गया। इनके उपयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये कृषकों से अपील भी की गयी तथा वेस्ट एवं अवशेष प्रबंधन के साथ साथ जलाशयों को स्वच्छ रखने की तकनीकियों पर भी चर्चा की गयी । निदेशालय द्वारा विगत 8 वर्षों से विभिन्न गांवों में संरक्षित कृषि को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन पर इसके प्रभाव के लिए किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। प्राथमिकता के तौर पर खेती में इनपुट लागत कम करने और इस तरह फसल उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। फसलों पर रसायनों के छिड़काव के तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया गया और रसायनों के उपयोग के कारण होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।

8.5 Organization of *Kisan Sangosthi* (21 May, 2019)

Directorate organized *Kisan Sanghoshti* at Saliwada, Bargi (locality adopted under *Mera Gaon Mera Gaurav* programme) on 21 May, 2019. On the occasion, farmers were made aware about the new techniques for increasing agricultural production with less expense. In this programme more than 100 farmers participated and learned about new development in agriculture from Scientists and Technical Officers.

Importance of balanced nutrients in soil was highlighted for its good health in the *Sangoshthi*. They were suggested to use various methods to improve farm production and were described about conservation agriculture. They were told about use of crop residue, weed plants and other waste material of the farm in to manures and were urged to use methods for enhancing the soil fertility and productivity and methods to keep water resources clean. They were briefed about the work carried out by the Directorate in last 8 years in different villages for promoting conservation agriculture and its impact on farm production. It was emphasized to reduce input cost in farming as first priority and thus enhancing crop production. They were elaborated about the methods of spraying chemicals on crops and also apprised about methods to control pollution caused due to use of chemicals.





8.6 गाजरघास जागरूकता सप्ताह (16–22 अगस्त, 2019)

पार्थेनियम एक वैश्विक खरपतवार है, जिसने भारत सहित कई उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय देशों में गैर–फसलीय के साथ ही साथ फसली भूमि पर आक्रमण किया है। *पार्थेनियम* के कारण होने वाले खतरे को देखते हुए, निदेशालय वर्ष 2004 से इसके दुष्प्रभाव एवं इसे नियंत्रित करने के विभिन्न तरीकों के बारे में किसानों एवं आम जनता को जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। वर्ष 2019 में भी, निदेशालय द्वारा 16–22 अगस्त, 2019 के दौरान राष्ट्रव्यापी 'गाजरघास जागरूकता सप्ताह' का आयोजन कई भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों (के.वी.के.), राज्य कृषि विभागों, अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना–खरपतवार प्रबन्धन के केंद्रों, गैर सरकारी संगठनों, नगरपालिका, स्कूलों और कॉलेजों/महाविद्यालयों में किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 हितधारकों को पोस्टर और विस्तार सामग्री वितरित की गई। लोगों को व्याख्यान, किसानों के साथ बैठक, विद्यार्थियों की रैलियों के माध्यम से शिक्षित किया गया। *पार्थेनियम* को उखाड फेंकने, *पार्थेनियम* भक्षी कीट के वितरण, प्रबंधन पर प्रदर्शन, आदि भारत के लगभग सभी राज्यों के विभिन्न जिलों और गांवों में विभिन्न संस्थानों द्वारा किया गया। इस तरह जागरुकता गतिविधियों ने विभिन्न समाचार चैनलों और सोशल मीडिया जैसे कि यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सप्प आदि पर समाचार प्रकाशित करने और टेलीकास्ट करने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को आकर्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों में इस खतरनाक खरपतवार के बारे में जागरूकता पैदा हुई। रिलायंस फाउंडेशन ने तेलंगाना सहित सभी उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में 21 अगस्त, 2019 को यूट्यूब पर *पार्थेनियम* पर लाइव कार्यक्रम का प्रसारण किया। निदेशालय ने परिसर और विभिन्न स्कूलों में गाजरघास उखाड़ने के कार्यक्रम के अलावा गुलेदा, भिदारी कलां और बरगी

8.6 *Parthenium* Awareness Week (16-22 August, 2019)

Parthenium is a troublesome weed which has invaded non-cropped as well as cropped lands in many tropical and sub-tropical countries including India. In view of the menace caused by *Parthenium*, Directorate has been organizing mass awareness programme since 2004 to educate the farmers and general public about the ill effects of *Parthenium* and different ways to manage it. In 2019 also, Directorate organized a nation-wide programme "Parthenium Awareness Week" from 16-22 August, 2019 by involving many ICAR Institutes, State Agricultural Universities (SAUs), Krishi Vigyan Kendras (KVKs), State Agricultural Departments, AICRP-Weed Management centres, NGOs, municipalities, schools and colleges. On this occasion, posters and extension materials were distributed to about 1000 stakeholders. People were made educated through lectures, meeting with farmers and students' rallies. Uprooting of *Parthenium*, releasing and distribution of *Parthenium* eating beetle, demonstrations on management *etc.* were done by different institutions in different districts and villages covering almost all the states of India. Such awareness activities attracted print and electronic media to publish news and telecast on different news channels and social media like You tube, Facebook, Whatsapp *etc*, which resulted in creating awareness among people about this dreaded weed. Reliance Foundation telecasted live programme on Parthenium on YouTube on 21st August 2019 in all north and central states of India including Telangana. Directorate organized *Parthenium* Awareness programmes in different villages like Guleda,

जैसे विभिन्न गांवों में गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये। 20 अगस्त, 2019 को निदेशालय में एक प्रशिक्षण–सह–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 100 किसानों, शहर वासियों, बालाघाट, नागपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला और जबलपुर जैसे आसपास के जिलों के गैर सरकारी संगठनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग एक लाख *पार्थेनियम* भक्षी कीट *जायगोग्रामा बायकोलोराटा* को अपने इलाके में छोड़ने की अपील के साथ हितधारकों को वितरित किये गए।

देश के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में, ए.ए.यु, जोरहट; सी.ए.यु पासीघाट; बी.सी.के.वी., मोहनपुर; ओ.यू.ए.टी., भुवनेश्वर; आर.ए.यु., पूसा; और बी.ए.यु., रांची ने कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.), स्कूलों और महाविद्यालयों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किये। देश के उत्तरी क्षेत्र में, एस.के.यु.ए.एस.टी., जम्मू; जी.बी.पी.यु.ए.टी., पन्तनगर; सी.एस.के.एच.पी.के.वी., पालमपुर; एन.डी.यु.ए.टी., कानपुर; सी.सी.एस.एच.ए.यु., हिसार; और पी.ए.यु., लुधियाना जैसे विश्वविद्यालयों ने क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.), स्कूलों और महाविद्यालयों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किये। मध्य भारत में, आई.जी.के.वी., रायपुर; आर.वी.एस.के.वी.वी., ग्वालियर जैसे विश्वविद्यालयों ने क्षेत्र में स्कूलों, महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों (के.वी.के.) के सहयोग से सप्ताह मनाया। दक्षिणी भारत में सभी कृषि विश्वविद्यालयों और कई कृषि विज्ञान केंद्रों ने लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए। ए.एन.जी.आर.ए.यु., हैदराबाद; टी.एन.ए.यु., कोयम्बटूर; के.ए.यु., केरल और कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु, धारवाड़ और रायचूर जैसे विश्वविद्यालय शामिल हुए। भारत में पश्चिमी भाग से ए.ए.यु., आनंद; एम.पी.यु.ए.टी., उदयपुर; एस.के.आर.ए.यु., बीकानेर; डॉ.बी.एस.के.के.वी., दापोली; डॉ. पी.डी.के.वी., अकोला जैसे कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

Bhidari Kalan and Bargi besides uprooting programme at campus and in different schools. A training-cum-awareness programme was conducted at the Directorate on 20 August, 2019. About 100 farmers, city people, NGOs from adjoining districts like Balaghat, Nagpur, Narshingpur, Chhindwara, Mandla and Jabalpur participated in the programme. During PAW-2019, about one lakh *Parthenium* eating bioagent *Zygogramma bicolorata* were distributed to stakeholders with the appeal to release in their localities.

At country level, in north-eastern region of the country, programmes were organized by AAU, Jorhat; CAU, Pasighat; BCKV, Mohanpur; OUAT, Bhubaneswar; RAU, Pusa; and BAU, Ranchi in collaboration with KVKs, schools and colleges in the region. In Northern region of the country, universities like SKUAST, Jammu; GBPUAT, Pantnagar; CSKHPKV, Palampur; NDUAT, Kanpur; CCSHAU, Hisar; and PAU, Ludhiana organized various awareness programmes in collaboration with Krishi Vigyan Kendras, colleges and schools. In central India, agricultural universities like IGKV, Raipur; RVSKVV, Gwalior observed the week in collaboration with schools, colleges and KVKs. In southern India, all the agricultural universities and many KVKs organized different events in urban and rural areas to create awareness among people. The prominent universities were: ANGRAU, Hyderabad; TNAU, Coimbatore; KAU, Kerala; and University of Agricultural Sciences, Bengaluru, Dharwad and Raichur. From the western part of India, awareness programmes were organized by Agricultural universities like AAU, Anand; MPUAT, Udaipur; SKRAU, Bikaner; Dr. BSKKV, Dapoli; Dr. PDKV, Akola.





8.7 एफएफपी के अंतर्गत ग्राम बरौदा, पनागर में शाकनाशी छिड़काव तकनीक पर प्रशिक्षण (04 सितम्बर, 2019)

फॉर्मर्स फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत 04 सितम्बर, 2019 को गांव बरौदा, पनागर में शाकनाशी छिड़काव तकनीक पर किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। मौजूदा छिड़काव तकनीकों के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए, छिड़काव के दौरान अपनाई जाने वाली विधि, खेत में ही छिड़काव तकनीक में सुधार की संभावनाएं, छिड़काव के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियाँ, बफर घोल की तैयारी, छिड़काव का कार्य पूर्ण करने के पश्चात सावधानियाँ आदि प्रशिक्षण का उद्देश्य था। उन्हें इसके कारण होने वाले बुरे प्रभावों जैसे अगर संचालक ने उचित सुरक्षा सावधानियों का पालन नहीं किया, दोषपूर्ण तकनीकों के कारण खरपतवार प्रबंधन समस्याऐं, अनुचित छिड़काव तकनीकों के कारण शाकनाशी का नुकसान, फसल में गलत शाकनाशी का उपयोग करने के कारण फाइटोटॉक्सिसिटी आदि के बारे में भी बताया गया। किसानों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ एवं प्रभावी सुरक्षा शाकनाशी छिड़काव प्रणाली को उन्होने अपनाया।

8.7 Training on herbicide spraying techniques under FFP at village Barouda of Panagar locality (04 September, 2019)

Training on herbicide spraying techniques was given to the farmers of Barouda village of Panagar locality under Farmers' FIRST Programme on 04 September, 2019. Around 50 farmers participated in the training. The purpose of the training was to educate the farmers' about existing spraying techniques, the method and application procedure to be followed during spraying, possibilities of improving the spraying techniques at farm itself, safety precautions to be taken during spraying, buffer solution preparation, operations to be followed after completing the spraying operation etc. They were also briefed about the ill effects caused, if operator not practiced proper safety precautions, weed management problems arised due to faulty techniques, loss of herbicides due to improper spraying techniques, phytotoxicity in the crop because of using wrong herbicides etc. Farmers' well received the training and adopted to achieve effective safety herbicide application system.





8.8 *स्वच्छता पखवाड़ा* (16–31 दिसंबर, 2019)

निदेशालय में *स्वच्छता पखवाड़ा* 16–31 दिसंबर, 2019 के दौरान परिसर में एवं उसके बाहर विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया। पखवाड़ा का शुभारम्भ निदेशालय के सभी सदस्यों द्वारा शपथ लेकर किया गया। इस अवसर पर, निदेशालय के सफाई–कर्मचारी और बागवानी–कर्मचारियों को मास्क और हेज कटर के साथ एप्रोन भी प्रदान किये गए। भौतिक स्टॉक के स्थान पर कार्यालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण/ई–ऑफिस सहित कार्यालयों, गलियारों और परिसर की सफाई की गई। निदेशालय के आस पास के जिलों (मंडला, सिवनी) से किसानों और ग्रामीणों को आमंत्रित करके स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रक्षेत्र भ्रमण/परीक्षणों और प्रदर्शन के अलावा *स्वच्छता पखवाड़ा* पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने के लिए *मेरा गांव मेरा गौरव* के तहत चयनित गाँवों के किसानों को आमंत्रित किया गया। *स्वच्छता पखवाड़ा* के तहत, अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छता अभियान

8.8 *Swachhta Pakhwada* (16-31 December, 2019)

Directorate celebrated '*Swachhta Pakhwada*' from 16-31 December, 2019 with different activities on and off campus. *Pakhwada* inaugurated with the *Swachhta Shapath* (Oath) by all staff members. On this occasion, apron with mask and hedge cutter were also distributed to sanitation workers and gardeners of the Directorate. Cleanliness drive including cleaning of offices, corridors and premises along with digitization of office records/e-office implementation in place of physical stock were done under this programme. Cleanliness and sanitation drive was also organized at the Directorate by inviting farmers and villagers of locality & from nearby districts viz. Mandla, Seoni etc. Farmers of villages adopted under *Mera Gaon Mera Gaurav* were invited to participate in the awareness programme on *Swachhata Pakhwada* in addition to field visits/trials and demonstrations. Under '*Swachhta Pakhwada*', cleanliness

और जैविक कचरे का उपयोग, कचरे से धन का उपार्जन, पॉलिथीन मुक्त स्थिति, रसोई और घर के अपशिष्ट पदार्थों की खाद बनाना, स्वच्छ और हरित तकनीकियों को बढ़ावा देना, आवासीय कॉलोनियों के रसोई बागवान में जैविक कृषि तकनीकियों को बढ़ावा देना सहित अन्य गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। निदेशालय के अधिकारियों द्वारा निदेशालय के परिसर के जैविक अपशिष्ट (कूड़े, विभिन्न पौधों एवं खरपतवारों की पत्तियां आदि) का संग्रहण किया गया। निदेशालय के लगभग 65 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें नियमित एवं ठेका कर्मचारी भी शामिल थे। पखवाड़ा के दौरान निदेशालय द्वारा सीवरेज और पानी की लाइनों की सफाई पर अभियान, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण पर जागरूकता, कृषि/रसोई बागवान के लिए जल संचयन पद प्रदर्शन किए गए।

8.9 किसान दिवस

23 दिसंबर, 2019 को निदेशालय में *किसान दिवस* भी मनाया गया, जिसमें जबलपुर के आस पास के 50 किसानों को विभिन्न गावों से आमंत्रित किया गया, जिन्हें विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एफएफपी, एससीएसपी, *मेरा गांव मेरा गौरव* के तहत चयनित किया गया है। किसानों को *किसान दिवस* के आयोजन और इसके महत्व के बारे में बताया गया। कृषि अपशिष्ट से खाद बनाने और स्वच्छता पहल के साथ कई उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को किसानों के साथ साझा किया गया। विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए विंग्स कान्वेंट स्कूल, महाराजपुर के परिसर में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। आसपास के गाँवों के किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पर प्रदर्शन भी किया गया।

drive for stock taking of waste management and other activities including utilization of organic wastes/ generation of wealth from waste, polythene free status, composting of kitchen and home waste materials, promoting clean and green technologies and organic farming practices in kitchen gardens of residential colonies were organized at Directorate. Organic wastes (litter, leaves of the various plants, weeds etc.) of the premises of Directorate were collected by the officials of the Directorate. About 65 officials of the Directorate which include regular and contractual employees participated. Campaign on cleaning of sewerage and water lines, awareness on recycling of waste water, water harvesting for agriculture/kitchen gardens were also displayed by Directorate during the Pakhwada.

8.9 Kisan Diwas

Kisan Diwas was also celebrated by the Directorate on 23 December, 2019 with 50 invited farmers from various villages near to Jabalpur which are adopted under different programme such as FFP, SCSP, *Mera Gaon Mera Gaurav etc*. Farmers were told about the purpose of organizing *Kisan Diwas* and its importance. Many advanced weed management technologies along with making of compost pit from farm waste and *Swachhta* initiatives were shared with farmers. Awareness campaign was also done in the campus of Wings Convent School, Maharajpur to make students aware about the importance of *Swachhta*. One essay competition was also organized. Demonstration on vermi composting was also done for the farmers from nearby villages.





8.10 दूरदर्शन एवं आकाशवाणी वार्ता

इस अवधि के दौरान, 27 अगस्त, 2019 को टेलीविजन पर निदेशालय के निदेशक डॉ. पी.के. सिंह द्वारा 'फसलीय और गैर–फसलीय स्थिति में गाजरघास प्रबंधन' विषय पर प्रस्तुति दी गई।

8.10 Television and Radio Talks

During the period, on 27 August, 2019 a lecture was delivered on television by the Director of the Directorate Dr. P.K. Singh on the subject 'Management of *Parthenium* in crop and non - crop situation'.

9 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण
TRAINING AND CAPACITY BUILDING

9.1 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी

निदेशालय के वैज्ञानिकों/अधिकारियों, कर्मचारियों, ने अपने ज्ञान को समृद्ध करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया और अपने संबंधित विषय में विशेषज्ञता प्राप्त की। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया गया है:

9.1 Participation in training programme

Scientists/ staff of the directorate participated in training programmes to enrich their knowledge and acquire expertise in their respective discipline. Details of such trainings are given below:

नाम एवं पद Name & Designation	प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme	संस्थान Institution	अवधि Date	बजट का उपयोग (रुपये) Budget utilized (₹)
श्री एम.के. मीणा तक. अधिकारी Mr. M.K. Meena Technical Officer	आत्थिय प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Hospitality Management"	भा.कृ.अनु.प.–रा.कृ.अनु.प्र. अकादमी, हैदराबाद (तेलंगाना) ICAR-NAARM, Hyderabad (Telangana)	26 जून से 02 जुलाई, 2019 26 June to 02 July, 2019	₹ 20204
श्री एम.के. मीणा तक. अधिकारी Mr. M.K. Meena Technical Officer	कम्प्युटर पर हिन्दी के उपयोग हेतु बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम Basic training programme for Use of Hindi on Computer	हिन्दी शिक्षण योजना, जबलपुर Hindi Teaching Scheme Jabalpur (MP)	22–26 जुलाई, 2019 22-26 July, 2019	-
श्री पंकज शुक्ला तक. अधिकारी Mr. Pankaj Shukla Technical Officer	कम्प्युटर पर हिन्दी के उपयोग हेतु बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम Basic training programme for use of Hindi on computer	हिन्दी शिक्षण योजना, जबलपुर Hindi Teaching Scheme Jabalpur (MP)	22–26 जुलाई, 2019 22-26 July, 2019	-
डा. दीपक विश्वनाथ पवांर वैज्ञानिक Dr. Deepak Vishwanath Pawar Scientist	कृषि में बायोंइंफारमेटिकस पर राष्ट्रीय कार्यशाला National Workshop on "Bioinformatics in Agriculture"	भा.कृ.अनु.प.–रा.कृ.अनु.प्र. अकादमी, हैदराबाद (तेलंगाना) ICAR-NAARM, Hyderabad (Telangana)	26–27 जुलाई, 2019 26-27 July, 2019	₹ 14748
श्री प्रेम लाल दाहिया तक. सहायक Sh. Premlal Dahiya Technical Assistant	वाहन रख रखाव सडक सुरक्षा एवं आचरण कुशलता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Automobile Maintenance, Road Safety and Behavioural Skill	भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल (म.प्र.) ICAR-CIAE, Bhopal (MP)	26 जुलाई से 01 अगस्त 2019 26 July - 01 August 2019	₹ 8448
डा. दीपक विश्वनाथ पवांर वैज्ञानिक Dr. Deepak Vishwanath Pawar Scientist	आपदा जोखिम में कमी एवं जलवायु लचीलापन में वानिकी क्षेत्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Forestry sector in Disaster Risk Reduction & Climate Resilience"	ट्रापिकल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्युट, जबलपुर (म.प्र.) Tropical Forest Research Institute, Jabalpur (MP)	05–09 अगस्त, 2019 05-09 August, 2019	₹ 3995
डा. सुभाष चन्द्र वैज्ञानिक Dr. Subhash Chander Scientist	आपदा जोखिम में कमी एवं जलवायु लचीलापन में वानिकी क्षेत्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Forestry Sector in Disaster Risk Reduction & Climate Resilience"	ट्रापिकल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्युट, जबलपुर (म.प्र.) Tropical Forest Research Institute, Jabalpur (MP)	05–09 अगस्त, 2019 05-09 August, 2019	₹ 3995
डा. सुभाष चन्द्र वैज्ञानिक Dr. Subhash Chander Scientist	प्रयोगात्मक डाटा का विशलेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Analysis of Experimental Data"	भा.कृ.अनु.प.–रा.कृ.अनु.प्र. अकादमी, हैदराबाद (तेलंगाना) ICAR-NAARM, Hyderabad (Telangana)	22–27 अगस्त, 2019 22-27 August, 2019	₹ 28273

नाम एवं पद Name & Designation	प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme	संस्थान Institution	अवधि Date	बजट का उपयोग (रुपये) Budget utilized (₹)
श्री जी. आर. डोंगरे सहा. मु. तक. अधिकारी Mr. G.R. Dongre Asstt. Chief Technical Officer	भा.कृ.अनु.प. में राजभाषा हिन्दी के बदलते आयाम Changing Dimensions of official Language Hindi in ICAR	भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय शुष्क बागवानी अनुसंधान संस्थान, बीकानेर, राजस्थान ICAR-CIAH, Bikaner, Rajasthan	30 से 31 अगस्त, 2019 30-31 August, 2019	₹ 12461
श्री भगुन्तें प्रसाद तक. सहायक Sh. Bhagunte Prasad Technical Assistant	"वाहन रख रखाव सड़क सुरक्षा एवं आचरण कुशलता" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Automobile Maintenance, Road Safety and Behavioural Skills"	भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल ICAR-CIAE, Bhopal	24–30 सितम्बर, 2019 24-30 September, 2019	₹ 7625
श्री मैथली शरण हैडाउ सहा. वि. एवं लेखा अधिकारी Sh. Maithile Sharan Hedau AF&AO	"परिसंपत्ति प्रंबधन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम Training programme on "Assets Management"	भा.कृ.अनु.प.– भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ICAR-IARI, New Delhi	6–8 नवम्बर, 2019 6-8 November, 2019	₹ 11834
श्री राजेन्द्र हाडगे सहा. प्रशासनिक अधिकारी Sh. Rajendra Hadge AAO	"भा.कृ.अनु.प. के कोर्ट केश डील करने वाले प्रशासनिक स्टाफ के दक्षता में सुधार" पर कार्यशाला Workshop on "Improving Skills of Administrative Staff of ICAR dealing with Court Cases"	भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर ICAR-CAZRI, Jodhpur	25–27 नवम्बर, 2019 25-27 November, 2019	₹ 12178
श्री जे. एन. सेन वरि. तक. अधिकारी Mr. J.N. Sen Sr. Technical Officer	"टिकाऊ तिलहन और दलहन के स्थाई उत्पादन हेतु बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीको" पर आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम "Model Training Course on Improved Weed Management Technologies for Sustainable Oilseeds and Pulse Production"	भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ICAR-DWR, Jabalpur	11–18 दिसम्बर, 2019 11-18 December, 2019	-
श्री एस. के. पारे वरि. तक. अधिकारी Mr. S.K. Parey Sr. Technical Officer	"टिकाऊ तिलहन और दलहन के स्थाई उत्पादन हेतु बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीको" पर आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम "Model Training Course on Improved weed management technologies for sustainable oilseeds and pulse production"	भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ICAR-DWR, Jabalpur	11–18 दिसम्बर, 2019 11-18 December, 2019	-
श्री के. के. तिवारी तक. अधिकारी Mr. K.K. Tiwari Technical Officer	"टिकाऊ तिलहन और दलहन के स्थाई उत्पादन हेतु बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीको" पर आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम "Model Training Course on Improved Weed Management Technologies for Sustainable Oilseeds and Pulse Production"	भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ICAR-DWR, Jabalpur	11–18 दिसम्बर, 2019 11-18 December, 2019	-
श्री एम. के. मीणा तक. अधिकारी Mr. M.K. Meena Technical Officer	"टिकाऊ तिलहन और दलहन के स्थाई उत्पादन हेतु बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीको" पर आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम "Model Training Course on Improved Weed Management Technologies for Sustainable Oilseeds and Pulse Production"	भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ICAR-DWR, Jabalpur	11–18 दिसम्बर, 2019 11-18 December, 2019	-

9.2 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

वर्ष 2019 के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं का आयोजन किया गयाः–

9.2 Organization of training programme

Following training programme/workshops were organized during the year 2019:-

प्रशिक्षक Training	प्रायोजक Sponsor	अवधि Dates	प्रतिभागीयों की संख्या No. of Participants	पाठ्यक्रम निदेशक Course Director	समन्वयक Coordinator
"तिलहन और दलहन के स्थाई उत्पादन हेतु बेहतर खरपतवार प्रबंधन तकनीको" पर आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम Model Training Course on "Improved Weed Management Technologies for Sustainable Oilseeds and Pulse Production	कृषि मंत्रालय (भारत सरकार) Ministry of Agriculture (Govt. of India)	11 से 19 दिसंबर 2019 11-19 December 2019	27	डॉ. पी.के. सिंह Dr. P.K. Singh	डॉ व्ही. के. चौधरी सह–समन्वयक (1) डा. दिवाकर घोष एवं (2) इंजी. चेतन सी.आर. Dr. V.K.Chaudhary Co-Coordinator Dr. Dibakar Ghosh Er. Chethan C.R.

9.3 अन्य संस्थानों में निदेशालय के वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए व्याख्यान

निदेशालय के वैज्ञानिकों को विभिन्न अवसरों पर व्याख्यान देने के लिए अन्य संस्थानों से कई निमंत्रण प्राप्त हुए। इन अवसरो पर वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए व्याख्यानों का विवरण नीचे दिया गया है:–

9.3 Lectures delivered by scientists in other institutions

Scientists of the Directorate received invitations from other institutions to deliver lectures in different occasions. The details of the lectures delivered by the scientists are given below:

वक्ता Speaker	विषय Topic	प्रशिक्षण/बैठक Training/Meeting	दिनांक Date
डॉ. पी.के. सिंह Dr. P.K. Singh	खरपतवार प्रबंधन के लिए उपयुक्त तकनीक Appropriate technology for weed management	क्षेत्रीय जैविक खेती केन्द्र, जबलपुर (भारत सरकार) द्वारा आयोजित जैविक खेती विषय पर 30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स कार्यक्रम 30 days certificate course programme on organic farming organized by Regional Centre of Organic Farming , Jabalpur (Govt. of India)	24 जनवरी, 2019 24 January, 2019
	संरक्षित कृषि में खरपतवार प्रबंधन Weed management in conservation agriculture	मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित इनपुट डीलरों के लिए एक वर्षीय डी.ए.ई.एस.आई. डिप्लोमा कोर्स के तहत एफ.टी.सी., जबलपुर, म.प्र, शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम One year DAESI Diploma course of MANAGE input dealers organized by FTC, M.P. Govt.	17 फरवरी, 2019 17 February, 2019
	कृषि में खरपतवार प्रबंधन का महत्व Importance of weed management in agriculture	राज्य कृषि विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से विस्तार संचनालय जे.एन.के.वि.वि., जबलपुर द्वारा राज्य कृषि अधिकारियों हेतु आयोजित 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 days training programme for agriculture officers organized by Directorate of Extension, JNKVV, Jabalpur in collaboration with State Agriculture Department M.P. Govt.	20 फरवरी, 2019 20 February, 2019
	कृषि में खरपतवार प्रबंधन Weed management in agriculture	मैनेज हैदराबाद द्वारा इनपुट डीलरों के लिए चलाये जा रहे एक वर्षीय डी.ए.ई.एस.आई. डिप्लोमा कोर्स के तहत के.वी.के., (जे.एन.के.वि.वि), सिवनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम One year DAESI Diploma Course of MANAGE Hyderabad for input dealers organized by KVK, (JNKVV) Seoni	05 मई, 2019 05 May, 2019

वक्ता Speaker	विषय Topic	प्रशिक्षण / बैठक Training/Meeting	दिनांक Date
	खरीफ फसलों में खरपतवार प्रबंधन Weed management in *Kharif* crops	राज्य कृषि विभाग, म.प्र. सरकार द्वारा आयोजित खरीफ कार्यशाला 2019 *Kharif* workshop 2019 organized by State Agriculture Department, M.P. Govt.	18 जून, 2019 18 June, 2019
	खरपतवार प्रबंधन एवं संरक्षित कृषि Weed management and conservation agriculture	इफ्को द्वारा अपने अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 days training programme organized by IFFCO for their officials	27 जून, 2019 27 June, 2019
	फसलीय एवं गैर फसलीय क्षेत्र में गाजरघास का प्रबंधन Management of *Parthenium* in crop and non-crop situation	टी.एफ.आर.आई., जबलपुर द्वारा बेरोजगार स्नातकों के लिए आयोजित इक्कीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम Twenty one days training programme for unemployed graduate organized at TFRI, Jabalpur	13 जुलाई, 2019 13 July, 2019
	फारेस्ट इको सिस्टम में खरपतवार प्रबंधन Weed management in forest eco-system	बेरोजगार स्नातकों के लिए टी.एफ.आर.आई., जबलपुर (आई.सी.एफ.आर.ई., भारत सरकार) द्वारा 30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स प्रोग्राम 30 days certificate course programme for unemployed graduates organized at TFRI, Jabalpur (ICFRE, Govt. of India)	25 अगस्त, 2019 25 August, 2019
	फसल उत्पादन में उन्नत खरपतवार प्रबंधन का महत्व Importance of improved weed management in crop production	एस.सी.एस.पी. योजना के लाभार्थियों हेतु एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर, (राजस्थान) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला Training cum workshop of beneficiary of SCSP programme organized by MPUAT, Udaipur (Rajasthan)	04 अक्टूबर, 2019 04 October, 2019
	खरपतवार विज्ञान की भारत में स्थिति एवं उसका महत्व Status of weed science in India and their importance	जे.एन.के.वि.वि., जबलपुर द्वारा आयोजित आर.के.वी.वाय. वित्त पोषित मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम RKVY funded master trainers training programme organized by JNKVV, Jabalpur	10 दिसम्बर, 2019 10 December, 2019
डॉ. सुशील कुमार Dr. Sushil Kumar	दक्षिण–पूर्व एशिया में आक्रामक खरपतवारों की समस्या The problem of invasive weeds in SE Asia	राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला ''आक्रामक खरपतवार घुसपैठ के लिए पूर्व चेतावनी और तैयार प्रतिक्रिया प्रणाली के विकास के द्वारा दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों में खाद्य सुरक्षा की रक्षा'', 9–10 अप्रैल 2019 Workshop on "Protecting food security in South-East Asian countries by developing early warning and ready response system for invasive weed incursions", 9-10 April 2019, organised by National Institute of Plant Health Management, Hyderabad	09 अप्रैल, 2019 09 April, 2019
	पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित विधियों के माध्यम से बागों में *पार्थेनियम* खरपतवार खतरों का प्रबंधन Management of *Parthenium* Weed Menace in Orchards through ecologically safer methods	आईसीएआर–भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु, भारत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''बागवानी में पादप संरक्षण – अग्रिम और चुनौतिया'' 24–27 जुलाई 2019 International Conference on "Plant protection in horticulture- Advances and Challenges" (ICPPH2019) 24-27 July 2019, ICAR-Indian Institute of Horticultural Research, Bengaluru, India	25 जुलाई, 2019 25 July, 2019
	वन आक्रामक प्रजातियों– वानिकी क्षेत्र की आपदा Forest invasive species - Disaster in forestry sector	''आपदा जोखिम में कमी एवं जलवायु लचीलापन में वानिकी क्षेत्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम'' ट्रापिकल फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्युट, जबलपुर (म.प्र.), 05–09 अगस्त, 2019 Training programme on "Forestry sector in disaster risk reduction & climate resilience" Tropical Forest Research Institute, Jabalpur (MP), 05-09 August, 2019	05 अगस्त, 2019 05 August, 2019

वक्ता Speaker	विषय Topic	प्रशिक्षण / बैठक Training/Meeting	दिनांक Date
	मोबाइल एप्लिकेशन खरपतवार प्रबंधक और खरपतवारों की पहचान के लिए डी डब्लू आर– ई–मॉड्यूल Mobile App-'Weed Manager' and 'DWR e-Modules' for identification of Weeds	दक्षिण एशिया अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा चंडीगढ़, पंजाब, भारत में आयोजित कार्यशाला ''सुनिश्चित शस्यविज्ञान, मशीन लर्निंग और सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी आधारित माध्यमों द्वारा चावल आधारित प्रणाली की लचीलापन और उत्पादकता बढ़ाना'', 26 अगस्त 2019 "Enhancing resilience and productivity of rice based system through precision agronomy, machine learning and ICT based tools", Workshop organised by South Asia International Rice Research Institute, New Delhi, India 26 August 2019, in Chandigarh, Punjab, India	26 अगस्त, 2019 26 August, 2019
	भारत में खरपतवारों के क्लासिकल जैविक नियंत्रण की वर्तमान स्थिति और उसके भविष्य की संभावनाएं Current status of classical biological control of weeds and its future prospects in India	कुचिंग, सारावाक, मलेशिया में आयोजित 27 वें एशियाई–प्रशांत खरपतवार विज्ञान सोसाइटी का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "सतत कृषि और पर्यावरण के लिए खरपतवार विज्ञान" 03–06 सितंबर, 2019 International conference on 27th Asian-Pacific Weed Science Society on "Weed science for sustainable agriculture and Environment" 03-06 September, 2019, Kuching, Sarawak, Malaysia	05 सितंबर, 2019 05 September, 2019
	खरपतवारों का कम्पोस्ट और वर्मीकम्पोस्ट बनाने के लिए उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों द्वारा कुछ खरपतवारों का प्रबंधन Utilization of weeds for making compost and vermicompost and management of some weeds by eco-friendly methods	मृदा विज्ञान विभाग, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर द्वारा आयोजित मृदा स्वास्थय और स्थायी उत्पादकता के लिए वर्तमान चुनौतिया एवं रणनितीया विषय पर सी.ए.एफ.टी. प्रशिक्षण कार्यक्रम CAFT Training programme on 'Current challenges and strategies for management of soil health and sustainable productivity' organized by Department of Soil Science, JNKVV, Jabalpur	25 सितंबर, 2019 25 September, 2019
	2018–19 की अवधि के लिए भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर की मुख्य शोध उपलब्धिया Salient research achievements of ICAR-DWR for the period 2018-19	ए.ए.यू. जोरहट मे आयोजित अखिल भारतीय खरपतवार नियंत्रण एवं अनुसंधान परियोजना–खरपतवार प्रबंधन की 26 वी वार्षिक समीक्षा बैठक 15 से 16 अक्टूबर, 2019 XXVI ARM of AICRP-WM at AAU, Jorhat, 15-16 October, 2019	15 अक्टूबर, 2019 15 October, 2019
	उच्च कार्बन डाइऑक्साइड और तापमान का जैवकारक *जायगोग्रामा बाइकोलोरटा* के जीव विज्ञान, क्षति क्षमता और *पार्थेनियम* खरपतवार की वृद्धि पर प्रभाव Elevated CO_2 and temperature effect on biology and damage potential of bioagent *Zygogramma bicolorata* and growth of *Parthenium* weed.	हैदराबाद, तेलंगानां में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय कांग्रेस ''खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए बाह्य जलवायु परिवर्तन के लिए फसल संरक्षण'' 11–14 नवम्बर, 2019 International Plant Protection Congress on (IPPC-2019) "Crop protection to outsmart climate change for food security & environment conservation" 11-14 November, 2019 Hyderabad, Telangana, India.	12 नवम्बर, 2019 12 November, 2019
